जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



"Ramji ki baat kahu"

There was also a 'purana' ghee for medicinal use. "*Purani chot pe, ya phir haddi tooti ho to uspe malish kar kar dekho, khoon ravaa ho jassi, Ramji ki baat hai.*"

**How to think differently about 'Love'**

Poets, philosophers and scientists all tell stories about the nature of romantic love. It can be liberating to critique them.

# केजरीवाल ने संघ प्रमुख भागवत को ख़त लिखा

## पत्र लिखने का मकसद फरवरी में दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व आर.एस.एस. व भाजपा के बीच मतभेद की खाई और गहरी करना

-श्री नन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जनवरी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री तथा आप के संस्थापक अरविन्द केजरीवाल ने भाजपा के गलत कार्यों के खिलाफ मोहन भागवत को एक शिकायती पत्र लिखकर भाजपा और आर.एस.एस. के बीच एक बार फिर दरार पैदा करने की कोशिश की है।

दिल्ली विधान सभा चुनावों से पहले, केजरीवाल ने भाजपा पर हमले तेज कर दिये हैं क्योंकि भाजपा फरवरी में होने वाले दिल्ली के चुनावों में दिल्ली की सत्ता छीनने की जबरदस्त तैयारी कर रही है। केजरीवाल ने ऐसी रणनीति गत माह उस समय अपनाई थी, जब उन्होंने तेलुगूदेशम पार्टी के प्रमुख एन. चन्द्र बाबू नायडू तथा जनता दल यूनाइटेड प्रमुख नीतीश कुमार को पत्र लिखे थे तथा उनसे अनुरोध किया था कि वे बाबासाहेब अम्बेडकर के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह की "अपमानजनक टिप्पणी को लेकर स्वयं को भाजपा से अलग कर लें।" केजरीवाल ने आज आर.एस.एस. प्रमुख को पत्र भेजा है तथा उनसे पूछा है कि क्या वे भाजपा के अनुचित दाँव-पेचों का समर्थन करते

- **पत्र में केजरीवाल ने भागवत के समक्ष सवाल उठाया कि क्या वे भाजपा के चुनाव जीतने के "हथकण्डों" का, जैसे वोटर में पैसा बांटना, वोटर लिस्ट में से प्रतिद्वंदी पार्टी के वोटरों के नाम कटवाने तथा भाजपा समर्थकों के नाम जुड़वाने का समर्थन करते हैं।**
- **केजरीवाल ने ऐसा ही प्रयास हाल ही में तेलूगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू तथा जे.डी.यू के कर्ताधर्ता नीतीश को लिखकर भी किया था।**
- **केजरीवाल ने दोनों एन.डी.ए. गठबंधन के घटकों को पत्र लिखकर प्रेरित करने का प्रयास किया था कि उन्हें भाजपा का साथ छोड़ देना चाहिये, भाजपा नेता अमित शाह द्वारा बाबासाहेब अंबेड़कर की प्रतिष्ठा गिराते हुए अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण।**
- **भाजपा ने प्रत्युत्तर में केजरीवाल पर आरोप लगाया कि आप व उसके नेता केजरीवाल, गैर कानूनी तरीके से रोहिंग्या व बाँग्लादेशियों को फर्जी दस्तावेज व धन देकर दिल्ली में बसने में मदद करते हैं, क्योंकि ये लोग आप के वोट बैंक हैं।**

हैं, जो भाजपा दिल्ली के मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये अपना रही है। केजरीवाल ने शिकायत की है कि "भाजपा वोट खरीदने के लिये खुले आम पैसे बाँट रही है तथा मतदाता सूचियों से दलित और पूर्वांचल के वोटरों के नाम बड़े पैमाने पर हटाने में लगी हुई है। जहाँ तक भाजपा का प्रश्न है, उसने आप और केजरीवाल पर आरोप लगाया है कि वे दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या तथा बाँग्लादेशियों की दस्तावेजों और पैसों से मदद कर रहे हैं ताकि आगामी चुनावों में उनका उपयोग अपने वोट बैंक के रूप में कर सकें।

अगर केजरीवाल का उद्देश्य एक राजनैतिक बहस छेड़ना, तथा भाजपा की अनुचित रणनीतियों पर दिल्ली के मतदाताओं के मन में भ्रम और असमंजस पैदा करना है, तो आप नेता सफल होते दिखाई नहीं देते। भागवत को लिखे उनके पत्र पर भाजपा ने तत्काल तथा तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने उन्हें सलाह दी है कि वे अपने राजनैतिक उद्देश्यों के लिये मीडिया का ध्यान खींचने के बजाय, आर.एस.एस. से "सेवा भाव" सीखें। त्रिवेदी ने कहा कि आर.एस.एस. से सम्बद्ध संगठन, "सेवा भारती" गरीब लोगों, जिनमें कच्ची बस्तियों में रहने वाले दलित शामिल हैं, के लिये कार्य करने वाला भारत का सबसे बड़ा संगठन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया जायेगा

नई दिल्ली, 01 जनवरी। भारत को अमेरिका में बड़ी सफलता मिली है। 26/11 मुंबई हमले में शामिल पाकिस्तानी मूल के कैनडा कारोबारी तहव्वुर राणा को जल्द ही भारत लाए जाने की संभावना है। राणा के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी कोर्ट ने हरी झंडी दे दी है। अमेरिकी कोर्ट ने अगस्त 2024 में फैसला सुनाते हुए भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत भेजने को मंजूरी दी थी।

राणा पर आरोप है कि उसने 26/11 के मास्टरमाइंड डेविड

- **उसके खिलाफ 26/11 के मुंबई हमले के मास्टर माइंड डेविड हेडली की मदद करने के पुख्ता सबूत हैं।**

कोलमैन हेडली की मदद की थी। हेडली ने मुंबई में ठिकानों की रेकी की थी। इससे पहले भारत ने अमेरिकी कोर्ट के समक्ष मजबूत सबूत पेश किए थे, जिनमें राणा की संलिप्तता साफ देखी गई थी। कोर्ट ने साफ किया कि राणा के खिलाफ भारत में लगे आरोप अमेरिकी अदालतों के मामलों से अलग हैं। दोनों देशों के बीच जो समझौता है उसके तहत राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

एफ.बी.आई. ने राणा को 2009 में शिकागो से गिरफ्तार किया था। अब उसे भारत लाने की तैयारी जोरों पर हैं। कोर्ट ने राणा को आतंकवादी संगठन को मदद करने और डेनमार्क में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की नाकाम साजिश रचने के लिए दोषी करार दिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भाजपा ने मेरे क्षेत्र, नई दिल्ली में "ऑपरेशन लोट्स" शुरु किया है'

## केजरीवाल ने आरोप लगाया कि 15 दिन में वोटर लिस्ट से 5,000 नाम कटवाने व 7,500 नाम जुड़वाने के आवेदन किए गए हैं

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 1 जनवरी। मीडिया से बात करते हुये, केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के चुनावों के लिये, भाजपा के पास न तो कोई विज़न है और न उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा, "भाजपा, बेईमानीपूर्ण तरीके एवं साधनों को काम में लेते हुये, किसी भी तरह चुनाव जीतना चाहती है। लेकिन दिल्ली की जनता ऐसा नहीं होने देगी। जो दाँवपेच उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा में अपनाये थे, हम दिल्ली के चुनाव जीतने के लिये, उन्हें काम में नहीं लेने देंगे।" उन्होंने दिल्लीवासियों से कहा कि वे मतदाता सूचियों नाम चैक करते रहें।

आप नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने नई दिल्ली विधान सभा क्षेत्र, जिसका प्रतिनिधित्व वे (केजरीवाल) करते हैं, में "ऑपरेशन लोटस" शुरू किया है। केजरीवाल ने कहा, "15 दिन में, उन्होंने 5000 मतदाताओं के नाम हटाने के लिये प्रार्थना पत्र दिये हैं तथा 7500 नये नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये आवेदन किया है। मेरे चुनाव क्षेत्र में कुल मतदाता एक लाख छः हजार हैं। फिर चुनाव कराने का मतलब ही क्या है? चुनाव के नाम पर तमाशा हो रहा है।"

- **आप नेता एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, भाजपा ने हरियाणा व महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में जो दांवपेंच खेले, उनसे वह दिल्ली में चुनाव नहीं जीत पाएगी।'**
- **इधर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेव ने आप पर आरोप लगाया कि वह बाँग्लादेशी घुसपैठियों तथा रोहिंग्या शरणार्थियों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ रही है।**

आप नेता ने कहा कि इससे पहले "समरी रिवीज़न" किया गया था तथा चुनाव आयोग ने 29 अक्टूबर को संशोधित मतदाता सूची जारी कर दी थी। "अगर 12 प्रतिशत अन्तर है, जैसा कि भाजपा दावा कर रही है, तो क्या चुनाव आयोग का "समरी रिवीज़न" गलत था?"

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा की योजना है कि बाहर से लोग लाये जायें तथा उन्हें दिल्ली के मतदाता के रूप में पंजीकृत किया जाये।

इन आरोपों का खण्डन करते हुये, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेव ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनावों तथा अगले वर्ष हुये विधान सभा चुनावों के बीच दिल्ली के मतदाताओं की संख्या में बहुत बड़ा उछाल आया था। उन्होंने कहा कि ऐसा ही 2019 के आम चुनावों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मणिपुर संकट कांग्रेस के पुराने पापों की देन है'

## माफी मांगने के तुरंत बाद कांग्रेस को कोसा, मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जनवरी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में हुई हिंसा के लिये माफी माँगने के बाद, कांग्रेस पर पलटवार करते हुये, उसे राज्य की समस्याओं के लिये दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि "वर्तमान अशान्ति का कारण पुराने पाप हैं।" उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के राज्य में न आने का बचाव किया तथा जोर देते हुये कहा कि ये ऐतिहासिक जातीय संघर्ष कांग्रेस नेतृत्व के कारण हुये हैं। उन्होंने पुनर्वास एवं विकास के लिये अपने प्रयासों पर जोर दिया।

2023 में शुरू हुई इस हिंसा के लिए माफी मांगने वाले अपने भाषण में, उन्होंने मणिपुर में ग्रोथ एवं रिकवरी के उपायों का बखान किया था। कांग्रेस नेता

- **बीरेन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी के एक बार भी मणिपुर नहीं आने के कांग्रेस के आरोप के जवाब में कांग्रेस को ही दोषी ठहराया।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा, एक्स पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश को संबोधित किया और कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू.पी.ए. सरकार ने यहाँ बर्मा के शरणार्थियों को बसाया तथा म्यांमार के उग्रवादियों से जो समझौता किया उसी का नतीजा है कि प्रदेश हिंसा की आग में जल रहा है।**

जयराम रमेश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के हिंसा-त्रस्त मणिपुर का दौरा नहीं करने को लेकर की गई मोदी की आलोचना का जवाब देते हुये, बीरेन सिंह ने मणिपुर की वर्तमान चुनौतियों के लिये "कांग्रेस के पापों" को उत्तरदायी ठहराया। उन्होंने राज्य के संघर्षों के पीछे पूर्ववर्ती सरकार के निर्णय बताये।

उन्होंने "एक्स" पर जयराम रमेश को सीधे सम्बोधित करते हुये कहा, "सभी लोग, जिनमें आप भी शामिल हैं, इस बात को जानते हैं कि मणिपुर की वर्तमान अशान्ति कांग्रेस द्वारा अतीत में किये गये पापों का परिणाम है।" उन्होंने बर्मा के शरणार्थियों को बसाने, तथा म्यांमार के उग्रवादियों के साथ "सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन्स" समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने का हवाला दिया। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि इन दोनों कामों की शुरूआत उस समय हुई थी, जब केन्द्र सरकार में पी. चिदम्बरम गृहमंत्री थे।

# अब फ्लाइट में मिलेगा वाई फाई

नई दिल्ली 1 जनवरी। अगली बार आप जब भी एयर इंडिया की फ्लाइट से टेक ऑफ करेंगे तो आप अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप और टैबलेट जैसी किसी भी डिवाइस से वाई-फाई का इस्तेमाल कर सकेंगे। जी हां, एयर इंडिया ने नए साल एक जनवरी से अपने कुछ एयरक्राफ्ट में वाई-फाई सिस्टम शुरू कर दिया है। फिलहाल यह सर्विस अभी चुनिंदा घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट में फ्री में दी जा रही है। लेकिन कुछ दिनों

- **एयर इंडिया ने दस हजार फीट की ऊंचाई पर इंटरनैट सुविधा देने के लिए वाई फाई सर्विस शुरू की है।**

बाद इसका दायरा बढ़ाते हुए यात्रियों से इसका चार्ज लेना शुरू कर दिया जाएगा।

एयर इंडिया के चीफ कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिसर राजेश डोगरा ने बताया कि सर्विस का फायदा प्लेन के जमीन से 10 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद से ही मिलना शुरू होगा। फ्लाइट जब टेक ऑफ और लैंड कर रही होगी, तब वाई-फाई कनेक्ट नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूक्रेन ने यूरोप को रूस से गैस व पेट्रोल की सप्लाई का रास्ता बंद किया

## रूस की गैस व पेट्रोल पाइप लाइन यूक्रेन होकर ही पश्चिमी यूरोप पहुँचती थी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जनवरी। रूस से यूरोपियन देशों को प्राकृतिक गैसों की आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन्स को यूक्रेन ने बंद कर दिया है। इन्हें लम्बे समय से पश्चिमी यूरोप के लिए बेहर संवेदनशील माना जा रहा था, क्योंकि कोई भी छोटी सी गड़बड़ी बड़ा विनाश कर सकती थी।

इसने रूस यूक्रेन संघर्ष को और भी हाई पिच पर पहुँचा दिया है। रूस तेल और गैस सैक्टर से ही प्रतिबंधों का दबाव झेल रहा है, जिसकी वजह से रूस अपना तेल नहीं बेच पा रहा है। रूस से तेल और गैस खरीद पर प्रतिबंध ने रूस के विकल्प सीमित कर दिए हैं।

इन प्रतिबंधों से भी आगे बढ़कर यूक्रेन ने पाइप लाइन बंद कर दी है, जिससे जो चंद यूरोपियन देश रूस से गैस खरीद रहे थे, उन्हें भी आपूर्ति बंद हो गई है। इन कुछ नॉर्थ यूरोपियन देशों ने रूस की गैस पर निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत अपना लिए हैं।

- **गैस पाइप लाइन बंद करने से रूस की आर्थिक नुकसान (5 अरब डॉलर) तो होगा ही, साथ ही इस बर्फीली सर्दी के मौसम में पश्चिमी यूरोप के देशों में घरों को गर्म करने में जरूरी रूसी गैस की सप्लाई से वंचित रहना पड़ेगा।**
- **कई पश्चिमी यूरोप के देश, रूस से गैस प्राप्तकरने के लिये वैकल्पिक रास्ता ढूंढ़ने को मजबूर है, जैसे टर्की होकर नई पाइप लाइन बिछाना, पर, नई पाइप लाईन के अपने जोखिम हैं तथा नई पाइप लाइन फटाफट नहीं बिछायी जा सकती।**
- **सबसे ज्यादा समस्या जर्मनी के सामने है, क्यों, एंजिला मार्केल के चांसलरशिप के समय, जर्मनी ने, अपने लिये गैस के सारे रास्ते बंद करके, केवल रूस से आने वाली गैस पर निर्भर हो गई थी।**

जर्मनी एक प्रमुख उदाहरण है, जो एंजेला मर्केल के शासन में ऊर्जा संबंधी जरूरतों के लिए पूरी तरह से रूस पर निर्भर था, पर अब उसने अन्य विकल्प अपनाने शुरु कर दिए हैं।

यूक्रेन ने कहा है कि उसने अपनी सुरक्षा के मद्देनज़र गैस सप्लाई रोक दी है। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। तब से ही पाइप लाइन बंद होने की आशंका थी। इस कदम से रूस की बेचैनी और बढ़ जाएगी। यूक्रेन से गुजरने वाली पाइप लाइन के जरिए रूस एक साल में 5 अरब डॉलर की गैस बेचता है। इसी पाइप लाइन से गैस मध्य व दक्षिणी यूरोप के कई देशों तक पहुँचती है। अब से यूक्रेन ने पाइप लाइन बंद कर दी है तो इन देशों को कड़ाके की ठंड में पावर ब्लैक आउट का सामना करना पड़ सकता है।

प्राकृतिक गैस आपूर्ति में बाधा पड़ने से इसके दाम भी बढ़ जाएंगे, इससे इन देशों में सरकारों के खिलाफ असंतोष भड़केगा।

यूरोप की ऊर्जा सुरक्षा के लिए यूक्रेन रूट को महत्वपूर्ण लिंक के रूप में देखा जाता था, लेकिन जब से रूस ने यूक्रेन पर हमला किया है। इस पाइप लाइन के भविष्य पर प्रश्नचिंह लगा हुआ था। यूक्रेन पाइप लाइन बंद करने और अपने क्षेत्र से आपूर्ति की अनुमति नहीं देने की धमकी दे रहा था।

रूस की प्राकृतिक तेल एवं गैस कम्पनी गैज़प्रॉम ने रूस से पश्चिमी यूरोप तक गैस भेजने के लिए पाइप लाइन बिछाने का अनुबंध किया था। इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केन्द्र ने फसल बीमा का समय व आवंटन बढाया

नई दिल्ली, 01 जनवरी। केंद्र ने बुधवार को दो फसल बीमा योजनाओं -पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस - को वर्ष 2025-26 तक एक और साल के लिए बढ़ा दिया है। इसके साथ ही प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए 824.77 करोड़ रुपये का एक अलग कोष भी बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय

- **केन्द्र सरकार ने कहा कि दायरा बढ़ाने से 4 करोड़ और किसान लाभांवित होंगे।**

समिति (सीसीईए) की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया।

मोदी ने एक्स पर लिखा, नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बजट 2025-26 में कॉरपोरेट टैक्स रिफॉर्म व एफ.डी.आई. (फॉरैन डायरेक्ट इन्वेस्टमैंट पर फोकस रखेंगी वित्त मंत्री

## टैक्स रिफॉर्म का अर्थ होगा, स्टार्टअप को टैक्स की रियायतें, कॉरपोरेट टैक्स दरों का सरलीकरण तथा फॉरैन इन्वेस्टमैंट को बढ़ावा देने के लिये रियायतें

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जनवरी। बजट पेश होने के दिन करीब आ रहे हैं और ऐसी उम्मीद है कि देश के आर्थिक विकास को और तेज करने के लिए वित्त मंत्री आर्थिक सुधारों की घोषणा कर सकती हैं। वे आगामी केन्द्रीय बज़ट में महत्वपूर्ण कर सुधारों की घोषणा कर सकती हैं और देश की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाने के लिए फॉरैन डायरैक्ट इन्वैस्टमैंट (एफ.डी.आई.) को प्रोत्साहन देने के लिए भी कुछ नए कदम उठाए जा सकते हैं।

जो कदम उठाए जाने की संभावना है, उनमें प्रमुख हैं, स्टार्टअप्स को टैक्स में लाभ देना, कॉरपोरेट टैक्स की रेट को तर्क संगत बनाना और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में एफ.डी.आई. को विशेष प्रोत्साहन देना। व्यवसायिक हित में कदम उठाकर सरकार का लक्ष्य भारत के विकास को गति देना है। विशेष जोर कॉरपोरेट टैक्स सुधार पर और एफ.डी.आई. का प्रवाह बढ़ाने पर दिया जाएगा।

बिज़नैस को आसान बनाने वाले कायदे-कानूनों को प्रोत्साहन दिए जाने की उम्मीद है, खासकर स्टार्टअप्स और छोटे एवं मध्यम आकार के उद्योगों के लिए। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम फल फूल रहा है। सरकार इनको शुरुआत में सहायता देने के लिए लक्षित करों में छूट देगी।

- **स्टार्टअप इकोसिस्टम को और बढ़ावा देने के लिये भी टैक्स रिलीफ की घोषणा कर सकती हैं वित्त मंत्री।**
- **इस प्रकार उभरते सैक्टर, "रिन्युएबल एनर्जी" इलैक्ट्रिक वाहन तथा डिजीटल टैक्नॉलजी, के क्षेत्र में टैक्स रिलीफ दी जायेगी, इस क्षेत्र में पूँजी निवेश बढ़ाने के लिये।**
- **"ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नैस" को मजबूत करने की दृष्टि से टैक्स विवाद निपटाने का रास्ता आसान किया जा सकता है।**

संभावित सुधारों में टैक्नॉलजी, मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन एनर्जी जैसे प्राथमिक क्षेत्र के स्टार्टअप को टैक्स में राहत दी जाएगी। नवाचार को बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में नए व्यवसायों की कर अवकाश अवधि बढ़ाई जाएगी और छोटे उद्योगों के लिए जी.एस.टी. को सरल बनाया जाएगा।

वर्ष 2019 में कॉरपोरेट टैक्स रेट में भारी कटौती की गई थी और इस बार भी सरकार कॉरपोरेट टैक्स में कटौती कर सकती है या नई टैक्स स्लैब घोषित कर सकती है। इन उपायों से ज्यादा उद्योगों को राहत मिल सकती है। खासकर उनको, जिनके ग्रोथ की संभावना ज्यादा है, पर वे इन फायदों तक नहीं पहुँच पा रहे हैं।

उभरते हुए क्षेत्रों जैसे अक्षय ऊर्जा, ई-वाहन और डिजिटल टैक्नॉलजी आदि में भी प्रोत्साहन लागू किए जा सकते है, ताकि इनके लिए एफ.डी.आई. को आकर्षित किया जा सके और इनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाई जा सके।

"ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नैस" को बढ़ाने के लिये वित्त मंत्री टैक्स विवादों के त्वरित हल के लिए कुछ कदम उठाने की घोषणा कर सकती है। इस प्रस्ताव में त्वरित समझौते के लिए एक मजबूत, फ्रेमवर्क बनाना, इंसानी हस्तक्षेप को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बराड़ पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश बने

नयी दिल्ली, 01 जनवरी। सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति हरप्रीत सिंह बराड़ को उसी न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश बनाए जाने के निर्णय की बुधवार को घोषणा की। विधि एवं न्याय मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति हरप्रीत सिंह बराड़ को उसी न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति बराड़ की नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

## विचार बिन्दु

यदि एक मनुष्य की उन्नति होती है तो सारे संसार की उन्नति होती है और अगर एक व्यक्ति का पतन होता है तो सारे संसार का पतन होता है।

–महात्मा गाँधी

# भजनलाल सरकार ने चुनावी फायदे के लिए बनाये नौ जिले ख़त्म किये

राजस्थान में नए जिलों के गठन और फिर निरस्तीकरण को लेकर सियासत गरमाई हुई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि पूर्व की गहलोत सरकार ने अपने चुनावी और निहित राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए तय मापदंडों को ताक पर रखकर जिलों का गठन कर दिया था। वहीं कांग्रेस ने भाजपा सरकार के इस निर्णय का विरोध किया है। बताया जा रहा है कांग्रेस का यह कदम पार्टी के लिए आत्मघाती सिद्ध हुआ। नए जिलों के मतदाताओं ने कांग्रेस का साथ नहीं दिया। यही नहीं महिलाओं सहित आम लोगों को बांटी गई मुफ्त सुविधाओं की रेवड़ी भी कोई काम नहीं आयी। कांग्रेस नेताओं ने नए जिलों और संभागों के गठन को लेकर प्रदेश भर में जश्न मनाया था। कई कांठोस नेताओं ने भाजपा नेताओं पर कई प्रकार के तंज कसे थे।

राजस्थान की भजन लाल सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए अपनी सरकार के गठन के एक साल बाद आखिर पिछली गहलोत सरकार के अंतिम दौर में लिए गए फैसले को पलट कर 17 में से नए बनाए गए 9 जिलों और तीन नए संभागों को खत्म करने का फैसला किया। यह फैसला प्रशासनिक रूप से राज्य के विकास और शासन की दिशा में बदलाव का संकेत है। आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य में 41 जिले और 7 संभाग रह गए है। मुख्यमंत्री भजनलाल ने अपनी मज़बूत इच्छाशक्ति, दृढ़ निश्चय और कड़े फ़ैसले लेने की दिशा में यह बड़ा क़दम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले भाजपा आलाकमान को अपने इस निर्णय से अवगत कराया था। आलाकमान की हरी झंडी मिलते ही एक झटके में 9 जिलों और तीन नए संभागों को खत्म कर दिया। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने नवीन जिलों एवं संभागों का गठन पूरी तरह से राजनीतिक लाभ लेने के लिए किया। सरकार ने 9 ज़िलों और 3 संभाग को निरस्त करने का फ़ैसला ललित के पंवार कमेटी की रिपोर्ट और मंत्रिमंडल समिति के सुझावों के आधार पर लिया।

यह फैसला उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा की अध्यक्षता वाली कैबिनेट सब–कमेटी की सिफारिश पर लिया है। सब कमेटी का गठन राज्य सरकार ने पिछली अशोक गहलोत सरकार के दौरान स्थापित 17 नए जिलों और तीन संभागों की स्थिति की समीक्षा के लिए गठित किया था। जिन जिलों को समाप्त किया गया है उनमें अनूपगढ़, जोधपुर ग्रामीण, जयपुर ग्रामीण, सांचौर, दूदू, शाहपुरा, केकड़ी, नीम का थाना और सांगापुर सिटी शामिल है। फिलहाल बालोतरा, ब्यावर, कुचामन, सलूम्बर, कोटपूतली–बहरोड़, डीडवाना, खैरथल–तिजारा और फलोदी को बरकरार रखा गया है। इसके साथ ही पाली, बांसवाड़ा और सीकर संभागों को ख़त्म किया गया है।

**आलाकमान की हरी झंडी मिलते ही एक झटके में 9 जिलों और तीन नए संभागों को खत्म कर दिया। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने नवीन जिलों एवं संभागों का गठन पूरी तरह से राजनीतिक लाभ लेने के लिए किया। सरकार ने 9 ज़िलों और 3 संभाग को निरस्त करने का फ़ैसला ललित के पंवार कमेटी की रिपोर्ट और मंत्रिमंडल समिति के सुझावों के आधार पर लिया।**

बताया जाता है गहलोत सरकार ने विधान सभा चुनावों से पूर्व नए जिलों के गठन का फैसला लिया थाताकि चुनावी फायदा उठाया जा सके मगर गहलोत सरकार का यह वार भी खाली गया और उनकी सरकार फिर रिपीट नहीं हुई। यह भी बताया गया नए बनाए गए जिले व्यावहारिक नहीं थे और जनता के हित में नहीं थे। यह एक फिजूलखर्ची थी, जिससे सार्वजनिक व्यय में वृद्धि होगी और सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसकी कोई सार्वजनिक उपयोगिता नहीं थी और यह केवल राजनीतिक कारणों से किया गया है। नए जिलों के लिए पिछली गहलोत सरकार ने कार्यालयों में न तो आवश्यक पद सृजित किए और न ही कार्यालय भवन बनवाए। बजट एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई गईं।राज्य सरकार का कहना है गहलोत सरकार के अंतिम समय में आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले जिलों और संभागों का गठन किया गया था, जो व्यवहारिक नहीं था। साथ ही इन जिलों की जनसंख्या और प्रशासनिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया। कैबिनेट की कमेटी ने यह पाया कि इन जिलों का गठन राज्य की विकासात्मक जरूरतों के हिसाब से सही नहीं था, और अब इनका समाप्त होना जरूरी था।

जिले बनाने का काम राज्य सरकारों होता है। इसके लिए कुछ तय मापदंड होते है जिनके पूरे होने पर जिला बनाया जाता है। बताया जाता है गहलोत सरकार ने इन मापदंडों की पालना नहीं की, जिसके परिणाम स्वरुप प्रशासनिक अव्यवस्था फैली। नए जिले बनाने की प्रक्रिया काफी कुछ शहरी आबादी पर भी निर्भर करती है। जिले बनाने का मुख्य मापदंड जनसंख्या और क्षेत्रफल होता है। आमतौर पर एक जिले की आबादी 10 लाख के आसपास होती है। इसलिए अगर किसी जिला मुख्यालय पर आबादी का भार अधिक रहता है तो सरकारें उसे कम करने के लिए नए जिले बना देती हैं। नया जिला बनाने के लिए वहां की आबादी न्यूनतम 2 लाख होनी चाहिए। जनसंख्या अगर इससे कम है तो फिर उसे नया जिला नहीं बनाया जा सकता है। कांग्रेस राज के दौरान अनेक विधायक अपने राजनैतिक लाभ के लिए नए जिले बनाने की लगातार मांग कर रहे थे। कुछ की मांग उचित भी थी मगर गहलोत ने एक साथ 17 जिलों की घोषणा कर लोगों को अचंभित कर दिया। इसकी आलोचना भी हुई मगर गहलोत सरकार अपने फैसले पर अडिग रही। कई प्रशासनिक अधिकारियों और विशेषज्ञों ने बिना सोचे–समझे एक साथ इतने अधिक जिले बनाने को उचित नहीं ठहराया था। इतने जिलों के लिए भारी धनराशि की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। राज्य में भाजपा सरकार के गठन के बाद से कहा जा रहा था कि नए जिलों को ख़त्म किया जा सकता है। आखिर भजनलाल सरकार ने 17 में से 9 जिलों को खत्म करने का निर्णय ले ही लिया।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बालमुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 2 जनवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, श्रवण नक्षत्र रात्रि 11:11 तक, हर्षण योग दिन 2:58 तक, तैतिल करण दिन 11:47 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–मकर, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।


आज रवियोग रात्रि 11:11 से आरम्भ होगा। आज से उर्स मेला अजमेर प्रारम्भ होगा। आज से रज्जब मु.मास 7 शुरू होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:38 तक, चर 11:13 से 12:31 तक, लाभ–अमृत 12:31 से 3:06 तक, शुभ 4:23 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:41

### मेष


व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह


व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

### धनु


व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### वृष


नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या


परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में रचनात्मक कार्य हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है।

### मकर


मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन


अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### तुला


घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ


घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कर्क


परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृश्चिक


परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### मीन


आर्थिक वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगो। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# महाकुंभ–2025 में दिखेगा पुरातन और आधुनिकता का संगम



विनोद पाठक

तीर्थराज प्रयाग में इन दिनों महाकुंभ–2025 मेले की तैयारियां अंतिम रूप ले रही हैं। गंगा, यमुना और संगम तट पर तम्बू नगरी अपना स्वरूप ले चुकी है, लेकिन इस बार का महाकुंभ पिछले सभी कुम्भों से अधिक दिव्य और भव्य होने के साथ आधुनिक भी होने जा रहा है। महाकुंभ–2025 में पुरातन और आधुनिकता की झलक साफ देखने को मिलेगी। महाकुंभ में डिजिटल और आधुनिक तकनीक का प्रयोग मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को नए आयाम प्रदान कर रहा है। पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गंगा पूजन के लिए प्रयागराज आए थे तो उन्होंने कहा था कि पहली बार कुम्भ आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटबॉट का प्रयोग होगा। एआई चैटबॉट कुम्भ सहायक 11 भारतीय भाषाओं में संवाद करने में सक्षम है। उन्होंने सुझाव दिया था कि डाटा और टेक्नोलॉजी के इस संगम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए।

4200 हेक्टयर क्षेत्र में फैले महाकुंभ–2025 मेले में इस बार डिजिटल, इनोवेशन और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी देखने को मिलेगी। सरकार का अनुमान है कि 45 दिनों में 45 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक प्रयागराज पहुंचेंगे, जिनमें भारत के अलावा 100 देशों से लोग पहुंचेंगे। इनकी संख्या का सटीक आकलन करने के लिए ऐप के जरिए डिजिटल एटेंडेंस सिस्टम का प्रयोग किया जा रहा है। रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) और क्यूआर कोड आधारित एंट्री सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह प्रक्रिया भीड़ प्रबंधन को सुगम बनाएगी और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। महाकुंभ की गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए मोबाइल ऐप और पोर्टल बनाए गए हैं। सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए श्रद्धालुओं को जोड़ा जा रहा है। वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के माध्यम से कुंभ स्नान का अनुभव होगा। डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर में वर्चुअल रियलिटी के जरिए लोग समुद्र मंथन तक कर पाएंगे।

स्वच्छ महाकुंभ के लिए डिजिटल प्रयास हो रहे हैं। कचरा प्रबंधन के लिए स्मार्ट बिन्स और आईओटी आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम लग रहा है। रीयल–टाइम डाटा के आधार पर सफाई कर्मचारियों की तैनाती हो रहा है। मोबाइल एप्स के जरिए सफाई की शिकायतें दर्ज करने और उन्हें हल करने की सुविधा विकसित की गई है। क्यूआर बेस्ड टॉयलेट्स की साफ–सफाई का मैकेनिज्म अपनाया गया है। मोबाइल एप्स के जरिए सफाई की शिकायतें दर्ज करने और उन्हें हल करने की सुविधा दी जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल उपाय अपनाए गए हैं। टेलीमेडिसिन सेवाओं के जरिए तत्काल चिकित्सा सहायता कराई जाएगी। डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड और आपातकालीन सेवा के लिए मोबाइल एप तैयार है। कोविड–19 जैसे संक्रमणों की रोकथाम के लिए आरोग्य सेतु जैसे एप उपयोग में लिए जाएंगे।

भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क के साथ आर्टिफिशियल इनटेलिजेंस (एआई) आधारित निगरानी सिस्टम लगाया गया है। ड्रोन तकनीक का उपयोग भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिए हो रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल मैपिंग और जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम काम करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने गूगल मैप के साथ एमओयू किया है। महाकुंभ मेला क्षेत्र के संपूर्ण क्षेत्रों को गूगल मैप के जरिए एक्सेस किया जाएगा। गूगल पहली बार किसी अस्थाई शहर में ऐसी व्यवस्था उपलब्ध करा रहा है। यातायात प्रबंधन के लिए स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम और रीयल–टाइम ट्रैफिक मॉनिटरिंग होगी। श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने के लिए जीपीएस–इनेबल्ड नेविगेशन काम करेगा। पार्किंग की सुविधा के लिए भी डिजिटल टिकटिंग और लोकेशन आधारित सेवाएं रहेंगी।

महाकुंभ में तैनात पुलिसकर्मियों की चुनौतियों को ध्यान में रखकर एक ऐसा एप बनाया गया है, जिसके जरिए उन्हें मेला क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। इसमें रुट्स, महत्वपूर्ण स्थल और पुलिस अधिकारियों के नंबर समेत कई फीचर्स हैं, जो पुलिसकर्मियों के लिए काफी महत्वपूर्ण होंगे। इसे विशेष तौर पर क्राउड मैनेजमेंट के दृष्टिगत निर्मित कराया जा रहा है, जिसके जरिए मेला क्षेत्र में किसी भी आपातस्थिति में क्विक रिस्पॉन्स मैनेजमेंट प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।

सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत महाकुंभ मेला में एडवांस्ड एआई डाटा ड्रिवन डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इस सिस्टम को लागू करने से महाकुंभ पुलिस का सर्विलांस कई गुना अधिक प्रभावी और मजबूत हो जाएगा। इससे सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत भीड़ प्रबंधन समेत विभिन्न पहलुओं की विवेचना करते हुए घटनास्थल और चिह्नित क्षेत्रों के रियलटाइम डाटा को एनालाइज कर प्रभावी स्ट्रैटेजी बनाने में मदद मिलेगी। महाकुंभ के दौरान फेक न्यूज के खिलाफ अभियान चलाने, साइबर अपराध के प्रति जागरुकता और पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन प्लेटफार्म पर प्रसारित करने के लिए डिजिटल वॉरियर्स को तैनात किया गया है। युवा सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स और कॉलेज के छात्रों को जोड़ा गया है।


हरित महाकुंभ के लिए प्रयागराज में 3 लाख से अधिक पौधे रोपे गए हैं। शहर की तरफ जाने वाली 18 सड़कों के दोनों किनारों पर हरित पट्टीकाएं विकसित की गई हैं। महाकुंभ के दौरान शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए गंगा किनारे 15 किलोमीटर लंबे रिवर फ्रंट के निर्माण किया गया है। दशाश्वमेध घाट से फाफामऊ तक गंगा किनारे बने इस रिवर फ्रंट में पर्यटकों के लिए सेल्फी प्वाइंट, रेस्टोरेंट और कैफेटेरिया बनाए गए हैं। रिवर फ्रंट से महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की राह आसान होगी। साथ ही, यह रिवर फ्रंट मुंबई की मरीन ड्राइव जैसा अनुभव प्रदान करेगा और हजारों स्थानीय लोगों के रोजगार का साधन बनेगा।

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का अपठोडेशन किया गया है। ये सेंटर भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और रेलवे स्टेशन निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 2750 नए सीसीटीवी कैमरे, 40 वीएमडीएस, 100 स्मार्ट पार्किंग और एआई कंपोनेंट की मदद से महाकुंभ में निगरानी रखी जाएगी। कुम्भ– 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सेंटर का उद्घाटन किया था।

प्रयागराज नगर निगम में भी अत्याधुनिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) कंट्रोल रूम और नागरिक सुविधा केंद्र बनाया गया है। नगर निगम का पीएमसी 247 मोबाइल एप और डिजिटल वेबसाइट शुरू हो चुका है। अब न सिर्फ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंट्रोल रूम के माध्यम से शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है, बल्कि आमजन को भी सेवाओं के लिए इधर–उधर नहीं भटकना पड़ रहा। श्रद्धालुओं के लिए विशेष डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जैसे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ई–टोकन सिस्टम, आवास और भोजन की बुकिंग के लिए डिजिटल पोर्टल और खोए हुए श्रद्धालुओं को खोजने के लिए फेस रिकग्निशन सिस्टम बनकर तैयार है। देश–दुनिया से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटकों न केवल एक स्थान पर भारत की सभी संस्कृतियों के दर्शन होंगे, बल्कि डिजिटल भारत की नई झलक भी महाकुंभ–2025 में उन्हें देखने को मिलेगी।

**–विनोद पाठक**

# आइये जाने दुनिया में प्रचलित प्रमुख विभिन्न कैलेंडर और उनके इतिहास के बारे में



डॉ. जे. के. गर्ग

चन्द्रमा दिखने के क्रम को हम चन्द्रमा की कलाएं भी कहते हैं। यह कलाएं एक तय समय के बाद अवश्य ही जारी रहती है। इस तरह दिन रात एवं चन्द्रमा की कलाओं को आधारित मानते हुवें महीनों और दिनों की गिनती की जाती है। जैसे हम जानते हैं कि सूर्यास्त के बाद ही तारे और चन्द्रमा दिखाई देते हैं और अन्धकार भी हो जाता है इसीलिए इस अवधि को रात कहा जाता है। सूर्योदय होने पर उजाला होने लगता है जो सूर्यास्त होने तक रहता है अतः इस अवधि को दिन कहा जाता है। यह भी ज्ञात हुआ कि मौसम में बदलाव सूर्य की वजह से ही होता है। सूर्य का एक चक्र एक मौसम से दूसरे मौसम माना जाता है। इसी तरह चन्द्रमा का चक्र एक नये चाँद से दूसरे नये चाँद माना जाता है। चन्द्रमा का चक्र साढ़े उन्नतीस दिनों के अंदर पूरा होता है इसी अवधी को महीना कहा जाता है। दिन रात और महीनों की गिनती हेतु कैलेंडर या पंचांग का जन्म हुआ। अलग–अलग देशों ने अपने–अपने तरीकों से कैलेंडर बनाये क्योंकि एक ही समय में पृथ्वी के विभिन्न हिस्सों के अंदर मौसम और दिन रात की अवधि भी भिन्न–भिन्न होती है। हमारे विशाल देश के अंदर भी लगभग पचास तरह के कैलेंडर प्रचलित है।

विक्रम संवत– विक्रम संवत की शुरुआत 57 ईस्वी (बी.सी) से हुई थी। इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने राज्य स्थापित किया। उन्हीं के नाम पर विक्रमी संवत नाम पढ़ा। इस प्रकार से 2025 ईस्वी में विक्रम संवत 2082 होगा। विक्रम संवत के अंदर साल का प्रथम मास चैत्र शुक्ल एकम या या प्रतिपदा और साल का अंतिम मॉस फाल्गुन होता है। विक्रम संवत अंग्रेजी कैलेंडर से 57 वर्ष आगे होता है। विक्रम संवत के अंदर अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक साधारणतया निम्न प्रकार से महीने होते हैं यथा– चेत्र मास मार्च–अप्रेल में, वैशाख अप्रेल–मई में, जेयेष्ट मई–जून, आषाढ़ जून–जुलाई, सावन जुलाई–अगस्त, भाद्रपद अगस्त–सितम्बर, अश्विन सितम्बर–अक्तूबर, कार्तिक अक्तूबर–नवम्बर, मगसर नवम्बर–दिसम्बर, पोष दिसम्बर–जनवरी, माघ जनवरी–फरवरी और फाल्गुन फरवरी–मार्च। दिवाली और दशहरा कार्तिक महीने के अंदर आते है। वहीं राखी सावन मास के अंदर होती है और होली फाल्गुन मास मे मनाई जाती है।

**विक्रम संवत से जुड़ी धार्मिक और ऐतिहासिक मान्यता**

चैत्र प्रति पदा का विशिष्ट ऐतिहासिक महत्व भी हैं क्योंकि सनातन धर्म की मान्यता है कि चैत्र शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की थी। सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य स्थापित किया। उन्हीं के नाम पर विक्रमी संवत का पहला दिन प्रारंभ होता है। कहते हैं कि प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का दिन यही है। चैत्र प्रतिपदा शक्ति और भक्ति के प्रतीक नवरात्र का पहला दिन भी है। युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ। चैत्र प्रतिपदा ही सिखों के द्वितीय गुरु श्री अंगद देव जी का जन्म दिवस भी है। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की एवं कृण्वंतो विश्वमार्यम् का संदेश दिया। सिंध प्रान्त के प्रसिद्ध समाज रक्षक वरूणावत संत झूलेलाल जी का अवतरण भी इसी दिन हुआ था। सम्राट विक्रमादित्य की भांति शालिवाहन ने हूणों को पराजित कर दक्षिण भारत में श्रेष्ठ राज्य स्थापित करने हेतु यही दिन चुना था। परमपिता परमात्मा सभी मानव मात्र को विक्रम संवत 2079 के अंदर रिद्धि दे, सिद्धि सुख–समृद्धि प्रदान करें। हमारे ह्रदय और अंतरात्मा को ज्ञान से आलोकित करे। हम सभी चिंता मुक्त जीवन जीयें। हमारा जीवन के अंदर कष्ट–दु:ख को दूर रहे, हम अपने स्वजनों और मित्रों से स्नेहपूर्ण व्यवहार करें। हम सभी स्वस्थ रहें। राष्ट्र दिन प्रति दिन उन्नति करें। सभी भारतवासी आपस में स्नेह पूर्वक रहें, एक–दूसरे पर परस्पर विश्वास करें और सौहार्द बनाये रखे। अपने अपने इष्ट देव और आराध्य देव की अनुकंपा बनी रहे।

ग्रेगोरियन या अंग्रेजी कैलेंडर के अंदर साल का प्रथम महीना जनवरी और अंतिम महीना दिसम्बर होता है। संसार के अधिकांश मुल्कों के अंदर ग्रेगोरियन या अंग्रेजी केलेंडर प्रचलित है। अनेक देशों के अंदर नव वर्ष एक जनवरी को धूमधाम हर्षोल्लास के साथ नये वर्ष का स्वागत किया जाता है। 25 दिसम्बर को क्रिसमस का पर्व भी मनाया जाता है।

**शक संवत–** शक संवत को राष्ट्रीय पंचांग बनाने का फैसला 22 मार्च 1957 को लिया गया। शक संवत को राष्ट्रीय पंचांग बनाने के लिये तर्क दिया गया कि इस संवत का उल्लेख प्राचीन शिलालेखों में भी मिलता है। यह भी माना जाता है कि शक संवत का प्रारंभ कुशक राजा कनिष्क के राज्य काल के समय 78 ईस्वी (ऐ.डी) को हुआ था। इसके अंदर साल का प्रथम मास चैत्र शुक्ल एकम या या प्रतिपदा और साल का अंतिम मास फाल्गुन होता है। ग्रेगोरियन या अंग्रेजी केलेंडर से 78 साल पीछे होता है इस तरह 2025 ईस्वी में शक संवत 1947 है।

**हिजरी कैलेंडर–** हिजरी केलेंडर शुक्रवार 16 जुलाई 622 ईसवी के अंदर इस्लामिक या हिजरी कैलेंडर आरम्भ हुआ था। इस केलेंडर के अंदर एक उल्लेखनीय बात है कि इसके अंदर चन्द्रमा की घटती–बढती गति का का संयोजन नहीं किया गया है इस वजह इसके महीने प्रति वर्ष लगभग 10 दिन पीछे खिसकते रहते हैं। इस केलेंडर को हिजरी कहा जाता है क्योंकि मोहम्मद साहिब ने इसी वर्ष अपने अनुयायीयों के संग मक्का को छोड़ करके मदीना के लिये हिजरत की थी। हिजरी केलेंडर के अंदर 12 महीने होते हैं जिसमे 29 और 30 दिन के बाद नया मॉस आरम्भ होता इस तरह एक साल के अंदर 354 दिन होते हैं। मोहर्रम के महीने के अंदर हजरत इमाम हुसैन और उनके मित्रों ने बातिल से युद्ध करते हुए अपनी शहादत दी थी।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# ठंड में ठिठुर रहे आंगनबाड़ी के मासूम, छुट्टी देना भूला प्रशासन

## अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूलों की तरह आंगनबाड़ी के बच्चों की भी छुट्टी की जाए

**हनुमानगढ़,** (निसं)। सर्दी का सितम जारी है, बावजूद इसके नन्हे–मुन्ने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बुलाया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कोई इन्तजाम नहीं होने के कारण नन्हे–मुन्ने बच्चे ठिठुरते रहते हैं। ठंड के कारण अभिभावक भी बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में भेजने से कतराते हैं। अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूलों की तरह आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों की भी छुट्टी की जाए।

वार्ड 36 सी आंगनबाड़ी केन्द्र की पुष्पा अरोड़ा ने बताया कि उनके आंगनबाड़ी केन्द्र में कुल 43 बच्चे हैं। कड़ाके की सर्दी के कारण अधिकतर बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्र में नहीं आ रहे। कुछ बच्चों को वे बुलाकर भी लाते हैं, लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्र में ठंड से बचाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण बच्चे ठंड में ठिठुरते रहते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से होने के कारण इन बच्चों में से कईयों के पास स्वेटर तो कईयों के पास जूते नहीं हैं।

**■ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सर्दी से बचाव के लिए नहीं है कोई इंतजाम**

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र का उद्देश्य है कि बच्चों का कुपोषण दूर हो सके, बच्चे शिक्षा से वंचित न रहें, स्कूल में जाने से पहले कुछ शिक्षित हो जाएं और बैठना सीख जाएं। उनका प्रयास रहता है कि बच्चों को लिखना–पढ़ना सिखाएं और व्यवस्थित रूप से बैठाएं, लेकिन वे सर्दी के कारण बैठ नहीं पाते। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों की छुट्टियां करने के लिए अधिकारियों से कहा गया है।

आंगनबाड़ी 35 सी की कार्यकर्ता आशा देवी ने बताया कि जब वे बच्चों को घर से लाने के लिए जाते हैं तो अभिभावक कहते हैं कि इतनी ठंड में जब बड़े बच्चों के स्कूलों की छुट्टियां चल रही है तो आंगनबाड़ी के बच्चों की छुट्टी क्यों नहीं की जा रही। इस कारण अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर नहीं भेजते। उन्हें भी बच्चों को लाने व घर तक छोड़कर आने में परेशानी होती है। बच्चे इस मौसम में खांसी–जुकाम से पीड़ित हैं। उनके आंगनबाड़ी केन्द्र में कुल 17 बच्चे हैं लेकिन 8 से 10 बच्चे ही आ रहे हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक का है। अधिकारी भी आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों की छुट्टी के संबंध में कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की बात कह रहे हैं।

वहीं, बच्चों के परिजनों ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में बड़े बच्चों के अवकाश हैं, लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों की छुट्टियां नहीं है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सर्दी से बचाव के लिए कोई व्यवस्था न होने के कारण बच्चे ठिठुरते रहते हैं। इससे वे बीमार हो रहे हैं। वे बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर नहीं भेजते। उन्होंने मांग की कि आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों की भी छुट्टी की जाए।

# भीलवाड़ा शहर कोहरे की आगोश में लिपटा रहा

## जिला मुख्यालय के आसपास भी कोहरा छाया रहा और ट्रेनें-बसें देरी से चली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बुधवार की सुबह शहर कोहरे की आगोश में लिपटा रहा और सर्द हवाओं ने सिहरन बढ़ा दी, इसके चलते लोग सुबह काफी समय तक तो बिस्तरों से नहीं निकले और चाय की चुस्कियों का आनंद लेते रहे। जिला मुख्यालय के आस–पास भी कोहरा छाया रहा और ट्रेन और बसें देरी से चली।

मौसम ने बुधवार को अचानक करवट बदली। नए साल के पहले दिन मौसम पूरी तरह से बदला हुआ नजर आया, सुबह लोग उठे तो शहर को कोहरे के आगोश में देखा। खुले मैदान और नदी तालाब के आसपास कोहरा काफी घना था। बुधवार को अधिकतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया था। तापमान में 9 डिग्री की गिरावट आई। शाम के समय भी ठंडक बढ़ गई। लोग अलाव आदि से सर्दी से निजात पाते देखे गए।

कोहरे के कारण हाइवे से गुजरे वाले वाहनों को आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर वाहन धीमी रफ्तार से चले। रोडवेज

**■ नए साल के पहले दिन मौसम पूरी तरह से बदला हुआ नजर आया, सुबह लोग उठे तो शहर को कोहरे की आगोश में देखा**

बसें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वाहन चालकों को हैड लाइट जलाकर आवागमन करना पड़ा। सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से लोग घरों में ही दुबके रहे। स्कूलों का अवकाश होने के कारण बच्चे भी देरी से उठे।

एमजी हॉस्पिटल के डॉक्टर जयराज वैष्णव के अनुसार यह मौसम ह्दय और सांस रोगियों के लिए खतरनाक है। ऐसी स्थिति में उन्हें सावधानी रखना चाहिए। ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लें। इसके अलावा सुबह जल्दी नहीं उठे और खान–पान का विशेष ध्यान रखें। इन दिनों अस्पताल में सांस के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

# जयपुर से पुणे व अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट्स कोहरे के कारण रद्द करनी पड़ी

## चंडीगढ़ से जयपुर पहुंची फ्लाइट भी करीब आधे घंटे तक आसमान में रही, बताया जा रहा है कि घने कोहरे के कारण वह फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट पर लैण्ड नहीं कर पा रही थी




**राजधानी जयपुर में इन दिनों शीतलहर के साथ-साथ रात के समय ओस की बूंदे भी गिर रही है। विद्याधर नगर स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में लगे शेड पर बुधवार सुबह ओस की बूंदे जमी हुई मिली, ऐसा लगा जैसे कुल्लु-मनाली की तरह बर्फबारी हुई हो। जैसे ही धूप खिली तो घास पर ओंस की बूंदे मोतियों की तरह चमकती नज़र आई।** फोटो : राष्ट्रदूत

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में शीतलहर और घना कोहरा छाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। बुधवार को जयपुर से पुणे व अहमदाबाद जाने वाली 2 फ्लाइट को बुधवार सुबह घने कोहरे के कारण रद्द कर दिया गया। वहीं विजिबिलिटी कम होने के कारण चंडीगढ़ से जयपुर आई फ्लाइट करीब आधा घंटा तक आसमान में रही। घने कोहरे के कारण वह जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर पा रही थी।

सूत्रों की मानें तो जयपुर एयरपोर्ट से स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट को सुबह 5.35 बजे पुणे के लिए उडान भरने वाली थी। आखिरी वक्त पर तकनीकी कारणों का हवाला देकर फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। इसी तरह स्पाइसजेट एयरलाइंस की अन्य फ्लाइट अहमदाबाद के लिए सुबह 8.05 बजे उडान भरने वाली थी। परंतु उडान से कुछ देर पहले ही इसे भी रद्द करने का फैसला किया गया। माना जा रहा है कि दोनों फ्लाइट घने कोहरे के कार रद्द किए गए हैं।

> **■ शीतलहर और कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया जयपुर, दृश्यता 40 मीटर से कम होने के कारण सुबह 8-9 बजे तक वाहनों को भी हैडलाइटें जलाकर निकलना पड़ा**

बताया जा रहा है कि बुधवार को घने कोहरे के कारण फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई। इंडिगो एयरलाइंस की चंडीगढ़ से जयपुर की फ्लाइट को लगभग 30 मिनट लैंडिंग के इंतजार में आसमान में ही चक्कर काटना पड़ा। मौसम साफ होने के बाद फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुई।

बुधवार को नए साल पर भी जयपुर शहर कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया। सुबह करीब 8-9 बजे तक सड़कों पर कुछ नजर नहीं आ रहा था। सड़कों पर निकलने वाले वाहन चालकों को भी दिन में भी हैडलाइटें जलानी पड़ी। इस दौरान विजिबिलिटी 40 मीटर से भी कम रही है।

इन दिनों घने कोहरे और शीतलहर से पूरे उत्तर-पूर्वी राजस्थान में कडाके की सर्दी रही। सबसे सर्द दोपहर कल सीकर, अलवर, हनुमानगढ़ और गंगानगर में रही, जहां दिन का अधिकतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। हनुमानगढ़ में कल अधिकतम तापमान 12.3, अलवर में 12.4, सीकर में 12.5 और गंगागनर में 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसी तरह धौलपुर में 13.9 और जयपुर-फतेहपुर में अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उधर राजधानी जयपुर में दिन में हिल स्टेशन माउंट आबू से भी ज्यादा ठंडक रही। माउंट आबू में कल दिन का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि जयपुर में तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहा। जयपुर के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार शाम 4 बजे तक लोगों को सूरज नहीं दिखा। आसमान में घना कोहरा छाने के साथ ही सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन रही। जयपुर मौसम केन्द्र ने आज प्रदेश के शहरों में शीतलहर का हल्का प्रभाव रहने और उत्तरी राजस्थान में कहीं-कहीं हल्का कोहरा छाने की संभावना जताई है।

# अपहरण और मारपीट कर पैसे हड़पने वाली गैंग का पर्दाफाश

> **■ पुलिस ने इस गिरोह के मुख्य आरोपियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया**

**जयपुर** । रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण-मारपीट और रुपये हड़पने वाली गैंग में शामिल दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी इस गैंग के मुख्य आरोपियों के सहयोगी है। यह आरोपित गैंग में शामिल एक महिला से दोस्ती करवा कर अपहरण-मारपीट और दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाकर रुपये हड़पने की वारदात को अंजाम देते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर गैंग के अन्य लोगों के बारे में जानकारी की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व तेस्वनी गौतम ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण-मारपीट और रुपये हडपने वाली गैंग में शामिल आरोपी हेमंत मीना(19) निवासी ग्राम खोहरा-मकरोडा रैणी अलवर एवं सौरभ मीना (19)गोटा निवासी बेजूपाडा दौसा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 26 दिसंबर को परिवादी ने मामला दर्ज करवाया था कि उसकी तीन महीने पहले रवीना नाम की लडकी से दोस्ती हुई थी। 23 दिसंबर को आरोपी युवती जगतपुरा पुलिया के पास मिली और गाडी में बैठ कर साथ में घूमने गई। इस दौरान आरोपी युवती ने अपने साथियों को फोन कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया तो पीड़ित ने युवती को वापस जगतपुरा पुलिया के पास वापस छोड दिया। इसके बाद पीड़ित किसी काम से सेवन नाइट होटल के पास गया था। वहां से वापस घर लौटते समय तीन बदमाशों ने उसे रास्ते में रोका और हथियार की नोक पर उसका अपहरण कर ले गए। आरोपियों ने अपनी साथ युवती रवीना से पीडित के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी दी।

यही नहीं आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट कर बंधक बना लिया। आरोपियों ने पीड़ित को डरा धमकाकर उसके घर फोन करवाया और उसकी पत्नी से 15 लाख तथा एक परिचित से 10 लाख रुपए की फिरौती लेने के बावजूद उसके खाते से भी 9 हजार 500 रुपए जबरन अपने खातों में ट्रांसफर कराने के बाद आरोपियों ने उसे अलवर के पास छोड़कर फरार हो गए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक स्पेशल टीम का गठन कर तकनीकी सहायता की मदद से गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस गैंग के अन्य आरोपियों के बारे में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

# राज्यपाल ने नववर्ष की बधाई दी

**जयपुर** । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से बुधवार को बड़ी संख्या में आम और विशिष्ट जनों ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल बागडे ने भी सभी को बधाई देते हुए सभी के मंगल की कामना की। राज्यपाल बागडे से मिलने के लिए नव वर्ष के पहले दिन प्रात: से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# वार्षिक समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियां

**जयपुर** । झोटवाड़ा रोड बनीपार्क स्थित एस.एस.जी. पारीक पब्लिक सी. सै. स्कूल में विविधता में एकता थीम पर "अभिव्यक्ति 2024" वार्षिक समारोह आयोजित हुआ। नया उत्साह और गुलावी नगरी की कडाके की ठंड के बीच छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा आदि के पारंपरिक नृत्यों पर प्रस्तुति देकर हमारी भूली हुई पुरानी संस्कृतियों को पुन: जीवंत कर दिया। प्रधानाचार्या डॉ. चंदा शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम, हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव एवं विशिष्ठ अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी एवं राष्ट्रीय सचिव लघु उद्योग भारती के नरेश पारीक ने कार्यकम की शुरूआत की। सभी अतिथियों का पारीक कॉलेज प्रबन्ध कारिणी समिति के सचिव लक्ष्मीकांत पारीक, उपाध्यक्ष एन. के. पारीक, कोषाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश पारीक, संयुक्त सचिव गौरव पारीक ने स्वागत सत्कार किया।

# राजस्थान विधानसभा कैलेण्डर का विमोचन

> **■ लोक देवताओं, वीर-वीरागंनाओं और महापुरुषों का उल्लेख है कैलेण्डर में**
>
> **■ भारतीय वर्ष के माह और तिथियों की प्रमुखता से दी गई है जानकारी**

**जयपुर** । राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को विधानसभा में राजस्थान विधान सभा वार्षिक कैलेण्डर 2025 का विमोचन किया।

देवनानी ने कहा कि वर्ष 2025 के कैलेण्डर में लोक देवताओं, वीर-वीरागंनाओ और महापुरुषों का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है।

उन्होंने बताया महापुरुषों के आदर्श आम जन के प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। जिस माह में जिन लोकदेवताओं, वीर-वौरागनाओ और महापुरुषों के पर्व, जयंती आते हैं, उसी माह में उनका उल्लेख किया गया है। इससे आम जन को स्थानीय लोक देवताओं के साथ वीर-वीरागंनाओं के द्वारा किये गये राष्ट्र के लिये बलिदान और त्याग की जानकारी मिल सकेगी। इस मौके पर विधान सभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा और विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा मौजूद थे।

देवनानी ने बुधवार को राजस्थान विधान सभा के सदन को हाईटेक बनाने के लिये किये जा रहे कार्य का अवलोकन किया। देवनानी ने सदन में विधान सभा के प्रत्येक सदस्य की सीट पर लगाये जा रहे टैब, उसके स्टैण्ड और उसको उचित दिशा में लगाये जाने के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिये। देवनानी ने सदन में किये जा रहे अपग्रेडेशन कार्य की विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर विधान सभा के अधिकारीगण मौजूद थे। देवनानी ने बुधवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में उनसे मिलने आये जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को शुभकामनाये दी। देवनानी से विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अनेक विधायकगण और विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई दी।

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को यहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय समर्थ लाल मीणा को उनकी जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित की। पूर्व विधायक नवरंग सिंह, विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, वरिष्ठ उप सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, उप सचिव संजीव शर्मा, सुशील शर्मा, स्वर्गीय मीणा के परिजन सहित विधानसभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय मीणा 24 जुलाई 1998 से 04 जनवरी 1999 तक राजस्थान विधान सभा के 12वे अध्यक्ष रहे। देवनानी ने बुधवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गोपाल सिंह का ह्रदय आघात से हुये आकस्मिक निधन पर विधान सभा में आधे दिवस का अवकाश घोषित किया। देवनानी ने गोपाल सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

# 'अनियमितता संबंधी प्रकरणों की जांच तय समय पर पूरी करें'

**जयपुर** (कासं)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि जिन सहकारी समितियों में अनियमितता सबंधी प्रकरण सामने आए हैं और उनकी जांच सहकारी कानून के तहत धारा 55 या 57 के तहत करवायी जा रही है तो जांच को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

मंत्री गौत्तम कुमार दक ने मुख्यमंत्री कार्यालय एवं सहकारिता मंत्री कार्यालय से प्राप्त विभिन्न शिकायतों के प्रकरणों में विभाग स्तर से की गई कार्यवाही प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि पत्रों में जो भी शिकायत के बिन्दु हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही की जाए तथा लगातार फोलो-अप भी करें ताकि न्यायसंगत कार्यवाही हो सके एवं शिकायत के प्रकरणों में नियमानुसार समयबद्ध राहत को सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता से भी संपर्क कर उसका पक्ष सुने एवं रिकार्ड से सत्यापन करके ही जांच रिपोर्ट दें। यदि किसी भी प्रकरण में जांच अधिकारी द्वारा फौरी तौर पर बिना रेकार्ड सत्यापित किये जांच रिपोर्ट दी गई है तो ऐसे अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

# 'तू इधर-उधर की न बात कर, यह बता कि कारवां कहां लुटा?'

## भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल ने शायराना अंदाज में अशोक गहलोत से सवाल किया

> **■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने बीते 1 साल में क्रांतिकारी कार्य किए, जनता को दिया सुशासन : डॉ. अग्रवाल**

**जयपुर** (कासं)। भाजपा के राजस्थान प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल ने शायराना अंदाज में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा। उन्होंने गहलोत पर हमलावर होते हुए कहा कि, "'तू इधर-उधर की न बात कर, पहले यह बता कि कारवां कहां लुटा?"


उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अशोक गहलोत को राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 में यहां की जनता बता चुकी है कि उन्होंने प्रदेश में कितनी मेहनत की। गहलोत ने कितनी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ सरकार चलाई, इसका भी जवाब दे दिया। ऐसे में गहलोत को यह विचार करना चाहिए कि उनकी सरकार जनता की निगाह में असफल क्यों हुई ? राजस्थान में भाजपा की सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाने वाले अशोक गहलोत को बैठकर मूल्यांकन करना चाहिए, हमारा चुनाव 4 साल बाद है, हम चुनाव में पहले से अधिक सीटें लेकर आएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने बीते 1 साल में राजस्थान में कई क्रांतिकारी कार्य किए हैं, जनता को सुशासन दिया है। हम उनके नेतृत्व में इस बार 160 से 170 सीटें जीतेंगे। अशोक गहलोत पराजय बोध में है। यह कहा जा सकता है कि खिसियानी बिल्ली....।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने देश-प्रदेशवासियों को वर्ष 2025 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का पिछला एक वर्ष का कार्यकाल सफलतम रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले एक साल में जो क्रांतिकारी कार्य किए है वो आज तक किसी भी सरकार ने नहीं किए। भाजपा सरकार ने राजस्थान के विकास के नए आयाम स्थापित किए, वहीं राजस्थान में अपराध पर अंकुश लगाने का कार्य, भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रदान करने के साथ समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन करने का ऐतिकासिक कार्य 2024 में किया गया। ऐसे में यह भी तय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार अगले विधानसभा चुनावों में भी भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

इससे पूर्व डॉ. अग्रवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने की और संगठन पर्व प्रदेश संयोजक नारायण पंचारिया उपस्थित रहें। बैठक में डॉ अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों को संगठन पर्व कार्यक्रम सुचारू एवं समयबद्ध रूप से चलाने के लिए निर्देशित किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संगठन पर्व की समीक्षा की और आगामी नगर पालिका के उप चुनाव के बारे में चर्चा की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, बाबा बालकनाथ, सरदार अजयपाल सिंह, सीआर चौधरी, मोतीलाल मीणा, ज्योति मिर्धा, नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, भूपेंद्र सैनी, अजीत मांडण, मिथिलेश गौतम, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, रजनीश चनाना उपस्थित रहे।

# देवनानी ने किए मोतीडूंगरी गणेशजी के दर्शन



**स्पीकर वासुदेव देवनानी ने नववर्ष पर मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया।**

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष से वर्ष 2025 के प्रथम दिन पक्ष-प्रतिपक्ष के नेताओं ने मुलाकात की।

देवनानी से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मिलकर वर्ष 2025 के आरंभ होने पर बधाई दी। देवनानी ने भी मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। देवनानी ने वर्ष 2025 की शुरुआत के प्रथम दिवस पर मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

देवनानी ने 16वीं राजस्थान विधानसभा के आने वाले तीसरे सत्र के शांतिपूर्ण संचालन और सार्थक चर्चा होने के लिए भी ईश्वर से कामना की। देवनानी ने कहा है कि वर्ष 2025 की शुरुआत के प्रथम दिवस पर शहर के विभिन्न आध्यात्मिक स्थलों पर जन सैलाब पहुंचा। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक स्थलों पर लोगों का इतनी बड़ी संख्या में पहुंचना सनातन में जन श्रद्धा के बढ़ने का परिचायक है। देवनानी ने बताया कि मोती डूंगरी गणेश मंदिर में जब वे दर्शन के लिए पहुंचे तब वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# 'कांस्टेबल भर्ती के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की तैयारियां पूरी करें'

**जयपुर** (कासं) । उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा राज्य सरकार के विरुद्ध दर्ज कांस्टेबल भर्ती 2023 से संबंधित सभी रिट याचिकाओं को खारिज कर देने के उपरांत पुलिस मुख्यालय ने कांस्टेबल भर्ती 2023 में सफल रहे अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी करने के लिए सभी जिलों के एसपी एवं जयपुर व जोधपुर कमिश्नरेट के डीसीपी को आगामी रोजगार उत्सव से पहले समस्त औपचारिकताएं आगामी 3 दिनों के अंदर पूरी करने के दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस मुख्यालय में सभी प्रशिक्षण संस्थानों को भी प्रशिक्षण संबंधित तैयारियां रखने को कहा है। अतिरिक्त महानिदेशक बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 39/2023 विकास बाजिया व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर ने 12 दिसंबर 2024 को निर्णय देते हुए एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 20250/2023 द्वारा सौरभ कुमार व अन्य बनाम राज्य सरकार व 118 याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

# 'सी.एस.आर. फंड का उपयोग समाजिक हित में होना चाहिए'

**जयपुर** (कासं)। वित्त सचिव राजस्व डॉ. रविकुमार सुरपुर ने कहा है कि सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को व्यापक सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए कोरपोरेट सोशियल रेस्पांसबिलिटी में उपलब्ध राशि का उपयोग किया जना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएसआर में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों से प्रदेश के सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, स्पोर्टस जैसे जनहितकारी गतिविधियों में भागीदारी निभाई जा सकती है। सीएसआर गतिविधियों के उपयोग पर चर्चा करते हुए डॉ. सुरपुर ने कहा कि अच्छी मात्रा में सीएसआर बजट प्रावधान वाली संस्थाओं, निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को लीक से हटकर जनहित के कार्यो को प्राथमिकता देनी चाहिए। वित्त सचिव राजस्व डॉ. सुरपुर राजस्थान स्टेट गैस लि. की सीएसआर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि थीम बेस कार्यों के साथ ही आंगणबाड़ी या स्कूलों में कराए जाने वाले कार्यों में इस तरह के कार्यों का भी चयन किया जाए जिससे संस्कारीकरण भी हो सके। उन्होंने कहा कि आरएसजीएल की तरह से प्रदेश के उद्योगों, राजकीय उपक्रमों व निजी कंपनियों के पास उपलब्ध सीएसआर राशि का उपयोग करते हुए क्षेत्र विशेष की आवश्यकता व मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाये जाएं।



**जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से बुधवार को लोकायुक्त प्रताप कृष्ण लोहरा ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को लोकायुक्त राजस्थान का 36 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर लोकायुक्त सचिवालय के सचिव गौरीशंकर शर्मा भी उपस्थित रहे।**



**भाजपा के हरियाणा संगठन प्रभारी और राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने नववर्ष पर प्रदेशभर से पधारे हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं, आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से जयपुर में राणी सती नगर स्थित जनसंवाद केंद्र पर मुलाकात कर रामा-श्यामा की। प्रदेशभर से पधारे कार्यकर्ताओं के साथ सतीश पूनियां ने चाय, पकौड़ी-जलेबी, मिठाई के जलपान के साथ संवाद किया।**

# राजस्थान में नये "को-ऑपरेटिव कोड" के लिए मंथन

> **■ अन्य राज्यों के सहकारी कानूनों के प्रभावी प्रावधानों का भी होगा समावेश**

**जयपुर** । सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश में सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता स्थापित करने एवं त्वरित कार्य निष्पादन के लिये नये सहकारी कोड में प्रावधान किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रदेश में सहकारिता को सर्वसुलभ बनाते हुये इसके सहज एवं स्वत: विस्तार को सुनिश्चित करना है। प्रदेश का कोई भी नागरिक सहकारिता के माध्यम से मिलने वाले लाभ से वंचित नही रहना चाहिये इसके लिये सहकारी कानून में समयबद्ध सीमा में सदस्यता प्रदान करने का प्रावधान किया जावे।

सहकारिता विभाग के अधिकारियों सहित अभिभाषकों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ अपेक्स बैंक में आयोजित ब्रेन स्टॉर्मिंग बैठक में सहकारिता मंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, गुजरात सहित मध्यप्रदेश राज्यों के सहकारी कानूनों का अध्ययन कर सहकारिता प्रसार के लिये युक्तियुक्त प्रावधानों का राजस्थान के परिपेक्ष्य में उनका मसौदा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गृह निर्माण सहकारी समितियों और क्रेडिट सहकारी सोसायटियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता स्थापित करने के लिये प्रावधानों पर विचार किया गया। इसके लिये संबंधित विभागों के प्रावधानों और सहकारिता की भूमिका के मध्य सामंजस्य स्थापित करते हुये कोऑपरेटिव कोड में अध्याय जोडे जायेंगे।

दक ने बताया कि नये को-ऑपरेटिव कोड में सहकारिता के मूल सिद्धान्तों को आधार बनाते हुये खुली एवं स्वैच्छिक सदस्यता, सदस्यों की आर्थिक सहभागिता, सदस्यों का लोकतांत्रिक नियंत्रण, सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण तथा सहकारी संस्थाओं के मध्य सहकारिता को सुनिश्चित करने के लिये प्रावधानों को संशोधित एवं परिवर्धित करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता मंजू राजपाल ने कहा कि नये को-ऑपरेटिव कोड में हमारा फोकस कार्यनिष्पादन सीमा को न्यूनतम स्तर तक लाते हुये सदस्यों को त्वरित एवं न्याय संगत कार्यवाही को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आमजन को सहकारी सुविधाओं और योजनाओं तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिये सभी जिला इकाइयों एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में हेल्प डेस्क बनाई जायेंगी। राजपाल ने कहा कि नये को-ऑपरेटिव कोड को इस प्रकार बनाया जा रहा है जिसमें सहकारी संस्थाओं की स्वायत्तता को अक्षुण्ण बनी रहे और निर्वाचित पदाधिकारी संस्था की निर्णय प्रक्रिया में अधिकाधिक भाग लेकर एक सबके लिये, सब एक के लिये के मूलमंत्र के आधार पर कार्य कर सकें।

# बोलेरो गाड़ी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, युवक जिंदा जला

## घटना का पता आसपास के लोगों को सुबह चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी

**खिरोड़, (निसं)।** बसावा गांव की धोली डूंगरी के पास बटारों की ढाणी में मंगलवार रात को बोलेरो गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग से उसमें सवार युवक जिंदा जल गया। जानकारी के अनुसार बोलेरो गाड़ी में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई, जिससे गाड़ी में सवार युवक नेमीचंद (44) पुत्र मोहनलाल जिंदा जल गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार की रात बटारों की ढाणी निवासी नेमीचंद किसी काम से बाहर गया था और घर लौट रहा था। रास्ते में घर के पास ही उसकी बोलेरो गाड़ी में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। गाड़ी में अचानक एक साथ आग लगने से नेमीचंद बाहर नहीं निकल सका और अंदर जलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना का पता आसपास के लोगों को सुबह चला तो उन्होंने रास्ते में गाड़ी को जली हुई हालत में देखा।



आग से बोलेरो गाड़ी जलकर राख हो गई।

ग्रामीणों ने तुरंत गोठड़ा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोठड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने गाड़ी से नेमीचंद का जला हुआ शव बरामद किया और उसे परसरामपुरा के सरकारी अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया।

- **अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा**

मौके पर एक बोलेरो गाड़ी जली हुई अवस्था में मिली। बोलेरो गाड़ी में नेमीचंद पुत्र मोहनलाल का शव मिला है। नेमीचंद का शव पूरी तरह से जल चुका था। मृतक नेमीचंद के भाई भंवरलाल ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि उसका भाई रात को गाड़ी से कहीं जाकर आया था उसे करीब 300 मीटर दूर रास्ते के पास में ही गाड़ी में जली हुई अवस्था में मिला और गाड़ी भी पूरी तरह से जल चुकी थी।

# पूर्व राजपरिवार से जुड़े मामले में देवस्थान विभाग ने अपना ही फैसला बदला

## भाजपा विधायक सिद्धि कुमारी को झटका, पूर्व ट्रस्टियों को बहाल किया



बीकानेर के एक होटल में प्रिसेंस राज्यश्री कुमारी ने पत्रकार वार्ता की।

**बीकानेर, (निसं)।** पूर्व राजघराने के संपत्ति विवाद को लेकर बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी को बड़ा झटका लगा है। कुछ समय पूर्व देवस्थान विभाग ने भाजपा विधायक सिद्धि कुमारी के पक्ष में फैसला दिया था, लेकिन अब उसी देवस्थान विभाग ने अपने ही फैसले को पलट दिया है, जिससे एक बार फिर राज्यश्री कुमारी के प्रभाव वाले ट्रस्ट को मजबूती मिल गई है। देवस्थान विभाग आयुक्त की और से जारी आदेश के बाद बुधवार को एक होटल में प्रिसेंस राज्यश्री कुमारी ने अपने वकीलों के साथ प्रेस कान्फ्रेंस में अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि उनका न्याय व्यवस्था पर पूरा यकीन है और हम सही हैं, इसलिए हमें डरने की जरुरत नहीं, हम न्यायिक व्यवस्था में विश्वास और आस्था रखते हैं। उन्होंने कहा कि देवस्थान विभाग के आदेश के बाद वे ट्रस्ट के कार्यालय में उचित समय पर जायेगी। वहीं जूनागढ़ सहित ट्रस्ट कार्यालयों के बाहर पुलिस व बाउन्सर तैनात करने को राज्यश्री कुमारी ने सिद्धि कुमारी द्वारा राजनीति का नाजायज फायदा उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट उनके बाप दादा के हैं और उनकी मंशा के अनुसार ट्रस्ट को चलाया जा रहा है और आगे भी चलाया जायेगा।

- **न्याय व्यवस्था पर पूरा यकीन है और हम सही हैं, इसलिए हमें डरने की जरुरत नहीं : राज्यश्री कुमारी**

देवस्थान विभाग ने पिछले दिनों दिए अपने एक आदेश में मुंबई हाईकोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए लिखा है कि राज्यश्री कुमारी उक्त परिवार की वरिष्ठतम सदस्य हैं। ट्रस्ट में मौजूदा राज्यश्री कुमारी, मधुलिका कुमारी, रीमा हुजा एवं हनुवंत सिंह वर्किंग ट्रस्टी व सिद्धि कुमारी पंजीबद्ध ट्रस्टी देवस्थान विभाग में दर्ज है। उनके द्वारा सिद्धि कुमारी ट्रस्टी पद से हटाए जाने का प्रस्ताव बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की मीटिंग में पारित रिकार्ड पर है। परंतु इस तथ्य को इग्नोर कर देवस्थान विभाग के अधीनस्थ कार्यालय ने अकेले सिद्धि कुमारी के अधिवक्ता के वाक्यों को सही मानकर स्वीकार किया है, जो विधि सम्मत नहीं है। तब आवेदन करने वाले हनुवंत सिंह के हस्ताक्षर को स्वीकार नहीं किया गया, ऐसे में देवस्थान विभाग के आयुक्त ने सवाल उठाया है कि हनुवंत सिंह के हस्ताक्षर को मान्यता नहीं देने के कारण बताए बिना ही निर्णय कर दिया गया। देवस्थान विभाग के आयुक्त ने अपने निर्णय में साफ कहा है कि अधीनस्थ कार्यालय ने तथ्य को इग्नोर करते हुए आदेश कर दिए, जो विधि विरुद्ध है। देवस्थान विभाग के आयुक्त वासुदेव मालावत ने पूर्व में हुए देवस्थान विभाग के आदेश को निरस्त कर दिया है। इस आदेश को विधि विरुद्ध बताते हुए निरस्त करने के आदेश दिए गए हैं।

# देरवाला में 11 साल से सड़क किनारे खुला छोड़ रखा है बोरवैल



देरवाला में सड़क किनारे खुला पड़ा बोरवैल हादसों को न्यौता दे रहा है।

**झुंझुनूं, (निसं)।** देरवाला में 11 साल से सड़क किनारे बोरवैल को खुला ही छोड़ रखा है। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पंचायत देरवाला में मुख्य सड़क किनारे काजी बस्ती के सामने खेलते बच्चे कब खुले पड़े बोरवैल में गिरने हादसे का शिकार हो जाये, इसका भगवान ही मालिक है। साथ इस बोरवैल के पास में बने पीलर यानी खंभे और कोटड़ी सड़क हादसे को दावत दे रहे हैं। वहीं 11 साल से इस तरफ न जिम्मेदार जलदाय विभाग का ध्यान है न ग्राम पंचायत का।

- **11 साल से जलदाय विभाग और ग्राम पंचायत का कोई ध्यान नहीं है**

इस बोरवैल के सामने बने घरवालों ने सड़क की सीमा पर चारदीवारी करने पर यहां से गुजरने वाले साधनों के लिए दुर्घटना की आशंका को ओर अधिक बढ़ जाती है। बोरवैल के पास बनी इसकी कोटड़ी के पास अवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है, जो रात को आने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण बन रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कोटड़ी और बोरवैल के कारण संकरी हो चुकी रोड़ पर दुर्घटना की कई घटनाएं घटित हो चुकी है। कोटड़ी की ओट में आवारा पशु खड़े रहते हैं जो तेज गति से आ रहे वाहनों के सामने आ जाने से दुर्घटना हो जाती है।

# हुड़दंग करते 17 जने गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** नव वर्ष के दौरान शराब पीकर हुडदंग करने वाले सत्रह आरोपियों को अम्बामाता थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीखक कैलाश चन्द्र बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित पुलिस दल ने नव वर्ष के दौरान गश्त करते रानी रोड़, देवाली, फतहसागर, झील किनारे सहित विभिन्न स्थानों पर शराब के नशे में हुडदंग करते एवं पटाखे छोड़ते मिले 17 आरोपियों को गिरफ्तार 5 वाहन जब्त किए।

# पूर्व पार्षद व भाई के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने पूर्व पार्षद व उसके भाई के खिलाफ पीड़ित से नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित अर्जुन लाल मेघवाल पुत्र भगवान लाल मेघवाल निवासी वृन्दा विहार कालका माता रोड़ ने आरोपी पूर्व पार्षद हिरणमगरी निवासी लवदेव बागड़ी पुत्र सत्यनारायण व उसके भाई देशराज बागड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2017 में 20 माह की वीसी का संचालन शुरू किया था, जिसमें लवदेव व उसके भाई देशराज भी सदस्य थे। उन्होंने अपने अपने हिस्से की वीसी को उठा लिया। जिसके एवज में कुछ किश्तों का भुगतान कर शेष रही किश्तों के करीब 6 लाख 50 हजार रूपये से अधिक का भुगतान नहीं किया।

- **पीड़ित ने थाने में नकदी हड़पने का मामला दर्ज कराया**

उक्त नकदी की मांग करने पर आरोपी टालमटोल करना शुरू कर दिया तथा कुछ समय बाद नकदी देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# दुकान से लाखों के मोबाइल चोरी

## गंज थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात हुई

**अजमेर, (कासं)।** गंज थाना क्षेत्र में बोराज चौराहा स्थित एक मोबाइल दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। चोर दुकान में छत के रास्ते से आए और दुकान में प्रवेश किया। अज्ञात चोरों ने विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ किया। चोरों ने गल्ले में रखे 18 हजार रुपए भी चुरा लिए। दुकान संचालक रिंकू ने चोरी की शिकायत गंज थाना पुलिस को दी।

- **चोरों ने विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ किया, चोरों ने गल्ले में रखे 18 हजार रुपए भी चुराए**

दुकान संचालक रिंकू ने बताया कि बुधवार सुबह जब उसने दुकान खोली तो सामान फैला हुआ था और कीमती मोबाइल सहित एसेसरीज गायब थी। सूचना मिलते ही एएसआई राजेन्द्र प्रसाद मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस ने बताया कि बीती रात चोरों ने छत के रास्ते से प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया।




दुकान संचालक ने चोरी की वारदात की जानकारी दी।

# अवैध मादक पदार्थ सहित तीन जने गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान कार चालक से अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए बरामद कर गिरफ्तार किया। अन्यत्र सूरजपोल थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशिटर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एमडीएमए बरामद किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी मुकेश सोनी के नेतृत्व में एसआई देवीलाल, कांस्टेबल विजयसिंह देवीलाल, सोहनलाल मय टीम मंगलवार रात में शास्त्री सर्कल से गश्त करते हुए अशोकर नगर, आयड़, दुर्गानर्सरी रोड, कुम्हारों का भट्टा होते हुए सेवाश्रम पहुंचे, जहां बिना नंबर की कार चालक पुलिस को देख कार लेकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने दबोच कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम रूखसार थाना रतनगढ़ चूरू निवासी श्रवणसिंह पुत्र मंगेजासिंह राजपूत बताया। जिसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 30.31 ग्राम अवैध एमडीएमए मादक पदार्थ मिला। पूछताछ करने पर मादक पदार्थ नोखा बीकानेर निवासी भवानीसिंह तथा उदयपुर निवासी शुभम से लेकर आने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी श्रवण को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से मादक पदार्थ, कार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

वहीं अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेशओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के नेतृत्व में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह, प्रभारी जिला स्पेशल टीम श्यामसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने रेल्वे कॉलोनी के पीछे माछला मगरा रोड से आरोपी मो. साबिर उर्फ साहिल पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी खेरादीवाड़ा हनुमानजी मंदिर के पास सूरजपोल तथा मो. फरहान उर्फ फैसल पुत्र मो. सिद्दीक निवासी मेवाफरोश कुंजरवाड़ी धानमंडी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 3.16 ग्राम बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया। मो. साबिर उर्फ साहिल हिस्ट्रिशिटर होकर उसके खिलाफ सात अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, मो. फरहान के खिलाफ दो अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

# रजब का चांद दिखाई देने के साथ ही ख्वाजा का 813वां उर्स शुरू

## दिल्ली से अजमेर पहुंचा कलंदरों का जत्था, हैरतअंगेज करतब दिखाए

**अजमेर, (कासं)।** रजब का चांद दिखाई देने के साथ ही सूफी संत अजमेर वाले ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह का 813वां उर्स बुधवार से शुरू हो गया। उर्स पर मजार शरीफ के गुस्ल की रस्म का समय बदल गया और महफील खाने में दरगाह दीवान जैनुल आबेदीन की सदारत में महफिल शुरू हो गई। इस हिसाब से जुम्मे की नमाज 3 जनवरी को होगी। उस दिन चांद की दो तारीख होगी।

जानकारी के अनुसार इस कड़ाके वाली सर्दी में दिल्ली स्थित कलिहर शरीफ महरौली 28 दिनों की यात्रा कर कोहरे में कलंदरों व मलंगों का जत्था बुधवार सुबह अजमेर पहुंचा। ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें सालाना उर्स का पैगाम देते देश के विभिन्न हिस्सों आए कलंदर, मलंगों के दल ने हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए ख्वाजा साहब की दरगाह में छड़ियां सहित चादर पेश की। हजरत इनाम हसन गुदड़ीशाह बाबा की अगुवाई में उस्मानी चिल्ले से कलंदरों व मलंगों का जुलूस गाजे-बाजे व ढोल-ढमाकों के साथ निकला जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ ख्वाजा साहब की दरगाह पहुंचा। जुलूस में कलंदर करतब दिखाते हुए चल रहे थे।



ख्वाजा साहब की दरगाह पर मलंग व कलंदरों ने छड़ियां पेश की।

करीब 445 किलोमीटर का पैदल सफर तय अजमेर पहुंचे कलंदरों व मलंगों की टोलियां का जुलूस चिल्ले से शुरू हुआ, जुलूस का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर छड़ी व चादर पेश की। जायरीन और लोगों ने कलंदरों की तलवारों, नुकीले कीलों पर नोट चढ़ाए। 28 दिनों का पैदल सफर तय करने वाली मलंगों की ये जमात ग्राम गगवाना होते हुए बुधवार सुबह गंज ऋषि घाटी स्थित गुदड़ीशाह के चिल्ले पहुंची, गद्दीनशीन इनाम साहब छड़ी लाने वालों की मेहमान नवाजी की। गद्दीनशीन की ओर से मलंगों को भोजन व चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाई गई।

- **जन्नती दरवाजा खुला, जियारत के लिए जायरीनों की भीड़ उमड़ी**

**जन्नती दरवाजे से निकलने की मची होड़:-** ख्वाजा साहब के सालाना उर्स के मौके पर छह दिनों के लिए जन्नती दरवाजा आम जायरीन के लिए बुधवार अलसुबह खोल दिया गया। जन्नती दरवाजे में से जाने के लिए जायरीन में होड़ सी मच गई।

**कुल की रस्म 7 को :-** उर्स में कुल की रस्म 7 जनवरी को होगी, महफिल खाने में कुरानख्वानी, कव्वाल रंग और बधावा पढ़ेंगे जाएंगे तथा दोपहर एक बजे फातिहाख्वानी होगी। दरगाह कमेटी दरगाह दीवान की दस्तारबंदी की जाएगी। दीवान परिवार के साथ आस्ताना शरीफ में कुल की रस्म अदा करेंगे, इसके बाद जन्नती दरवाजा बंद किया जाएगा। कुल की रस्म के बाद देशभर से आए कलंदर-मलंग दागोल की रस्म अदा करेंगे। दीवान कलंदरों-मलंगों की दस्तारबंदी करेंगे।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ सहित व्यापारिक संगठन गंज के पदाधिकारियों ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर आने वाले सैकड़ों कलंदरों का पुष्पवर्षा करके आतिशबाजी की, कलंदरों को चाय पिलाई गई। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के उपाध्यक्ष और व्यापारिक संगठन गंज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश अगन छबलानी महासंघ के रमेश लालवानी, दिनेश कुमार टांक, सननी अगनानी, बदरुद्दीन कुरैशी, गोविंद लालवानी, दीपिका गुरु सलोनी किन्नर एवं अन्य ने यूनानी चिकित्सालय के सामने गंज में कलंदरों का अभिनंदन किया।

# हादसे में एक की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के पुर थाना क्षेत्र में लक्ष्मीपुरा पुलिया के निकट देर रात हाइवे पर एक ट्रक ड्राइवर के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे तेज गति से आ रहा डंपर ट्रक से टकरा गया। हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई। पुर थाना पुलिस ने बताया कि महेंद्र नाथ पिता नंदा नाथ (35) निवासी रूपाहेली थाना गुलाबपुरा बीती रात को डंपर लेकर अपने गांव रूपहेली जा रहा था। इसी दौरान लक्ष्मीपुरा पुलिया के समीप देर रात को आगे चल रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से डंपर ट्रक से टकरा गया। हादसे में महेंद्र कैबिन में फंसने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल महेंद्र को पुलिस ने वहां मौजूद लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# हमले में दो युवक घायल

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में अज्ञात हमलावर चाकू से हमला कर दो युवकों को घायल कर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर देर रात बाद में अम्बामाता थाना क्षेत्र दायजी पुलिया के समीप अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला कर नागानगरी निवासी अरशद पुत्र एजाज खां तथा जसवन्त पुत्र अशोकसिंह पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। रात में दोनों पुलिया के समीप बैठे थे। इस दौरान आए 4-5 अज्ञात बदमाशों ने अरशद व जसवन्त के साथ मारपीट की तथा चाकू से हमला कर फरार हो गए।


HJU हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय

क्रमांक :- प.6(र)(01)एचजेयू/परीक्षा/दीक्षांत समारोह/2024/4721 दिनांक :- 31/12/2024

तृतीय दीक्षांत समारोह सूचना

अत्यन्त हर्ष के साथ यह सूचित किया जाता है कि माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति की अध्यक्षता में हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर का तृतीय दीक्षांत समारोह दिनांक 05.02.2025 (बुधवार) को आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में समस्त प्रकार की सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय की वैबसाइट www.hju.ac.in का अवलोकन करें।

राज.संवाद/सी/24/9802 कुलसचिव

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ओ.एफ.डी. खण्ड प्रथम, सिं.क्षे.वि., इं.गा.न.प. बीकानेर

क्रमांक-4457-4476 दिनांक- 23.12.2024

ई-निविदा सूचना संख्या 12 वर्ष 2024-25

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से Construction of Pucca Water Course in Chak 13 BGS, 14 BGS, 15 BGS, 1 DBN-B, 14 PTP, 32 PTP की अनुमानित लागत 530.65 लाख है, के कार्य हेतु ऑन-लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि दिनांक 30.12.2024 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 14.01.2025 को सायं 06.00 तक होगी। प्राप्त तकनीकी निविदाए इलैक्ट्रोनिक फोर्मेट में https://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 16.01.2025 को प्रात 11.00 बजे खोली जायेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://cad.rajasthan.gov.in डीआईपीआर की वेबसाइट www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. UBN NO. CDB2425WSOB00096, 2. UBN NO. CDB2425WSOB00097,
3. UBN NO. CDB2425WSOB00098, 4. UBN NO. CDB2425WSOB00099,
5. UBN NO. CDB2425WSOB000100, 6. UBN NO. CDB2425WSOB000101

अधिशाषी अभियन्ता
ओएफडी खण्ड प्रथम,
सिंक्षेवि, इंगानप, बीकानेर
मोबाईल-94146-03873

DIPR/C/13754/2024

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/216 - 218 Date : 30/12/2024

ई-निविदा सूचना संख्या : 57/2024-25

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : रूपये 1315.68 लाख (02 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : 01.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 20.01.2025 को सांय: 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : 01.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 20.01.2025 को सांय: 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : 21.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे (तकनिकी बिड) |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WLOB00419, ITU2425WLOB00420


अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/9794

# मोतीडूंगरी गणेशजी और गोविंददेवजी के दर्शनों के लिए उमड़े लाखों श्रद्धालु

## प्रभु दर्शन के साथ लोगों ने किया नववर्ष 2025 का शुभारंभ, पर्यटन स्थलों पर भी भीड़ रही





नववर्ष 2025 के प्रथम दिन भगवान गणेश के दर्शनों के लिए मोतीडूंगरी मंदिर में हजारों श्रद्धालु उमड़े। मंदिर के बाहर लोगों ने कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । अंग्रेजी नववर्ष-2025 हंसी-खुशी के साथ बीते, इस कामना के साथ भगवान का आशीर्वाद लेने लोग सबसे पहले मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे। मौसम ने भी पूरा साथ दिया। सूर्योदय के साथ धूप निकलने से लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। परिवार और दोस्तों के साथ समूह में आए लोगों ने मोतीडूंगरी गणेश मंदिर और गोविंददेवजी मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए, इसके बाद पर्यटन स्थल घूमे। मोबाइल से फोटो लेकर सोशल मीडिया पर शेयर की। ज्यादातर लोगों का खाना-पीना भी बाहर ही हुआ।

■ लोगों की भारी भीड़ और ट्रेफिक जाम के चलते चांदपोल, सांगानेरी गेट और अजमेरी गेट से गोविंददेवजी मंदिर पहुंचने में श्रद्धालुओं को करीब एक घंटे का समय लगा

जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर, मोतीडूंगरी और गढ़ गणेश मंदिर में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तेज सर्दी के कारण मंगला और धूप झांकी में अपेक्षाकृत कम ही श्रद्धालु पहुंचे, लेकिन श्रृंगार झांकी में मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से अट गया। राजभोग झांकी के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने तो परकोटा जाम कर दिया। चांदपोल, सांगानेरी गेट, अजमेरी गेट से गोविंद देवजी मंदिर पहुंचने में एक घंटा लग गया। गाडि़यों के बजाय पैदल चलने वाले जल्दी मंदिर पहुंच गए। यातायात जाम होने से ट्रेफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गोविंद देव जी मंदिर में एक जनवरी को करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। हालांकि मंदिर प्रशासन ने यहां दर्शन के लिए प्रवेश और निकास की अलग-अलग व्यवस्था कर रखी थी। सुगम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में स्वयंसेवक लगाए गए।

मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि दर्शनार्थियों की संख्या कई गुणा बढऩे के कारण समय बढ़ाया गया। राजभोग झांकी के पट बंद होने का समय 11:45 था, जिसे 15-15 मिनट बढ़ाते हुए एक बजे पट मंगल किए। शाम को संध्या झांकी में भी ठाकुरजी ने 40 मिनट अतिरिक्त दर्शन दिए। वहीं रात्रिकालीन शयन झांकी भी 20 मिनिट ज्यादा देर खुली रही। गोविंद देवजी मंदिर में मंगला झांकी के बाद ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पीली पोशाक धारण कराई गई। फूलों और आभूषण से अत्यंत मनोहारी श्रृंगार किया गया। नव वर्ष के पहले दिन गोविंद देवजी मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ भी हुए।

नव वर्ष का शुभारंभ बुधवार को होने से छोटीकाशी के गणेश मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही। मोतीडूंगरी गणेश जी मंदिर में भक्तों के लिए दर्शनों की विशेष व्यवस्था की गई। मुख्य सड़क पर पांच प्रवेश लाइन बनाई गई। इस मौके पर गणेश जी को नवीन पोशाक धारण कराकर छप्पन भोग अर्पित किए गए।

मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि नववर्ष और बुधवार का संयोग के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम पूज्य को स्वर्ण मुकुट धारण कराकर सिंहासन पर विराजमान किया गया।

गढ़ गणेश मंदिर में भी भारी संख्या में भक्त प्रथम पूज्य के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में गणेश जी महाराज का विशेष पूजन किया गया।

इसी प्रकार जगतपुरा स्थित कृष्ण बलराम मंदिर, इस्कॉन टैंपल, स्वामिनारायण मंदिर, काले हनुमान जी, खोले के हनुमानजी, गलताजी, घाट के बालाजी, चांदपोल हनुमानजी, पापड़ के हनुमानजी, ताडक़ेश्वरजी, राधा दामोदरजी, गोपीनाथजी, श्री सरस निकुंज, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, काले हनुमान जी सहित अन्य मंदिरों में बुधवार को साल के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

# जयपुर में जुटेंगे देश-प्रदेश के मिनरल एक्सप्लोरेशन विशेषज्ञ

## जनवरी के तीसरे सप्ताह में होने वाली इस बैठक में केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों व संस्थाओं के विशेषज्ञ भी हिस्सा लेंगे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राज्य में खनिज संपदा की वैज्ञानिक तरीके से एक्सप्लोरेशन संभावनाओं पर मंथन करने के लिए जनवरी के तीसरे सप्ताह में देश व प्रदेश की सरकारी-गैरसरकारी संस्थाओं के विशेषज्ञ प्रतिनिधि जयपुर में जुटेंगे।

राज्य के माइंस, जियोलोजी और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य की विपुल खनिज संपदा के एक्सप्लोरेशन कार्य को गति देने और इसमें केन्द्र व राज्य की संस्थाओं के साथ ही निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन संस्थाओं की भागीदारी की संभावनाओं पर भी मंथन किया जाएगा। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए मंथन को उपादेय व विशेषज्ञों की भागीदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें भारत सरकार के नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की सहभागिता भी रहेगी।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि प्रदेश में 82 प्रकार के खनिज उपलब्ध है उनमें से अभी 57 खनिजों का ही खनन हो रहा है। केन्द्र सरकार के नए प्रावधानों के अनुसार



क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के ऑक्शन का कार्य पहलीबार केन्द्र सरकार ने अपने हाथ में लिया है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने प्राइवेट सेक्टर में एक्सप्लोरेशन का कार्य कर रही संस्थाओं की भी भागीदारी तय करने का निर्णय किया है। इसी कड़ी में एक्सप्लोरेशन लाइसेंस ईएल के लिए भी खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जाने लगी है।

टी. रविकान्त ने बताया कि जयपुर में आयोजित एक दिवसीय मंथन में केन्द्र सरकार के माइंस मंत्रालय, जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, एमईसीएल, इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस, एटोमिक मिनरल डिपार्टमेंट के साथ ही केन्द्र सरकार की एंम्पेनल्ड निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन संस्थाएं और विभाग के अधिकारियों की भागीदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही इस क्षेत्र में कार्य कर रही प्रादेशिक संस्थाओं के साथ ही

■ केन्द्र और राज्य सरकार का मिनरल एक्सप्लोरेशन पर फोकस : रविकांत

केन्द्र सरकार द्वारा अधीकृत संस्थाओं के हिस्सा लेने से प्रदेश में मिनरल एक्सप्लोरेशन की संभावनाओं के साथ ही भविष्य के रोड़मेप तैयार करने में भी सहायता प्राप्त होगी।

प्रमुख सचिव रविकान्त ने बताया कि मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान समूचे देश में शीर्ष पर आ गया है। प्रदेश में क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के भी अच्छे संकेत मिले हैं। ऐसे में प्रदेश की खनि संपदा के एक्सप्लोरेशन में नवीनतम तकनीक के उपयोग और एक्सप्लोरेशन के सटीक विश्लेषण में सहयोग प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे प्रदेश में खनिज खोज कार्य को गति मिलेगी।

माइंस व भूविज्ञान विभाग स्तर पर आवश्यक तैयारियों की मोनेटरिंग निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल कर रहे हैं। वहीं विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की कोर टीम का गठन किया गया है।

## जवाहर कला केन्द्र में 7वां राजरंगम् आज से शुरू होगा

**जयपुर** । जवाहर कला केन्द्र में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और एक्टर्स थिएटर एट राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 5 दिवसीय 7वें राजरंगम् (राजस्थान रंग महोत्सव) की गुरुवार से शुरुआत होने जा रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता और हरियाणा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया ने बुधवार को पोस्टर का विमोचन किया। महोत्सव के पहले दिन शाम 6:30 बजे रंगायन सभागार में कालपुरुष:क्रन्तिकारी वीर सावरकर नाटक का मंचन होगा। डॉ. चन्द्रदीप हाडा के निर्देशन में होने वाले नाटक में वीर सावरकर की जीवन गाथा मंच पर साकार होगी। गौरतलब है कि 3 जनवरी को नाटक एनिमी ऑफ द पीपल, 4 जनवरी को चित्रांगदा, 5 जनवरी को पीले स्कूटर वाला आदमी और 6 जनवरी को नाटक चित्रलेखा का मंचन किया जाएगा।

## घर से नकदी लेकर भागी विवाहिता

**जयपुर** । सोडाला थाना इलाके में एक विवाहिता घर से नकदी लेकर भाग निकली। पीड़ित पति ने पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि अजमेर रोड सोडाला निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 27 वर्षीय की पत्नी को अनजान युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि 28 दिसम्बर की रात उसकी पत्नी घर से बिना बताए चली गई। विवाहिता के गायब मिलने पर परिजनों ने इधर-उधर काफी तलाश किया। काफी ढूंढने के बाद भी विवाहिता का पता नहीं चला। अलमारी को चेक करने पर उसमें रखे 50 हजार रुपए भी गायब मिले। थाने में पीड़ित पति ने अनजान युवक पर पत्नी को साथ ले जाने का शक जताते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

## सार-समाचार

### जलदायकर्मियों का स्नेह मिलन समारोह



**जयपुर** । प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक की ओर से जिला कार्यालय तिलक नगर पर बुधवार को स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। इस मौके पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, सलाहकार रामाशंकर गुर्जर, कार्यवाहक अध्यक्ष केदार शर्मा, जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी ने कार्यक्रम को संबोधित किया और कर्मचारियों को संम्मानित किया। जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुधांशु दीक्षित, अधीक्षण अभियन्ता अनिल शर्मा, अधिशाषी अभियंता सुभाष शर्मा सहित अन्य अभियंताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और नववर्ष पर खीर वितरण कर नशा मुक्त का संदेश दिया।

### हाऊसिंग बोर्ड में नये कार्मिकों का स्वागत



**जयपुर** । राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को नवनियुक्त 240 कार्मिकों का स्वागत किया। नववर्ष के उपलक्ष्य में नवनियुक्त कर्मचारियों को पुष्प देकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष दशरथ कुमार ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को मण्डल के प्रति वफादारी निभाते हुये निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर महामंत्री प्रदीप शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी एवं रमेशचन्द शर्मा, उपाध्यक्ष पंकज गर्ग, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह कार्यालय मंत्री मो. युसूफ खान प्रचारमंत्री मनुज ठाकुर सहित कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### 'मानवता की शिक्षा देती है भागवत कथा'

**जयपुर** । गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा जयपुर के 26 वें वार्षिकोत्सव पर 108 विशाल श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ बुधवार को 251 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। मुख्य यजमान मदन मोहन सोमानी व वरुण सोमानी ने बताया कि कथा के शुभारंभ पर 251 महिलाओं की कलश यात्रा से बुधवार को विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित शिव मंदिर मंदिर से शुरू हुई। जिन-जिन मार्गों ये यह कलश यात्रा गुजरी, वहां सभी मार्ग भक्ति और आस्था के रंग में डूबे जनर आए। मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया किया। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची,जहां कथा के प्रारंभ में श्रीमद भागवत की पूजा की गई। इसके बाद श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करते हुये आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का प्रत्येक प्रसंग हमें मानवता की शिक्षा प्रदान करता है। हमारा जीवन किस मार्ग से चले कि उसे लक्ष्य की प्रप्ति हो। श्री मद भागवत कथा मानव को मानवता ही नहीं बल्कि मानवता के साथ - साथ वैष्णवता और भगवत्ता की शिक्षा देकर इनका पात्र भी बनाती है जीव को।

### नव वर्ष पर जैन मंदिरों में विशेष पूजा

**जयपुर** । जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर भगवान अजितनाथ का ज्ञान कल्याणक दिवस 3 जनवरी को भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये जाएंगे । वहीं नव वर्ष के आगमन के उपलक्ष में दिगम्बर जैन मंदिरों में 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी को विशेष धार्मिक आयोजनों की धूम रही। जैन धर्मावलंबियों ने मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन कर नव वर्ष की शुरुआत की। राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि अंग्रेजी नव वर्ष 2025 के आगमन पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में दो दिवसीय विशेष धार्मिक आयोजन किये गये ।इस मौके पर मंगलवार 31 दिसम्बर को सायंकाल विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र के पाठ, भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान एवं भक्ति संध्या के आयोजन किए जाकर रात्रि 12 बजे भगवान के विशेष दर्शन के बाद महाआरती की गई। वही बुधवार, 01 जनवरी को प्रात: जैन तीर्थंकरों के विशेष अभिषेक एवं विश्व में सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए जयकारों के बीच शांतिधारा की गई । तत्पश्चात पूजा विधान के संगीतमय आयोजन किए गए।

## किरण राजपुरोहित और विमला नागला को मिलेगा साहित्य सम्मान





**जयपुर** (कासं)। राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की भाषा, साहित्य, संस्कृति और शोध को समर्पित इकाई मरूभूमि शोध संस्थान, श्रीडूंगरगढ़ द्वारा इसी वर्ष से प्रारम्भ किये गये महिला लेखन सम्मान और बाल साहित्य सम्मान की घोषणा कर दी गई है।

संस्थाध्यक्ष और सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्याम महर्षि ने बताया कि राजस्थानी भाषा के विकास, प्रचार-प्रसार, साहित्यिक पाठकीय जुड़ाव और महिला लेखन व बाल साहित्य को मुकम्मल प्रोत्साहन सुनिश्चित करने के लिए इसी वर्ष से प्रायोगिक तौर पर ये सम्मान प्रारम्भ किये गये हैं। श्री सूर्य प्रकाश बिस्सा स्मृति राजस्थानी महिला लेखन सम्मान के लिए इस वर्ष प्रख्यात राजस्थानी कहानीकार, कवि, सम्पादक व अनुवादक किरण राजपुरोहित 'नितिला', जोधपुर की लघुकथा पांडुलिपि आंख्यां आळा आंधा का चयन किया गया है। इसी प्रकार बाल साहित्य के सम्वर्द्धन, प्रचार-प्रसार को समर्पित कला-डूंगर कल्याणी स्मृति राजस्थानी बाल साहित्य सम्मान इस लोकप्रिय बाल साहित्यकार विमला नागला, केकड़ी की बाल कथाओं की पांडुलिपि बातां री मुळक को अर्पित किया जाएगा। किरण राजपुरोहित नितिला और विमला नागला को इससे पूर्व भी देष-प्रदेष की अनेक संस्थाओं से पुरस्कृत-सम्मानित किया जा चुका है।

सम्मान समिति के संयोजक रवि पुरोहित ने बताया कि ये सम्मान 21 फरवरी को श्रीडूंगरगढ़ में अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोज्य भव्य समारोह में अर्पित किये जायेंगे। योजना के तहत प्रकाशित कृतियों पर समानधर्मा संस्थाओं के सहयोग से प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर चर्चा कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे, जिसमें महिलाओं और बच्चों को खास तौर पर जोड़ा जाएगा।

## अनियंत्रित बाइक फिसली, एक युवक की मौत

**जयपुर** । सोडाला थाना इलाके में स्थित चार नंबर डिस्पेंसरी के सामने मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। एएसआई रघनंदन ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि ईएसआई के सामने दुर्घटना होने की जानकारी मिली।

इस पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंची टीम और घायल को 108 की सहायता से एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बादल प्रकाश मिश्रा (42) पुत्र राम प्रकाश मिश्र निवासी सुमेल हाउस अजमेर रोड के रूप में हुई हैं। मृतक के परिवार में उसकी मां है उन्हें घटना की जानकारी दे दी गई हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि मृतक बादल प्रकाश हसनपुरा की तरफ जा रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन या बाइक स्लिप होने से उसकी बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में बादल प्रकाश के सिर और अन्य जगहों पर चोट लगी। खून अधिक बहने से बादल की मौत हो गई। परिवार में मृतक की केवल मां रहती हैं जो कि एक रिटायर्ड नर्स हैं कुछ माह पहले ही मृतक के पिता और बहन की भी मौत हो चुकी है। मृतक के परिवार में अब केवल बुजुर्ग मां रह गई हैं।

## उपचुनाव में मतदान दिवस का अवकाश तय करेंगे कलेक्टर

■ प्रदेश के 9 जिलों के 9 नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर होने वाले उपचुनावों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए कलेक्टर्स को अधिकृत किया

**जयपुर** । प्रदेश के 9 जिलों के 9 नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर होने वाले उपचुनावों के लिए मतदान दिवस 9 जनवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के 9 जिलों बांसवाडा, चितौड़गढ़, दौसा, हनुमानगढ़, जयपुर, झालावाड़, जोधपुर ग्रामीण, सवाई माधोपुर एवं सीकर में 9 नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर उप चुनाव माह दिसंबर 2024 एवं जनवरी 2025 में करवाए जा रहे हैं। इन नगरीय निकायों में मतदान 9 जनवरी, 2025 गुरुवार को होगा। अत: मतदान दिवस को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर (जिला निर्वाचन अधिकारी) को अधिकृत किया गया है।

साथ ही पुनर्मतदान की स्थिति में जहां पुनर्मतदान होगा उस क्षेत्र में पुनर्मतदान की तिथि को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए भी संबंधित जिला कलेक्टर (जिला निर्वाचन अधिकारी) को अधिकृत किया गया है।

आदेश के अनुसार उपचुनाव वाले क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान चुनाव से संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव समाप्ति तक माननीय मंत्री शासकीय दौरे पर नहीं जाएंगे। कानून व्यवस्था बिगड़ने या किसी आपात स्थिति के कारण मंत्री यदि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में दौरे पर रहते हैं तो उन्हें इसकी सूचना विभाग के शासन सचिव द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को भेजनी होगी।

यदि कोई मंत्री संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर हैं, तो इस दौरान वे किसी सरकारी वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे और निजी वाहन पर लाल बत्ती या सायरन आदि का प्रयोग वर्जित होगा। साथ ही क्षेत्र के विश्रामगृह, डाक बंगले या अन्य सरकारी आवासों का या इससे संलग्न परिसरों का उपयोग प्रचार कार्यालय के रूप में या चुनाव से संबंधित कोई बैठक करने की दृष्टि से नहीं कर सकेंगे। इन स्थानों को निष्पक्ष तरीके से अन्य दलों या अभ्यर्थियों को भी उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी लेकिन वे भी उनका चुनाव से संबंधित कार्य में इस्तेमाल नहीं करेंगे। वहीं सरकारी अधिकारी, मंत्रियों के दौरे के समय उनके किसी स्वागत में या प्रोटोकॉल में नहीं जाएंगे। यह आदर्श आचार संहिता बोर्ड/निगम के अध्यक्ष जिन्हें मंत्री या राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है, पर भी लागू रहेगी।

## ट्रक और स्कॉर्पियो की भिड़ंत में युवक की मौत

**जयपुर** । गांधी नगर थाना इलाके में मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि ट्रक और स्कॉर्पियो में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई और वहीं दो अन्य युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को अस्पताल पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस जानकारी के अनुसार तीनों कार में सवार थे। वहीं मृतक युवक ने तीन दिन पहले ही कैफे खोला था और अपने दोस्तों के साथ मानसरोवर (जयपुर) आ रहा था। हादसा अरण्य भवन के सामने हुआ। पुलिस ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्कॉर्पियो सवार गोविंद शर्मा (25) पुत्र रमेश चंद शर्मा निवासी अहमदाबाद गुजरात व अन्य दो युवकों को 108 की सहायता से एसएमएस ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने गोविंद शर्मा को मृत घोषित कर दिया। घायल स्कॉर्पियो सवार युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतक गोविंद शर्मा ने दो दिन पहले ही मानसरोवर में कैफे खोला था।

# स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा के लिए विकसित करने के लिए पशु चिकित्सा संस्थानों को दी जाएगी रैंकिंग : समित शर्मा

## नए वर्ष में पशु चिकित्सा संस्थानों को बेहत्तर बनाने के लिए की गई है नवाचारों की शुरूआत

**जयपुर** । पशुपालन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा है कि 1 जनवरी 2025 से विभाग में तीन नई व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। पशुपालकों को पशुपालन विभाग के टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान जैसे सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के लिए सभी संभागों और जिलों के लिए मुख्य निष्पादन सूचकांक यानी परफॉरमेंस इंडिकेटर बेस्ड मासिक रिपोर्ट कार्ड तैयार की जाएगी, जिससे योजनाओं का बेहतर संचालन हो सके, समय पर समस्याओं का पता लगाया जाकर उनका निराकरण किया जा सके। समित शर्मा बुधवार को टोंक रोड स्थित पशुधन भवन में नव वर्ष पर विभाग के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. समित शर्मा ने विभाग के अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें विभाग के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित



पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने डॉ. आनंद सेजरा को निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण करने की बधाई दी।

करते हुए अनुशासन ओर समयबद्धता के साथ आगे बढना है और उत्कृष्ट राजकीय सेवाएं हमारे लाभार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास करना है। उन्होंने डॉ. आनंद सेजरा को निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण करने की बधाई भी दी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि विभाग के वेटरिनरी संस्थाओं जैसे पॉलीक्लिनीक, वेटरिनरी चिकित्सालय एवं पशु चिकित्सा उपकेंद्रों को बेहतर बनाने के लिए उन संस्थाओं को क्रमश: 100, 65 और 50 बिंदुओं पर मॉनिटर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था पशु

■ वर्ष भर में उत्कृष्ट रहने वाले पशु चिकित्सा संस्थानों और अधिकारियों को विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर सम्मानित किया जाएगा

चिकित्सा संस्थानों में स्थानीय स्तर पर गतिविधियों के क्रियान्वयन में तो मददगार साबित होगी ही साथ ही राज्य स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में भी संस्थानों के कार्य मूल्यांकन में इससे बहुत सहायता मिलेगी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि वर्ष भर में उत्कृष्ट रहने वाले पशु चिकित्सा संस्थानों और अधिकारियों को विश्व पशु चिकित्सा दिवस (अप्रैल माह के अन्तिम शनिवार) के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इससे संस्थानों में बेहतर करने की स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा विकसित होगी और पशुपालकों और पशुओं को भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे मोबाइल वेटरिनरी यूनिट्स को अब 1962 कॉल सेंटर पर प्राप्त कॉल आधारित संचालन के अतिरिक्त प्रतिदिन सुबह के समय लगभग 3 से 4 घंटे पशु चिकित्सा शिविरों का किया जाएगा। शिविर के आयोजन से एक दिन पहले इसकी सूचना नजदीकी विभागीय संस्था के प्रतिनिधि द्वारा ग्रामीणों को दी जाएगी। शिविर स्थल पर विभाग और शिविर से संबंधित आईईसी सामग्री का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एमवीयू सप्ताह के सभी दिवसों में बिना किसी अवकाश के कार्य करेंगी और शिविर के आयोजन के लिए विभाग तथा संचालनकर्ता फर्मों की भूमिका तय कर दी गई है।



## Science Fiction Day

No one is going to place any blame for those people who may have never heard about Science Fiction Day! It's common in some circles but virtually unknown in others. Reading science fiction books, watching Sci-Fi films, dressing up as a favourite superhero, and perhaps, even taking part in Comic-Con may not be for everyone. But, as it turns out, in the last few years, Science Fiction Day has become a very popular and unique event that marks the calendar of every true and dedicated fan of science fiction.



#PERSONALITY

# World Introvert Day

Recharge through some alone time and self-care, learn about the psychology of introversion or show appreciation for your inward-focused friends.



For those who have ever wondered what it is like being an introvert, or those who know one and want to celebrate them, this is the day! Or perhaps, this is the day for people who are introverts themselves and struggle for people to understand them at all. Well, there is a full day dedicated to introversion, it's World Introvert Day! In a world where extroversion is the dominant force that plays in the spotlight, (with 60% or more of the population claiming the label of 'extrovert') introversion takes place behind the scenes.

As a result, being an introvert doesn't mean that people can't function in society, it just has to do with how the person is able to recharge their batteries. World Introvert Day is dedicated to honouring the people who keep the world going around a little differently!

## How to Celebrate

So, how should a person go about celebrating being an introvert? Well, there are a variety of ways, of course, and some of them might even include throwing a party! Try out some of these thoughts for celebrating World Introvert Day!

- **Enjoy a Day of Resting Up**

After several weeks of parties and holiday celebrations, this would be the perfect day for an introvert to spend some time alone. Get comfy at home, curl up on the sofa, and read a book! Do some self-care routines like taking a hot bath or enjoying some spa treatments.

- **Give an Introverted Friend a Break**

This is a great day for those extroverted people to try to be respectful of introverts. For those who are not an introvert but do know one, take this day as an opportunity to be a better friend, family member or co-worker. Release some of that pressure and let the introverts simply be themselves!



## Learn About Introverts

A great many misconceptions abound regarding introverts! Here are some interesting things about introverts that would be ideal to consider and share on World Introvert Day!

- **Introverts aren't shy**

  Many people think that introverts are shy or have social anxiety but that's simply not true. Instead, it's all about how they recharge. Extroverts recharge by being with other people, and introverts need more alone time to get their juices flowing again.

- **Introverts can be very confident**

  Simply because they need to fill up their tanks alone doesn't mean introverts don't work with confidence and strength in everyday life. In fact, many famous artists, politicians, scientists and other great thinkers are known to be introverts.

- **Introverts like to socialize, just like everyone else**

  Some of them enjoy people very much but they get tired after having too much 'people-time.' Some introverts love diving deep into one-on-one conversations, but prefer to avoid big crowds. However, some introverts are excellent public speakers and make great social butterflies, and they just need to monitor their internal resources more carefully.

- **Introverts use the parasympathetic side of their nervous system more**

  This is simply the side of the nervous system that activates rest, subdued relaxation, downtime or contemplation. The other side, the sympathetic side, is the part required for full throttle movement and engagement with others.



He made me sit down on the side of his bed (this was a rare grace). Then, he proceeded to take one full hour to explain carefully, why women were so essential to mankind's existence, and they are fewer in numbers. If we want to continue as a race, women are the only part of the mankind who can do that. Men will fight wars and deplete their numbers, and ultimately lose the war, women will replenish those numbers, so, some sane men can come to life and continue the process of living. He then went on to reveal a very 'untasty' fact. He told me that fat women have difficulty having babies.

# "Ramji ki baat kahu"







#PRIVILEGES



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*


Good health comes from eating well in your youth. *Bachpan me Ghee khaya hua hai, ab kaam aa raha hai,* a sentence quite familiar to most of us. I remember as a child, in Delhi, where I come from, come winter, a Rajasthani man would come to our door, with his camel (those days it was not a traffic disruption), and would bring down his large caskets of *ghee*, which my grandfather would, with some ceremony, sit down to evaluate. To help the matter along, the *ghee wala* would describe the cows it was derived from, "*Sahib gaai ke oopar atti bhi charbi nai hai,*" he would sell his product visually, showing with two finger pinch, the lack of culprit fat.

That was not all. He had at least five large *charis* (small necked pots with large bellies), and replicas of the same still atop the camel. Many neighbours and larger family members would troop down, as my mother would dutifully inform them as soon as the man alighted the camel. The whole congregation would wait patiently for my grandfather's mark of approval, which always came positive. One chari carried the *Rathi* cow ghee, described as the ghee to be distributed to an advancing army. The other was the ghee, which is to be used for frying and cooking for any 'dawat.' The main property being that it will take well to being on the fire long and last longer for frying. There were other charis full of fragrant ghee, appropriate for different uses. I remember vaguely that there was also a



> One chari carried the *Rathi* cow ghee, described as the ghee to be distributed to an advancing army. The other was the ghee, which is to be used for frying and cooking for any 'dawat.' The main property being that it will take well to being on the fire long.

'purana' ghee for medicinal use. "*Purani chot pe, ya phir haddi tooti ho to uspe malish kar kar dekho, khoon ravaa ho jassi, Ramji ki baat kahun.*" His 'Ramji ki baat kahun' held value. Those were times when a man's word had value. He had a clientele that would buy from him because he will not break trust. If he did not have the required kind of ghee, he would fold his hands in humility, and relate the troubles of the producer, "*gharan byav tho, ve de kon sakya.*" Needless to say that he could sell almost all his fare to the eager congregation. The Rathi cow ghee, I recall, was used to make *laddoos* for the winter, and the distribution of those laddoos was very traditional. Two each for the boys, and my father. One for my grandfather, and one each for us sisters. My brother would then tease us about being no good for the army to get back at us for having declared that he was got from our sweepress in exchange for a tin of *atta*.



The injustice of it was boiling in my mind. My other sisters were too small to think anything at all. So, one day, I asked my mother, "Why is it that the army has only men?" She was silent for a few minutes, then, she turned around and asked me, "Do you want to be in the army?" I didn't, but just so I could continue arguing, I said "Yes." "Then that is a problem we will have to solve with the help of your grandfather, so, let's go to him." It was not every day that we went to my grandfather for settling disputes, as he was inclined to punish the wrongdoer with a tight slap or two (parents did not spare the rod then). But usually, it was the brother out of line, so, I thought it would be a safe thing to do.

I trooped in to the presence of my grandfather with my mother muttering away. "So, why are there no girls in the army?" I think he got the gist of my complaint. He made me sit down on the side of his bed (this was a rare grace). Then, he proceeded to take one full hour to explain carefully, why women were so essential to mankind's existence, and they are fewer in numbers. If we want to continue as a race, women are the only part of the mankind who can do that. Men will fight wars and deplete their numbers, and ultimately lose the war, women will replenish those numbers, so, some sane men can come to life and continue the process of living. He then went on to reveal a very 'untasty' fact. He told me that fat women have difficulty having babies.

My brother didn't get his customary slap that day. But more than that, I was unpleasantly put to the task of thinking of being fat but full of laddoos, or slim but bereft of my share. As was likely to happen, and I suspect my grandfather fully knew, I had to choose to be slim, not in the army, but definitely good to look at.

The injustice of needing to be slim and good looking, I then placed at God's door. God is a man, and working out, missing on laddoos, unfair distribution in favour of those going into the army, all in favour of not 'me.'

The day and age went by, of my grandfather. Girls were getting their share of milk and ghee with a vengeance. My generation of people insisted on equal chances for both sons and daughters. So, come winters, the laddoos were distributed in equal numbers. My son would play hard as most boys do, and though my daughter was encouraged, she did not play as hard. She worked hard to do well in studies, and did a lot better than her brother, at it. But the laddoos hadn't forgotten their traditional role, and steadily did what they did irrespective of the recipient. She worked out to get rid of extra kilos regularly, and took up a job in an advertising agency, copywriting. One fine day, she got married. But try, as she did, could not conceive for the first three years of her marriage. Then, she asked for help from a doctor. After various tests and lots of holding of breath, doctor declared PCOD. Lifestyle disorder, from laddos and stress of doing well in profession, her diagnosis was a shocker. We had only treated our children equally. Sadly, the doctor explained, almost half the female population is facing this problem. The world and the girls themselves are looking for a meatier role in life, but they are becoming meatier, literally, and loosing out on their natural roles, considered under the belt in any case. Till it's a case and needs careful treatment.

> Now I think, *bachpan me ghee khaya tha kuch kuch, jo kaam aa gaya*, for me. I had a family easily. For my daughter, leaving *ghee ke laddoo* from diet and leaving the race to beat the next guy at the job was a marathon war of its own kind.

Now I think, *bachpan me ghee khaya tha kuch kuch, jo kaam aa gaya*, for me. I had a family easily. For my daughter, leaving *ghee ke laddoo* from diet and leaving the race to beat the next guy at the job was a marathon war of its own kind. My daughter won it. She has a full family of children now. I wonder if I did right in equalising my daughter and son unfairly. I took me a lifetime and my children's lifetime to understand nature. It is not unfair to be a woman. It is different from being a man. Not better or worse, only different. Not privileged or underprivileged, just different. God, I can now say safely, maybe a man, but as easily be a woman. Sometimes appreciating what one has is the most difficult lesson that God could be having in his or her textbook. The other's plate of goodies is always more full, if you don't look at your own. Thank you God for my children, and my good looks.


rajeshsharma1049@gmail.com



#CRITIQUE

# How to think differently about 'Love'

Poets, philosophers and scientists all tell stories about the nature of romantic love. It can be liberating to critique them.



Awe and anguish, delight and disgust, ecstasy and exasperation, rage and rapture, giddiness and grief, hope and heartbreak, love is not an emotion. It is a whirlwind in which thoughts of the beloved can trigger every kind of emotion, driving some to bliss, some to murder, and some to suicide. If you are in love, you will recognise that surge of extreme and often clashing emotions. If you are not, you may wonder whether to envy their highs or feel lucky you are spared their lows.

Either way, you may also wonder, where do these states come from? How should we cope with them? What role should they play in our lives? What is love after all?

Poets, philosophers, novelists and scientists have all tried to shed light on these questions. They often do so by telling an origin story. One such story is told in Plato's Symposium. Aristophanes, a comic poet, claims that humans used to be



spherical, with four arms, four legs and two faces. Some had genitals of the same kind on both sides, while others had male on one side and female on the other. Zeus, king of the gods, angered by these creatures' pride, set out to humble them. He used his thunderbolt to split each human in half. Each of us is one of these halves, longing now to find the half that will complete us. Thus, love came to be, according to Aristophanes, complete with an explanation for two types of sexual orientation.

This Guide will be animated by a number of puzzles about love that seem to arise when we start to think about its nature.

## The puzzle of Exclusivity

Aristophanes' myth suggests that, for each person, there is only one special someone, their other half, meant to complete them. This implies that love is inherently exclusive, you can love only one person. This expectation is reinforced by the jealousy, often associated with romantic love's demand for singular devotion. Yet, this requirement of exclusivity is puzzling. Why does it apply only to romantic love? A parent's love for their children is no less powerful, yet, no one thinks you cannot love more than one child. Is there something intrinsic to romantic love that demands exclusivity?

## The puzzle of Eternal Love

Aristophanes' story also posits that love, once found, will never change. In its early, passionate stages, love can indeed feel boundless and enduring. But reality often disappoints this expectation. Relationships evolve, and the intensity of love may fade over time. Why do we hold on to the belief that true love is eternal, even when experience shows otherwise?

## The puzzle of Reasons for Love

When you fall in love, what are your reasons for loving this particular person? Can there be reasons for love? We sometimes hear, "I love you for who you are, for yourself alone." As William Yeats lamented., "only God, my dear, / could love you for yourself alone / and not your yellow hair." It's hard to say what it could really mean to love someone 'for themselves.' To make sense of it, we quickly turn to the beloved's lovable properties as reasons that explain and justify love. I love you because you are good, beautiful, or smart, or kind, or perhaps, it's your smile, your joie de vivre, your yellow hair.




## The puzzle of Unrequited Love




If love involves finding your 'other half,' true love must be reciprocal, as each requires the other to be whole. Yet, love is sometimes unrequited. Can it then still be meaningful or authentic? Johann Wolfgang von Goethe's provocative statement, "If I love you, what business is that of yours?" captures this tension beautifully. It suggests that love, in its essence, might not depend on the beloved's reciprocation, but it clashes with the deep longing for recognition and mutuality that typically characterises romantic love.

Unrequited love highlights an inconsistency between the autonomy of love as an emotional experience and its relational nature as a bond. It also challenges the idealised view that love should always lead to unity and fulfilment. Instead, it raises the possibility that love's value might lie as much in its ability to transform the lover as in its ability to create a shared connection.




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# होटल में रेव पार्टी मनाते 13 युवतियों सहित 40 जने गिरफ्तार

## पुलिस ने होटल से अवैध शराब, गांजा, साउंड सिस्टम व 10 वाहन जब्त किए



पुलिस ने होटल में रेव पार्टी मनाते लोगों को किया।

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र के ढीकली में स्थित एक होटल न्यू ईयर सेलिब्रेशन की आड़ में रेव पार्टी मनाते 13 युवतियों सहित 40 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने होटल से अवैध शराब, गांजा, साउंड सिस्टम व 10 वाहन भी जब्त किए हैं।

प्रकरण के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के नेतृत्व में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी, डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नु के नेतृत्व में गठित दल को मुखबिर से प्रतापनगर थाना क्षेत्र ढिकली गांव में एक होटल में नववर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर अरमान उर्फ आसु हुसैन उर्फ उस्मान अली पुत्र रियासत हुसैन, रामसिंह सिंह पुत्र अनाड़सिंह, जितेन्द्र मेवाड़ा उर्फ जीतु मेवाड़ा, सलीम पुत्र मुबारिक मो. निवासी भीलवाड़ा, ज्योति अरोड़ा उर्फ सोनिया निवासी भुवाणा, मो. हुसैन द्वारा रेव पार्टी का आयोजन करने एवं ग्राहकों को रेव पार्टी के दौरान शराब व वैश्यावृत्ति के लिए लड़कियां उपलब्ध कराने की सूचना मिली।

उक्त व्यवस्था अरमान उर्फ आसु, ज्योति अरोड़ा व मो. हुसैन द्वारा करने एवं उनके द्वारा गत दिनों से सोशल मीडिया पर रेव पार्टी का विज्ञापन देकर थ्री स्टार केटेगरी रूम, इवनिंग पार्टी, खानपान, शराब , मुजरा के लिए 11,999 रूपये के टिकट पास बेचे जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर दबीश दी। जहां पर होटल में साउण्ड पर लड़कियां व आदमी नाचते मिले तथा शराब भी पी रहे थे। पुलिस को देख सभी इधर-उधर भागने लगे। जिन्हें घेरा डाल दबोचा गया। पांच युवतियां, मुम्बई से मुजरा करने आए दो युवतियां व एक किन्नर, इवेन्ट के लिए इन्दोर से दो युवतियां थी तथा बाकी की रेव पार्टी में शामिल होने आई थी।

पुलिस दल ने मौक से आयोजनकर्ता अरमान उर्फ आसु उर्फ उस्मान अली पुत्र रियासत हुसैन, सलीम पुत्र मुबारिक मो. तथा शेष चेतन मालवीय पुत्र सुनील मालवीय, कपिल शर्मा पुत्र राजेश शर्मा , रानी लौहार पत्नी नेरश लौहार, पिंकी लौहार पुत्र माधवलाल लौहार, नरेश लौहार पुत्र मोहनलाल लौहार, मीनाक्षी शाह पत्नी निलेश शाह, लोकेश सालवी पुत्र मोहनलाल सालवी, भरत डांगी पुत्र कन्हैयालाल डांगी, गोरान वेद पुत्र प्रकाश वेद, जितेन्द्रपुरी पुत्र गौतमपुरी, विक्रमसिंह देवड़ा पुत्र मनोहरसिंह, पवन पाटीदार पुत्र गोपाल पाटीदार, हिरेन बारड पुत्र उमेश, धमेन्द्र पटेल पुत्र अम्बालाल, राहुल पटेल पुत्र रमेश भाई, जावेद अली पुत्र फरजन अली, हितेश लौहार पुत्र कालुलाल लौहार, अर्जुन पुत्र रतनलाल रेगर, विनोदसिंह चौहान पुत्र किशनसिंह चौहार, भगवतीलाल मेघवाल पुत्र रामेश्वरलाल, दयाराम पुत्र बंशीलाल धाकड़, साहिल अली पुत्र शाहिद अली, रामभाई पुत्र देवली भाई रेबारी, केतुल पुत्र अरविन्द चोटालिया, मेरूभाई पुत्र रामसिंह कलोतरा, संजय वैष्णव पुत्र बद्रीप्रसाद, संजय पुत्र आपाभाई कलोतरा, अशोक पुत्र रमेश कलोतरा तथा इनके अलावा वेश्यावृत्ति के लिए लाई गई पांच युवतियां, मुजरा डांस, इवेंट के लिए लाई गई पांच युवतियों को गिरफ्तार किया है।

# बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट मामले में धरना दिया



एसई के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात की।

**झुंझुनूं, (निसं)।** गत दिनों बगड़ रोड पर एक कनेक्शन करने गए बिजली कर्मचारी के साथ हुई मारपीट के मामले में अब तक कार्रवाई ना होने पर बुधवार को सिटी एईएन कार्यालय के कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। करीब पांच दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर कार्यालय में ही धरना शुरू कर दिया। कर्मचारियों की हड़ताल की सूचना पर एसई महेश कुमार टीबड़ा स्वयं धरनास्थल पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के साथ वार्ता की। वार्ता के बाद एसई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला और घटना के बारे में जानकारी दी।

■ **सुबह कर्मचारी बैठे धरने पर, आश्वासन पर दोपहर बाद काम पर लौटे**

कलेक्टर ने पुलिस अधिकारियों से मामले को लेकर जानकारी प्राप्त की और पुलिस की तरफ से आश्वस्त किया कि एक-दो दिन में ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कलेक्टर से आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया और आधे दिन बाद काम पर लौट आए। कर्मचारी नेता सुरेश शर्मा तथा आशीष पचार ने बताया कि दो दिन में यदि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो फिर से आंदोलन होगा। इस बार पूरे जिले के कर्मचारी हड़ताल करेंगे। इस मौके पर देवकरण सैनी, सुनील शर्मा, नरेश स्वामी, द्वारका प्रसाद, राजेंद्र योगी, सोमेश स्वामी, वसीम, विशाल, सुरेंद्र, चंद्रकांत पारीक, सुनील डूडी, संजय महला, शीशराम, अरविंद, अजयप्रकाश सैनी, अनिल मीणा, जितेश सैनी, होशियारसिंह, अनिल, राजवीर, दलीप आदि मौजूद थे।

# हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, तीन महिला सहित 7 गिरफ्तार



कांकरोली थाना पुलिस ने हनीट्रैप के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**राजसमंद, ०(निसं)।** कांकरोली थाने में व्यापारियों को हनीट्रैप के मामले को लेकर दर्ज दो अलग-अलग मामले में पुलिस ने अब तक गिरोह की मुख्य सरगना जन्नत बानु उर्फ तमन्ना सहित तीन महिलाओं व चार पुरूषों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने एक मामले में पुलिस ने संजु उर्फ सोनु (28) पिता देवीदास जाती वैष्णव निवासी देवगांव, योगेष (22) उर्फ राजेश पिता बंशीलाल गुर्जर निवासी देवगावं एवं कमलेश वैष्णव (25) पिता बंशीदास वैष्णव निवासी छापरी, गंगापुर जिला भीलवाडा को गिरफ्तार किया था। उसके बाद बुधवार को इसी मामले में फरार गिरोह की मुख्य सरगना महिला गिरोह की महिला सदस्य सुनीता उर्फ शालिनी (48) पति देवीलाल लक्षकार निवासी सायरा हाल पायडा, भुपालपुरा उदयपुर व गिरोह की मुख्य सरगना जन्नत बानु उर्फ तमन्ना (40) पति रज्जाक खान मुसलमान निवासी चौमुखा महादेव मन्दिर जलचक्की कांकरोली को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरे मामले में एक महिला व एक युवक को गिरफ्तार किया है।

■ **पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया**

पुलिस ने व्यापारी से 5 लाख रुपये की ठगी करने वाले पहले मामले में हनीट्रैप गिरोह के दो महिला सहित कुल 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

कांकरोली सीआई हनवंतसिंह सोढा ने बताया कि एक दूसरे और मामले में पिडित पीयुष सोनी पिता प्रहलाद सोनी निवासी सुन्दर कोलोनी ने अफसाना शाह पिता इस्माईल शाह, श्रवण गुर्जर सहित अन्य सार्थियों द्वारा हैनीट्रेप में फंसाकर पैसे वसुल करने का मामला दर्ज कराया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अति. पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक एवं वृताधिकारी विवेक सिंह राव के निर्देशानुसार थानाधिकारी हनवन्त सिंह सोढा के नेतृत्व में गठीत की गई विषेश पुलिस टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम देते हुए गिरोह सदस्य श्रवण गुर्जर (30) पिता नारायणलाल गुर्जर निवासी पनोतिया नयाघर थाना कुंवारिया तथा अफसाना खान (26) पुत्री मोहम्मद ईस्माईल खान निवासी नवरत्न कोलोनी कांकरोली को गिरफ्तार किया। जबकि अन्य फरार सदस्यों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से कुछ मोबाइल फोन और अन्य सामान भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि यह गिरोह पिछले कुछ समय से कांकरोली और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय था। गिरोह के सदस्य सोने-चांदी के व्यापारियों और अन्य धनवान लोगों को अपना शिकार बनाते थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# तबीयत बिगड़ने से बंदी की अस्पताल में मौत

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर केंद्रीय कारागार में सजायाप्ता बंदी की तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह लैंगिक अपराध में पांच वर्ष की सजा काट रहा था। उसे जालोर जेल से जोधपुर जेल में शिफ्ट किया गया था। पुलिस ने बंदी का आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द किया। इस बारे में जेल अधीक्षक की तरफ से रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई।

रातानाडा थाने के एएसआई हीरालाल ने बताया कि जालोर जिले के भीनमाल स्थित जेतू के रहने वाले 50 वर्षीय जेठाराम पुत्र हरजीराम को लैंगिक अपराध प्रकरण में 21 दिसम्बर 2021 को पांच साल की सजा और जुर्माना लगाया गया था। उसे जेल भेजने के आदेश हुए थे। उसके खिलाफ वर्ष 2020 में प्रकरण दर्ज हुआ था। 25 दिसम्बर 2021 को उसे जालोर जेल से जोधपुर जेल में शिफ्ट किया गया था। यहां पर उसकी बाद में तबीयत खराब रहने लगी थी। जोधपुर जेल डिस्पेंसरी में उसका उपचार चल रहा था। गत 19 दिसम्बर को उसकी ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर मथुरादास माथुर अस्पताल में रैफर किया गया, मगर 31 दिसम्बर को उसकी मौत हो गई।

# नए साल पर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान सैलानियों से गुलजार रहा

**भरतपुर, (निसं)।** नए साल के पहले दिन विश्वविख्यात केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना देशी-विदेशी सैलानियों से गुलजार रहा। सैलानियों ने घने में पक्षियों की अठखेलियों को निहारा। घना उद्यान में इन दिनों सैकड़ों प्रजातियों के हजारों प्रवासी पक्षी देखे जा सकते हैं। साइबेरिया, मंगोलिया और यूरोप से आने वाले पक्षियों के कलरव से उद्यान का वातावरण मनमोहक बन गया है। रंग-बिरंगे पक्षी, पेंटेड स्टार्क, ई ठोट, स्पूनबिल, क्रेन, स्पॉट-बिल डक और बार-हेडेड गीज पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं। वहीं कई दिनों बाद धूप निकलने पर सैलानियां को केवलादेव भ्रमण में भी आसानी हुई।

■ **सैलानियों ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में पक्षियों की अठखेलियों को निहारा**

भरतपुर का केवलादेव उद्यान सर्दियों के मौसम में वन्य जीव एवं प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहता है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में करीब 350 प्रजाति के देशी-विदेशी पक्षी प्रवास करते हैं। घना में धूप निकलने पर पायथन पॉइंट पर धूप सेकने के लिए अजगरों के बाहर आने पर सैलानियों की भीड़ उन्हें देखने के लिए जमा हो जाती है। पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष क्यूआर कोड के माध्यम से टिकट बुकिंग की सुविधा शुरू की गई है, जिसका सैलानियों ने फायदा लिया। दिसम्बर के आखिरी सप्ताह व नए वर्ष के दिनों में रिकार्ड संख्या में पर्यटक घना घूमने के लिए आते हैं, जिससे स्थानीय टूरिज्म को काफी बढ़ावा मिलता है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के होटल भी फुल हो जाते हैं। सैंकडों की संख्या में बुधवार को सैलानी केवलादेव घना घूमने पहुंचे, जिसके चलते घना में ई-रिक्शा चलाने वाले लोगों के चेहरे भी खिले नजर आए। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक मानस सिंह ने बताया कि नए साल के पहले दिन 1500 से अधिक देशी-विदेशी सैलानी घना घूमने आए, जिन्होंने सैंकड़ों प्रजाति के पक्षियों को निहारा और घने को देखकर खुश नजर आए।

# बांडी नदी में मिला शव

**पाली, (नि.सं.)।** बुधवार दोपहर के समय बांडी नदी में एक जने का शव मिलने की सूचना पर सीओ सिटी देरावर सिंह सोडा, कोतवाली थाना प्रभारी किशोर सिंह भाटी सहित पुलिस टीम मौके पहुंची।

शव की पहचान सुभाष नगर निवासी कानाराम राम पुत्रः भीमाराम बंजारा रूप में हुई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे।

परिजनों ने बताया कि कानाराम के मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते 25 दिसंबर को बिना बताए घर से निकल गए थे।

परिजनों ने अपने स्तर पर ढूंढने की बहुत कोशिश की लेकिन कोई मालूम नहीं पड़ा। परिजनों द्वारा औद्योगिक थाने में 27 दिसंबर को गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी। बुधवार दोपहर को बांडी नदी के पास में बदबू आने के बाद देखा तो एक युवक शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बांगड़ हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया।

# दादा अमीरूदीन हैदर के चादर जलसा में लोग उमड़े

**गुड़ामालानी, (कासं)।** गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित दादा अमीरूदीन हैदर की दरगाह पर 38 वे उर्स को लेकर बुधवार को सायं चादर जलसा निकाला गया। जलसे के बाद कौमी एकता की बैठक होगी, जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित लोग भाग लेंगे।

दरगाह कमेटी के सदर जफर खान कोटवाल ने बताया कि छोटे ख्वाजा के नाम से विख्यात दादा अमीरूदीन हैदर के 38 वे उर्स के दौरान आज दरगाह पर चादर, फूल, लंगर,कि बोलियां लगाई गई। जिसमें बोलियां को लेकर बढ़-चढ़कर भाग लिया।

चादर जलसा बडे हर्षोल्लास के साथ रोडवेज बस स्टैंड से कोटवालों का वास,कुम्हारों का वास होते हुए दरगाह परिसर पहुंच। जहां बोलीदाता द्वारा चादर चढाई गई।

चादर की बोली सतार खान मोयला, लंगर की बोली पूर्व सरपंच दिनेश पी शर्मा, फूलों की बोली नूर मोहम्मद मोयला के द्वारा ली गई। चादर जलसा में हजारों जायरीनों ने भाग लिया।



दादा अमीरूदीन हैदर की दरगाह पर 38वें उर्स को लेकर चादर जलसा निकाला गया।

# राजेश विजयवर्गीय ने 38वीं बार रक्तदान किया

**राजसमंद, (निसं)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा की प्रेरणा से विजयवर्गीय समाज के जिलाध्यक्ष राजेश विजयवर्गीय ने 38वीं बार रक्तदान किया।

रेडक्रॉस के मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि रक्तदाता विजयवर्गीय वर्ष में चार बार रक्तदान करते हैं 1 जनवरी 2025 को 38वीं बार रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। विजयवर्गीय का मानना है कि वह रक्तदान की वजह से स्वस्थ एवं अच्छा महसूस करते हैं एवं नई युवा पीढ़ी के लिए रक्तदान के प्रति जो भ्रांतियां है वो दूर करना चाहते हैं कि रक्तदान करना चाहिए ताकि पीड़ित रोगियों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि चैयरमेन कुलदीप शर्मा के निर्देशन में रक्तदान करो रोगियों का जीवन बचाओ जन जागृति मुहीम को लेकर समय-समय पर रक्तदान शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति आमजन को जागृत किया जा रहा है। इसी के तहत रक्तदाता आपातकालीन जरूरत पर रेडक्रॉस की प्रेरणा से रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंचते हैं। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिले में सर्वाधिक संस्थागत रक्तदान करवाने वाली मानवीय सेवा के लिए अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय संस्था है।



राजेश विजयवर्गीय।

रेडक्रॉस सोसायटी रक्तदान, नेत्रदान, देहदान, टीबी पोषण किट, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर, कम्बल वितरण, अवेयरनेस कार्यक्रम आदि अन्य मानवीय सेवा के लिए कार्य करती हैं।

# फूड प्लाजा में कई अनियमितताएं उजागर

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में पर्यटन सीजन के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा दल अलर्ट मोड पर आ गया है, जिसके तहत बुधवार को अम्बामाता थाना क्षेत्र में स्थित एक फूड प्लाजा पर विभाग ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच बामनिया ने बताया कि पर्यटन सीजन पर जिले में बढ़ती पर्यटकों की संख्या को देखते हुए मिलावट की संभावना बढ़ जाती है। इसे रोकने हेतु बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने मैसर्स- वैदेही फूड प्लाजा, राडाजी चौराहा स्थित से पनीर, दही, चावल के नमूने जांच हेतु लिये गये। यहां कई अनियमिततायें पायी गयी।

फूड लाइसेंस एवं फूड सैफ्टी डिस्प्ले बोर्ड का डिस्प्ले नहीं होना पाया गया, पानी की रिपोर्ट एवं पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट नहीं पायी गयी। यहां कार्यरत फूड हैण्डलर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाये गये, साफ-सफाई नहीं पायी गयी, इन कमियों को दुरस्त करने हेतु विभाग द्वारा इम्प्रूमेंट नोटिस जारी किया जायेगा। डॉ. शंकर एच बामनिया ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा तथा लैब से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कारवाई की जायेगी।

# पूर्व सांसद गजसिंह ने तिथि के अनुसार जन्मदिन मनाया

**जोधपुर, (कासं)।** पूर्व सांसद गजसिंह का 77 वां जन्मदिन तिथि अनुसार बुधवार को उम्मेद भवन पैलेस के राठौड दरबार हॉल में अनेक लोगों की उपस्थिति में मनाया गया। समारोह में विशिष्ट कार्य करने वाली 7 प्रतिभाओं को जोधपुर के पूर्व महाराजा ने सिरोपाव प्रदान कर सम्मानित किया।

निजी सचिव जगतसिंह राठौड ने बताया कि गजसिंह के जन्मदिन का मुख्य समारोह उम्मेद भवन पैलेस के राठौड दरबार हॉल में हुआ। गजसिंह परम्परागत राजसी पहनावे व हाथ में प्राचीन शाही तलवार व चेहरे पर अपणायत की मुस्कान के साथ राठौड दरबार हॉल में पहुंचे।

राजपुरोहितों व राजपण्डितों द्वारा परम्परानुसार मंत्रोच्चारण के साथ तिलक आरती की व पुष्पेन्द्रसिंह भाटी ने मेवा-मिष्ठान थाल प्रस्तुत किया। समारोह में भानु प्रताप सिंह पूरे समय गज सिह के पास व्यवस्था में रहे। सबसे पहले शिवराज सिंह ने नजर निछरावल की व शुभकामनाएं दी। इसके बाद भंवर सिराजदेव ने दादोसा की नजर निछरावल की एवं जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



पूर्व सांसद गजसिंह का 77वां जन्मदिन तिथि अनुसार जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस के राठौड़ दरबार हॉल में मनाया गया।

फिर राठौर दरबार हाल में परंपरा के अनुसार पूर्व महाराज, पूर्व रावराजा, पूर्व सिरायत व पूर्व राजा, पूर्व ताजमी जागीरदार, मुस्सदी व विशिष्ट नागरिक, अतिथि, पूर्व जागीरदार, सरदार, नागरिक, मारवाड के राजपूत सरदार व पैलेस के पूर्व व वर्तमान अधिकारियों व कर्मचारियों ने नजर निछरावल कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

■ **समारोह में विशिष्ट कार्य करने वाली सात प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया**

गजसिंह ने राठौड दरबार हॉल के मुख्य समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 7 प्रतिभाओं को परम्परागत सिरोपाव प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें इंग्लैंड के एंड्रयू स्कॉट, रॉयल रूम के जैत सिंह, उम्मेद भवन पैलेस म्यूजियम के जबर सिंह, कन्हैयालाल, सरदार समंद फॉर्म के बद्री सिंह, कल्याण सिंह राठौड़, मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के पुजारी पंडित लक्ष्मी दत्त बोहरा को सम्मानित किया।

# सड़क मृत्युदर ज़ीरो करने के उद्देश्य से चलेगा 'अलवर परवाह' केयर अभियान

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता मे राष्ट्रीय सड़क सूरक्षा माह 2025 1 जनवरी से 31 जनवरी के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सूरक्षा माह का आयोजन किया जाना है इसके संबंध में संबंधित विभाग प्रो एक्टिव होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि यातायात एक सतत प्रक्रिया है इसको सुगम व सुरक्षित बनाने हेतु सडक परिवहन जुडें विभागों के साथ जिला प्रशासन की महती भूमिका रहती है अतः इसको दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने अलवर परवाह' केयर अभियान आज से प्रारंभ किया है जिसका मुख्य उदेश्य जिले की सडकों पर जीरो दुर्घटना मृत्यु रखा गया है। यह जिले में सतत रूप से चलेगा और मासिक आधार पर इसकी समीक्षा की जावेंगी। अभियान को जिले में चरणबद्ध रूप से लागू किया जायेगा जिसमें पहले वर्ष का लक्ष्य जिले की सडक दुर्घटना मृत्यु में 25 फीसदी की कमी लाना है।



अलवर परवाह केयर अभियान पोस्ट का विमोचन करते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला सहित अधिकारी।

उन्होंने कहा कि यह अभियान 6 ई रणनीति को अपनाते हुए समन्वित प्रयास किये जाएगे जिसके तहत एजुकेशन इंजिनियरिंग इन्फोर्समेंट इमरजेंसी केयर इवैल्यूएशन और एंगेजमेंट पर योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह

- जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह की समीक्षा बैठक

आमजन के जीवन से जुडा हुआ विषय है अतः इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाये। जिसमें जनजागरूकता के तहत यातायात के नियमों की पालना की सेमिनार आदि कराये जावे। इसमें संस्थाओं,प्रभूद्ध व्यक्तियों का सहयोग लेवे। राजकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में परिवहन व पुलिस के द्वारा सडक सुरक्षा के नियमों की जानकारी निरन्तर दी जावे। सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता व सडक सुरक्षा संबंधित संदेश के पोस्टर लगाये जावे। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में पंजीकृत सभी भारी वाहन चालकों एव बाल-वाहिनियों के चालकों को कार्यशाला के माध्यम से रिफ्रेशमेंट प्रशिक्षण चरणबद्ध रूप से प्रदान करें। उन्होने निर्देश दिए कि आरटीओ व सीडीईओ सभी बाल-वाहिनियों के सुरक्षा मापदण्डों की जांच एक माह में सुनिश्चित कर रिपोर्ट भिजवायें। उन्होंने यूआईटी सचिव व नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में अपने-अपने क्षेत्रा की सडकों के कट पर रोशनी की व्यवस्था आगामी 15 दिवस में करें। उन्होने आरटीओ, पीडब्लूडी, आर.एस.आर.टी.सी, रिडकोर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले से गुजरने वाले अधिक दुर्घटना वाले चिन्हित किये गये राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 248ए व राज्य मार्ग संख्या 14,25 व 44 की व्यापक ऑडिट रिपोर्ट आगामी 15 दिवस में प्रस्तुत करें तथा उन्होंने निर्देश दिए कि जिसमें अवैध कट, ब्रेकर, साईनेज, पार्किंग व अन्य सभी पहलू को शामिल करें। उन्होने पुलिस को निर्देश दिए कि आई रेड पोर्टल के डाटा संबंधित विभागों को निरन्तर उपलब्ध करावे।

## दूध पिलाकर नशा मुक्ति के लिये किया प्रेरित

**कोटपूतली।** नववर्ष पर बुधवार को आमजन को दूध पिलाकर नशा मुक्ति के लिये प्रेरित किया गया। एड. अभिलाष मीणा ने बताया कि बीते वर्ष को अलविदा करने एवं नववर्ष के आगमन पर नवयुवक एवं नवयुवतियों तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा नववर्ष की सुबह तहसील परिसर स्थित रामलीला मंच पर दूध पिलाकर नववर्ष के आगमन का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर युवाओं ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, एड. प्रेमवीर सिंह मीणा, के.एम. बंसल, एड. विजय प्रकाश शर्मा, एड. दयाराम गुर्जर, एड. अरविन्द सैनी, एड. ओमप्रकाश सैनी, एड. मालीराम कसाना, एड. अनिल आर्य, एड. रोहिताश सैनी, विष्णु छीपी, कमल मीणा, राकेश शर्मा, बीरबल रहीसा, एड. रामौतार कुमावत समेत अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध गोष्ठी, तीन अभियान आज से शुरू

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस लाईन स्थित क्रॉन्प्रेस हॉल में जिले के थानाधिकारी, वृताधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ अपराध गोष्ठी ली। जिसमें जिलेभर में अपराधिक गतिविधियों की जानकारियां भी सांझा की गई, साथ ही फरार चल रहे वांछित अपराधियों के आंकडो पर भी चर्चा की गई।

अपराध गोष्ठी में आमंत्रित पत्रकारो से भी वार्ता कर पुलिस की नववर्ष पर अग्रिम कार्यवाहीयों की योजनाओं को भी साझा किया गया। सांगवान ने बताया कि एसआईटी दल जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, द्वारा भी अपराधो के प्रति दिखाई जा रही गम्भीरता एवं उनके निर्देशो के साथ सक्रियता दिखाते हुए हम विशेष रूप से


जिले के थानाधिकारी, वृताधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ अपराध गोष्ठी ली।

तीन अभियान शुरू कर रहे है। जिसमें सडक सुरक्षा अभियान जिसकीशुरूआत आज से ही कर दी गई है तथा जिलेभर में नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों पर पकड बनाना तथा जिले की गम्भीरता समस्या अवैध बजरी खनन से जुडे बजरी माफियां, बजरी परिवहन को भी प्राथमिकता से लिया जाकर यह भी निर्णय किया गया है कि जहां भी अवैध बजरी के स्टॉक मिलेगें, उस स्थान की खातेदारी पर भी अंकुश लगाने की दृष्टि से उस भूखण्ड की खातेदारी समाप्त कर दी जायेगी। जहां तक साईबर क्राइम का मामला है, इसमें पुलिस पदाधिकारियों व सोशल मिडिया से जुडे लोगो को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है ताकि साईबर अपराधो की रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाये जा सके।

इस मौके पर देवली थानाधिकारी राजकुमार नायक, टोंक कोतवाल भवन लाल वैष्णव, बरौनी थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह, निवाई थानाधिकारी हरिराम वर्मा, पॉइंट ऑफ थानाधिकारी उदयवीर सिंह, निवाई सदर जयमल, सदर थानाधिकारी राजमोहन काव्य, दतवास थानाधिकारी कालूराम मीणा, महिला थानाधिकारी निरमा मीणा, मेवात थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा, हरीमन मीणा, बनेठा, राम गिलास गुर्जर इत्यादि मौजूद रहे।

# शाहपुरा में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

**शाहपुरा।** राजश्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग अमरपुरा शाहपुरा के तत्वाधान में बुधवार को स्वर्गीय श्री राजेंद्र पारीक की 16वीं पुण्य तिथि के अवसर पर कॉलेज परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

- 125 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित


16वीं पुण्य तिथि के अवसर पर कॉलेज परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

रजनीश हॉस्पिटल शाहपुरा के ब्लड बैंक की टीम की देखरेख में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 125 में यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस दौरान कॉलेज के निदेशक दिलीप पारीक ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन दान मिलता है। हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करके पुण्य लाभ अर्जित करना चाहिए। कॉलेज के चैयरमेन सूरजमल जाट ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दुसरा दान नही है।

रक्तदान करने से रक्त घटता नही बल्कि बढ़ता है। रक्त दान करने से शरीर में कोई रोग नही होता है। कॉलेज के प्राचार्य रविन्द्र कुमार व्यास ने कहा कि रक्तदान से दुर्घटना ग्रसित व्यक्ति को जीवन दान मिलता है। स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में युवा, कॉलेज परिवार के स्टॉफ, छात्र-छात्राओं ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया। इस दौरान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को कॉलेज प्रशासन की ओर से प्रशस्ति-पत्र भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनका सम्मान कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर निदेशक दिलीप कुमार पारीक, प्राचार्य रविंद्र कुमार व्यास, कॉलेज स्टाफ नरेश वर्मा, विकास कुमार सोनी, दिनेश मीणा, अभिषेक सैनी, मोहनलाल छीपा, सौम्या जांगिड़ ने समस्त रक्तदाताओं की हौसला अफजाई कर उनको धन्यवाद दिया। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 'अतुल्य अलवर पोर्टल' का शुभारंभ किया

**अलवर।** नव वर्ष के पहले दिन अलवर जिला प्रशासन ने नागरिकों को सुशासन और पारदर्शिता प्रदान करने के उद्देश्य से 'अतुल्य अलवर पोर्टल'..का शुभारंभ किया गया। जिसको जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने पोर्टल को बटन दबाकर लॉन्च किया।जिला कलक्टर ने बताया कि इस पोर्टल का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटली सशक्त बनाना, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और पारदर्शी एवं प्रभावी गवर्नेंस की दिशा में कदम बढ़ाना है। यह पोर्टल नागरिकों को अनेक सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी एवं समाधान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह पोर्टल नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाएगा और आधुनिक आईटी तकनीकों के माध्यम से सेवाओं को उनके मोबाइल पर ही उपलब्ध कराएगा। रियल-टाइम कचरा संग्रहण ट्रैकिंगउन्होंने ने बताया कि अलवर नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में कचरा संग्रहण वाहनों की रियल-टाइम लोकेशन अब नागरिकों के लिए पोर्टल पर उपलब्ध होगी। नागरिक अपने वार्ड का चयन कर यह देख सकेंगे कि कचरा संग्रहण वाहन उनके घर से कितनी दूर

- गवर्नेंस की दिशा में एक नई पहल
- जिला कलक्टर ने किया 'अतुल्य अलवर पोर्टल' लॉन्च

है। वाहन की रियल-टाइम मूवमेंट और रुकने के स्थान गूगल मैप पर प्रदर्शित किए जाएंगे।अलवर के पर्यटन स्थल की जानकारी एक जगह पर मिलेंगी जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अलवर जिलें के पर्यटन व पर्यटन स्थलों से जुड़ी सभी जानकारियां पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई हैं। इससे पर्यटकों को अलवर की प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त होगा।क्लीन अलवर मॉड्यूल नागरिक इस मॉड्यूल के माध्यम से सफाई और रोड लाइट से संबंधित समस्याओं का पंजीकरण करवा सकते हैं और उनकी स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने ने बताया कि इसके साथ ही आने वाले समय में जिला प्रशासन के अन्य विभिन्न प्रकार के माड्यूल/नवाचार यातायात सुरक्षा माह-परवाह ,ई- विद्या इत्यादि अतुल्य अलवर पोर्टल..पर ही उपलब्ध रहेंगे।

# जिला स्तर की कोर्ट खुले इसके लिए मिलकर करने होंगे हम सबको प्रयास : सुनील यादव

**किशनगढ़ बास।** संयुक्त व्यापार महासंघ की ओर से अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील यादव सचिव रविंद्र शर्मा जिला केमिस्ट एसोसिएशन उपाध्यक्ष कमलेश पमनानी व खाद्य सुरक्षा में मनोनीत सदस्य संतोष अग्रवाल का व्यापारियों ने सम्मान किया। संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी सहित व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं मनोनीत सदस्य का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया व मुंह मीठा कराकर नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील यादव केमिस्ट एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष कमलेश पमनानी व खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मनोनीत सदस्य संतोष अग्रवाल ने व्यापारियों का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिया कि व्यापारियों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

इस मौके पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष यादव ने कहा किशनगढ़ बास में जिला स्तर की न्यायालय खुले इसके लिए अभिभाषक संघ प्रयासरत हैं। यादव ने व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वह अभिभाषक संघ का सहयोग करें। उन्होंने इस संदर्भ में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मिलकर किशनगढ़ बास में न्यायालय खुलवाने की मांग करने की बात भी कहीं। इस मौके नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने


अभिभाषक संघ अध्यक्ष सुनील यादव सहित नवनिर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान करते व्यापारी।

खैरथल तिजारा जिला यथावत रखने पर सीएम भजनलाल शर्मा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पूर्व विधायक रामहेत यादव का आभार व्यक्त किया और कहा कि खैरथल तिजारा जिला बरकरार रखने से अब खैरथल तिजारा जिले में विकास ओर तेजी से बढ़ेगा।व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने अभिभाषक संघ अध्यक्ष को व्यापारिक संगठनों की ओर से आश्वासन दिया और

- खैरथल तिजारा जिला यथावत रखने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पूर्व विधायक रामहेत यादव का जताया आभार

कहा कि व्यापारिक संगठनों की ओर से न्यायालय खुलवाने में पूर्ण योगदान दिया जाएगा। इस मौके पर अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष अमित गौड़ भाजपा वरिष्ठ नेता बने सिंह नरूका भाजपा मंडल महामंत्री मनोज मित्तल अनाज मंडी अध्यक्ष रमेश अग्रवाल लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरमेश खुराना किराना व्यापार मंडल अध्यक्ष मदन अग्रवाल प्रभु दयाल चदनानी जनेश भूटानी मुकेश सोनी ताराचंद बत्रा प्रहलाद गुप्ता विनय गोयल धर्मेंद्र हरवानी संदीप वलेचा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## सात दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण का समापन

**मालपुरा,(निस)।** केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर व केड फाउण्डेशन उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान मे व्यवसायिक भेड-बकरी एवं खरगोश पालन पर संस्थान मे 13वां सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे आठ राज्यो के 45 पशुपालको ने भाग लेते हुये पशुओं की नस्ल, पोषण, स्वास्थ्य,चारा, दाना व आवास प्रबंधन पर सम्बन्धित विभाग के वैज्ञानिको ने प्रशिक्षण दिया। बुधवार को प्रशिक्षण के समापन पर संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने मौजूद किसानो को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पशुपालन पर कई सावधानियां व नवीन जानकारियां होना आवश्यक है। डॉ. तोमर ने कहा कि अच्छी नस्ल की भेड व बकरी पालन को अपनाने के लिये अविकानगर संस्थान से जुडे व स्वंय के संसाधनो के अनुसार भेड-बकरी पालन की सलाह दी। तोमर ने बताया कि बाजार मे मांस प्राप्ति के लिये भेड जल्दी तैयार होकर बकरी की तुलना मे अच्छा पशुपालन है। समापन समारोह मे सभी किसानो को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

## संक्षिप्त

### मंदिर में लगाया पौष बड़ों का भोग

**बौंली-बामनवास।** आजाद चौक स्थित पुरानी तहसील मुख्यालय पर विराजमान श्री राजराजेश्वर महादेव मंदिर बौंली पर नववर्ष एवं पोष माह के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा पोष बड़ों का भोग लगाया गया। आचार्य मनीष अवस्थी ने बताया कि बिगुल फाउंडेशन की अध्यक्ष हरपाल कौर के नेतृत्व में बुधवार को नववर्ष एवं पोष माह के पावन पर्व के उपलक्ष में श्री राजराजेश्वर महादेव मंदिर पर आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाकर महिलाओं द्वारा संकीर्तन किया गया एवं महा आरती होने के बाद समस्त श्रद्धालुओं को पोष बड़ों का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की गई। इसके बाद शाम को सामूहिक प्रसादी आगंतुक श्रद्धालु एवं बालक बालिकाओं ने ग्रहण की।

### अवैध स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** थाना कोतवाली क्षैत्र में डीएसटी टीम और थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में सदिग्ध अवस्था में मिले एक युवक के कब्जे से 6.5 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक बरामद की है। थानाधिकारी कोतवाली भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि थाना क्षैत्र के बहिर स्थित आरएसी कैम्पस के पास दानिश पुत्र साबिद उम्र 23 साल निवासी फूलबाग बीडी कॉलोनी जो संदिग्ध अवस्था में खडा दिखाई दिया, उससे पूछताछ करने पर उसके कब्जे से 6.5 ग्राम अवैध स्मैक प्राप्त की गईं। जिसे गिरफ्तार किया गया, अग्रिम पूछताछ जारी है।

जनवरी माह का जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित

### अटल जन सेवा शिविर लगेंगे

**कोटपूतली।** जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जनवरी माह का त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिसके तहत माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय, द्वितीय गुरुवार को उपखण्ड स्तरीय एवं तृतीय गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जायेगी। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि जनवरी माह में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 02 जनवरी को प्रातरू 11 बजे से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित की जायेगी। जिसमें आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई कर समाधान किया जायेगा। उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई (अटल जन सेवा शिविर) 09 जनवरी को व जिला स्तरीय जनसुनवाई 16 जनवरी को आयोजित होगी।

### दो सोलर रूफटॉप पैनल लगाये

**कोटपूतली।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा में बुधवार को नववर्ष पर विमलेश पत्नी विक्रम कुमार बासनीवाल, सुमन पत्नी अर्जुन लाल के घर पर सोलर ग्रिड लगाया गया। योजना के तहत उपभोक्ता के 03 किलोवाट सोलर पैनल लगाया गया है। जिसमें प्रतिमाह 300 यूनिट मुफ्त बिजली व केन्द्र सरकार की ओर से 78 हजार रूपये की सब्सिडी दी जायेगी। इस दौरान एईएन विष्णुदत्त शुक्ला, महिपाल सैन, राजेश सैनी समेत सोलर कम्पनी प्रतिनिधि, विद्युत विभाग के कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### जरूरतमंद लोगों को बांटे उनी वस्त्र

**श्रीमाधोपुर।** मातृभूमि सेवा संस्थान राजस्थान के डायरेक्टर समाजसेवी डॉक्टर बी एल एचरा के निर्देशन पर चलाए जा रहे जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष समाजसेवी एड.गोकुलचंद गोदारा ने मंगलपुर (खंडेला) में सैकड़ो जरूरतमंदों को शीत लहर (कड़ाके की सर्दी) से बचने के लिए ऊनी वस्त्र वितरित किए। एडवोकेट गोकुल चंद गोदारा ने बताया कि संस्थान की ओर से चलाए जा रहे जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत स्कूल में बच्चों को स्वेटर वितरण एवं बुजुर्गों और महिलाओं को ऊनी वस्त्र वितरण का कार्यक्रम चलाया रहा है। आज मंगलपुर (खंडेला) में जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र वितरण किए गए तथा संस्थान की ओर से ठंड से बचने के लिए जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र वितरण का कार्यक्रम 15 जनवरी तक चलाया जाएगा।

### दो स्थानीय अवकाश घोषित किए

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अपनी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2025 के कैलेंडर वर्ष में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए।

## सार-समाचार

### अभियान के तहत दूध वितरण




**नारायणपुर।** क़स्बा स्थित पुरुषोत्तम मार्केट में बुधवार को नववर्ष और कांग्रेस पार्टी के युवा नेता अनिल चोपड़ा के जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने "नशा छोड़ो, दूध पियो" अभियान के तहत युवाओं के बीच दूध वितरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन देशराज पटेल के नेतृत्व में किया गया। अपने संबोधन में देशराज पटेल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की लत का शिकार हो रही है, जो समाज और देश के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं और दूध जैसे पौष्टिक आहार को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इस दौरान सैकड़ों युवाओं ने दूध पिया और नशा छोड़ने का संकल्प लिया। इसके साथ ही अनिल चोपड़ा के जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने क्षेत्र की गौशालाओं में गायों को चारा डालकर सेवा कार्य किया। कार्यक्रम में रामकिशन बाज्या, रामस्वरूप मुक्कड़, गिर्राज ककोडिया, संजय, मुकेश, अशोक, राकेश, और कमलेश चौहान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने निरीक्षण दल की बैठक

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बुधवार को जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के अभियान को लेकर विशेष निरीक्षण दल (एसआईटी) की बैठक ली। बैठक में खनिज, राजस्व, पुलिस, परिवहन और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर रोकने के लिए सख्त एवं कारगर कार्रवाई करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभियान में समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एसआईटी सघन जांच अभियान चलाएं और अवैध गतिविधियों के स्त्रोत व स्थान को चिन्हित करें। अवैध खनन गतिविधियों वाले क्षेत्रों में मशीनरी की जब्ती सहित कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएं। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तर पर प्रतिदिन की जाएगी। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया को निर्देशित किया कि खातेदारी भूमि में अवैध खनिज भंडारण पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध धारा 177 के तहत केस दर्ज करें। साथ ही, आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएं। जिला कलेक्टर ने बिना नंबर वाली ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य वाहनों को जब्त करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। वन विभाग के अधिकारियों को निवाई उपखंड के नोहटा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा अवैध खनन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन में लिप्त लोगो को चिन्हित किया गया है। आगामी दिनो में काले शीशे वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले में स्थापित किये गए चेक पोस्ट की समय-समय पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक खनिज अभियंता सोहन लाल सुथार, जिला परिवहन अधिकारी संपत कुमार वर्मा, एसीएफ डॉ. अदिति सिंह यादव समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चो ने किया शैक्षिक भ्रमण

**श्रीमाधोपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना अंतर्गत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर से विज्ञान एवं गणित क्लब के बच्चों ने प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर निर्देशन मे जयपुर में शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यालय के 70 छात्र छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण की शुरुआत बिरला तारामंडल से की बिरला तारामंडल देखकर अमर जवान ज्योति पर छात्रों ने निरीक्षण किया उसके बाद में नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क का सभी छात्र-छात्राओं ने भ्रमण कर लुत्फ उठाया एवं अपने अध्ययन से संबंधित सामग्री जुटाई। शैक्षिक भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय आविष्कार अभियान विनोद कुमार यादव उपाचार्य, प्रभारी धनाराम जाट व्याख्याता भौतिक विज्ञान एवं शिशुपाल सिंह , बजरंग सिंह , गिरवर सिंह एवं श्रीमती हंसा देवी एवं जोगेंद्र प्रसाद वर्मा एवं छात्र-छात्राओं के भ्रमण में साथ रहे

### उपभोक्ता मानक जागरूकता कार्यशाला 3 को

**फुलेरा।** क्षेत्र में संचालित एवं कार्यरत राष्ट्र की अग्रणी संस्था उपभोक्ता, मानव महिला एवं बाल अधिकार, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में संस्था कंज्यूमर्स एक्शन एण्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी एवं भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 3 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा भवन परिसर में सभागार में उपभोक्ता मानक जागरूकता कार्यशाला व एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष विजेन्द्र प्रकाश हलचल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान हॉलमार्क, सोने-चांदी की परख के साथ ही विभिन्न आईएसआई मार्क एवं उत्पाद के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा बीआईएस केयर एप डाउनलोड करवा कर उसका प्रेक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही आगे बताया कि यह कार्यशाला दोपहर 3 बजे सायं 4:30 तक रहेगी। जिसमें कार्यशाला उपरान्त अल्पाहार एवं जलपान की व्यवस्था की गई है। वहीं उन्होंने आगे बताया कि संस्था द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 15 दिवसीय पखवाड़े का आयोजन 18 दिसम्बर 2024 से शुरू किया गया था, जिसमें उपभोक्ता के साथ विभिन्न स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें प्रत्यक्ष सहभागी बनाये गये। इसके अलावा आगे बताया कि इस कार्यक्रम के साथ ही उपभोक्ता पखवाड़े का समापन होगा और उपभोक्ता जागृति के लिए नवीन योजनाएं घोषित की जाएगी। संस्था की यह मंशा है कि उपभोक्ता को सही मूल्य पर वस्तु मिले और उसे सही क्वालिटी की वस्तु मिले और उसकी शिकायत होने पर उसका शीघ्र समाधान हो।

### सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड में झूमे श्रद्धालु

**पीपलू,** कस्बे के रानोली रोड पर गांधी बाजार स्थित कूट वाले बालाजी मंदिर तथा श्रीचारभुजानाथ मंदिर के यहां स्थित बालाजी मंदिर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को सर्वकल्याणार्थ संगीतमय सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का आयोजन हुआ। इस दौरान समापन पर कूट वाले बालाजी मंदिर पर गाजर के हलवे का प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं श्रीचारभुजा मंदिर के यहां निवाई से श्रीराम सुन्दरकाण्ड मंडल की संगीतमय पाठ की प्रस्तुति सुन श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। इस दौरान जामवंत के बचन सुहाए, सुनि हनुमंत हृदय अति भाए सहित सभी चौपाईयों पर श्रद्धालुओं ने धर्म की इस वेला में गोता लगाया। श्रद्धालु पूरे समय तालियां बजाकर सुंदरकांड की चौपाई दुहराते रहे। इस दौरान एक से बढक़र एक भजनों की भी प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही भगवान श्रीराम, बलाजी महाराज की झांकी के साथ आकर्षक दरबार सजाया गया। कार्यक्रम के अंत में हनुमान चालीसा पाठ व महाआरती करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया।

### अपनो के लिए सदैव दिल का दरवाजा खुला रखे : धर्मेंद्र व्यास

**मनोहरपुर।** समाज सेवी धर्मेंद्र कुमार व्यास ने नववर्ष पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तन की सुंदरता के साथ मन को भी सुंदर बनाए अपने तो अपने होते है अपनो के लिए सदैव दिल का दरवाजा खुला रखे! व्यास ने एक भेंट के दौरान कहे कि खुशी बाहर नहीं मिलती हमारे भीतर छिपी होती है जब हम अपनी सोच को सही दिशा में मोड़ते हैं और छोटी-छोटी बातों में आनंद ढूंढते हैं तो खुशी जिंदगी का हिस्सा बन जाती है खुशी कोई रहस्य में या तात्कालिक चीज नहीं है जिसे किसी जादू से प्राप्त किया जा सके खुश रहने के लिए बड़ी बाहरी स्थितियों की जरूरत नहीं होती बल्कि यह एक अंदरूनी यात्रा है जो हमारी रोजमर्रा की आदतों और मानसिकता से जुड़ी होती है यदि हम अपनी सोच और दिनचर्या में छोटे सकारात्मक बदलाव लाते हैं तो खुशहाल हो सकते हैं खुश रहना कोई जादू नहीं है

# खेल जगत



युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में जिस तरह से साहसिक अर्धशतक जड़ा उससे वह मंत्रमुग्ध थे।
- ग्लेक्स गैरी

ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर, सैम कोंस्टास के बारे में बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी ▶** विनोद कांबली



पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। तकरीबन 10 दिन पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर को अस्पताल से भर्ती कराया गया था। लेकिन अब जरूरी इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वहीं, इसके बाद विनोद कांबली ने अपनी प्रतिक्रिया दी। विनोद कांबली ने अपने मैसेज में कहा कि नए साल में नागरिकों को शराब और अन्य नशों से दूर रहना चाहिए। मैंने अनुभव किया है कि लत जीवन को नष्ट कर सकती है। मेरी हालात स्थिर है और मैं जल्द ही मैदान पर आउंगा, इससे पहले अस्पताल में भी उन्होंने भारतीय जर्सी पहनकर बल्ले के साथ नए साल की शुभकामनाएं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेनिस स्टार जिम्मी कोनर्स के ऊपर 20,000 डॉलर का जुर्माना और दस सप्ताह के लिए उन्हें निरस्त किया गया था।

## कब, कहां होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5वां टेस्ट मैच

सिडनी, 1 जनवरी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतर्गत खेली जा रही इस सीरीज का पहला टेस्ट भारत ने 295 रनों से जीता। वहीं एडिलेड में खेला गया दूसरा मैच कंगारू टीम के पक्ष में हुआ। जबकि गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा। वहीं मेलबर्न में खेला गया चौथे मैच में भारत को हार का मुंह देखना पड़ा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां टेस्ट मैच 3 दिसंबर 2025 से 7 जनवरी के बीच खेला जाएगा।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां टेस्ट सिडनी में खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां टेस्ट सुबह 5 बजे से शुरू होगा। वहीं टॉस भारतीय समयानुसार सुबह 4.40 बजे होगा।

## लखनऊ करेगा आईएचएफ ट्रॉफी की मेजबानी

लखनऊ, 1 जनवरी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तीन जनवरी से शुरु होने वाली आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर (कांटिनेंटल फेज - एशिया) में भारत समेत चार देशों की टीमें आकर्षण का केंद्र होगी। लखनऊ को पहली बार हैंडबॉल की प्रतिष्ठित इंटरनेशनल चैंपिनशिप की मेजबानी का मौका मिला है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप के हाईवोल्टेज मुकाबले तीन से सात जनवरी तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में खेले जाएंगे। आज चैंपियनशिप की ट्रॉफियों का अनावरण भी किया गया। यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष अलका दास ने बताया कि इस चैंपियनशिप में जूनियर व यूथ दोनों श्रेणियों में मेजबान भारत सहित चार टीमें विजेता बनने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगी। आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर (कांटिनेंटल फेज - एशिया) में अंडर-18 यूथ व अंडर-20 जूनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। इसमें भारत सहित बांग्लादेश, कजाखिस्तान व उज्बेकिस्तान की टीमें दोनों ही श्रेणियों में भाग लेंगी। एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (कार्यकारी निदेशक, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया) ने बताया कि चैंपियनयशिप में दोनों ही श्रेणियों में 6-6 लीग मैच के बाद सेमीफाइनल, फाइनल व कांस्य पदक के लिए मैच होंगे।टूर्नामेंट में प्रतिदिन चार मैच होंगे। प्रत्येक मैच 75 मिनट का खेला जएगा जिसमें 30-30 मिनट के दो हॉफ होंगे जबकि बीच में 15 मिनट का ब्रेक रहेगा। इसमें तीन से 5 जनवरी तक लीग मैच, 6 जनवरी को सेमीफाइनल व 7 जनवरी को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

## 35वीं सीनियर तलवारबाजी चैम्पियनशिप में दूसरे दिन हरियाणा आगे

कन्नूर, 1 जनवरी। 35वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन बुधवार को तीन व्यक्तिगत श्रेणियों के पूरा होने के बाद हरियाणा एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर तथा मणिपुर एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। आज यहां मुंडयाद इंडोर स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में सीनियर महिला एपी श्रेणी में खत्री तनिष्का (हरियाणा) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अरोड़ा एना (पंजाब) ने रजत और दलाल शीतल (हरियाणा) और बिद्याबाती लाईखुराम (मणिपुर) ने कांस्य पदक हासिल किये। सीनियर पुरुष फॉयल श्रेणी में के बिबिश (तमिलनाडु) ने स्वर्ण, कुमार आकाश (बिहार) ने रजत, सिंह समासम हेमश (एसएससीबी) और पाटिल थेजस (महाराष्ट्र) ने कांस्य पदक हासिल किए। सीनियर महिला फायल श्रेणी में सोनिया देवी वैखोम (मणिपुर) ने स्वर्ण, कनुप्रिया (हरियाणा) ने रजत और प्राची प्राची (हरियाणा) और मीना देवी (मणिपुर) ने कांस्य पदक हासिल किए। 31 दिसंबर से शुरू हुई यह चैंपियनशिप तीन जनवरी तक चलेगी। कल से शुरु हो रहे ठ्ाप मैचों में 28 राज्यों के 168 ठ्ाप मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## ओलंपिक की मेजबानी का आशय-पत्र खेलो इंडिया का मैदान पर प्रभाव

नई दिल्ली, 1 जनवरी। भारत ने 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए आशय पत्र प्रस्तुत करने के साथ बीते वर्ष 2024 ने खेला इंडिया जैसी नयी पहल के चलते स्थानीय खेल प्रतिभाओं के खेल मैदान पर तेजी से उभरते देखा। शतरंज में डी गुकेश हाल ही में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करके भारत को गौरवान्वित किया। भारत ने क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों में नयी उपलब्धियां दर्ज करते हुए कुल मिला कर अंतराष्ट्रीय खेल प्रांगण में उभरती एक नयी शक्ति के रूप में सामने आया है। भारतीय ओलंपिक संघ ने 2036 में भारत में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आधिकारिक तौर पर देश की रुचि व्यक्त की है। आईओए ने नवंबर में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के भावी मेजबान आयोग को एक आशय पत्र प्रस्तुत किया, जो इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन के लिए भारत की औपचारिक बोली को चिह्नित करता है। केंद्र सरकार की खेलो इंडिया जैसी मजबूत पहल ने जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारा है और ओलंपिक में जीत हासिल करने के लक्ष्य वाली टार्गेट पोडियम स्कीम (टॉप्स) शीर्ष एथलीटों को विश्व स्तरीय सहायता प्रदान की है। इन पहलों से खेल-कूद अब केवल मनोरंजन से आगे बढ़ कर एक सम्मानित करियर बनता जा रहा।

# सिडनी टेस्ट में बारिश बनेगी टीम इंडिया के लिए मुसीबत



सिडनी, 1 जनवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा। फिलहाल, 5 मैचों की सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम 2-1 से आगे चल रही है। ऐसे में भारत के लिए ये मुकाबला करो या मरो का होने वाला है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए ये टेस्ट मैच भारत के लिए काफी अहम हो जाता है।

टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट जीता था, इसके बाद एडिलेड टेस्ट में भारत को हार का सामना करना पड़ा। वहीं गाबा टेस्ट ड्रॉ रहा और मेलबर्न टेस्ट में भी भारत को हार का मुंह देखना पड़ा। ऐसे में यहां से कोई भी ड्रॉ भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए फायदेमंद नहीं होगा, क्योंकि जीत ही उसका एकमात्र रास्ता है। ऐसे में सिडनी टेस्ट का मौसम भारतीय टीम की रणनीति खराब कर सकता है।

सिडनी में 3 जनवरी से शुरू होने वाले 5वें टेस्ट मैच के मौसम की बात करें तो ये मिला-जुला रहेगा। जिसमें धूप और बादल दोनों ही रहेंगे। 3 जनवरी को पहले दिन तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। बारिश की संभावना 30 प्रतिशत तक है। 4 जनवरी को धूप खिली रहेगी और बारिश की संभावना केवल 5 प्रतिशत है। वहीं 5 जनवरी को भी पूरे दिन धूप खिली रहेगी,लेकिन हल्की बारिश की संभावना है और तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। 6 जनवरी को धूप खिलने के बावजूद बारिश की 30 प्रतिशत संभावना है। जो भारतीय टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। हालांकि, 7 जनवरी को बारिश का खतरा बड़ सकता है और तापमान 21 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। ऐसे में अगर टेस्ट मैच 5वें दिन तक जाता है तो भारतीय टीम को समय रहते अपनी जीत सुनिश्चित करनी होगी।

## सिडनी टेस्ट से बाहर हो सकते है पंत, ध्रुव जुरेल को मौका



सिडनी, 1 जनवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। 3 जनवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का पांचवां टेस्ट मैच खेला जाना है। पांचवां टेस्ट मैच 3 जनवरी से 7 जनवरी तक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है।

इस टेस्ट मैच को जीतकर भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को ड्रॉ कराना चाहेगी। लेकिन ऋषभ पंत के गलत शॉट से टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ रही हैं। ऐसे में अब खबर आ रही है कि पंत को सिडनी टेस्ट से बाहर किया जा सकता है। पंत की जगह ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है।मेलबर्न टेस्ट में पंत ने कई गलतियां कीं। जब टीम को संभलकर खेलने की जरूरत थी, तब उन्होंने नाथन लियोन की गेंद पर जोखिम भरा शॉट खेला और मिचेल मार्श को कैच थमा बैठे। इसके बाद भारतीय टीम 121/3 से 155 रन पर सिमट गई और मैच 184 रन से हार गई। पंत के प्रदर्शन ने टीम मैनेजमेंट को 5वें टेस्ट से पहले अपनी प्लेइंग 11 पर दोबारा विचार करने पर मजबूत कर दिया है। पंत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का नाम चर्चा में है। जुरेल ने इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच खेले गए मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने मेलबर्न में 80 और 68 रनों की दो अहम पारियां खेलीं। इसके साथ ही ईरानी ट्रॉफी में भी उन्होंने 93 रन बनाए।

## चोटिल मिचेल स्टार्क सिडनी टेस्ट खेलने पर सस्पेंस

सिडनी, 1 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क चोटिल हैं उनकी पसली में दर्द है। जिस कारण उनका सिडनी टेस्ट में खेलने पर सस्पेंस है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को उम्मीद है कि, स्टार्क पसली में दर्द के बावजूद भारत के खिलाफ शुक्रवार से सिडनी टेस्ट में खेलेंगे। इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की फिटनेस ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वह बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन से ही पसलियों दर्द से जूझ रहे थे, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो की मदद से गेंदबाजी करने में सफल रहे। कंगारू टीम ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है।बुधवार को एलेक्स कैरी ने कहा कि, वह ठीक हो पाएगा। उम्मीद है कि वह पांचवां टेस्ट मैच खेलेगा। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता संभवत:टेस्ट मैच के करीब स्टार्क की फिटनेस पर फैसला लेंगे।

## बुमराह ने 907 रेटिंग अंक हासिल कर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया



दुबई, 1 जनवरी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने नव वर्ष की शुरुआत में गेंदबाजी रैंकिंग में 907 रेटिंग अंक हासिल करने के साथ नया भारतीय रिकार्ड बनाया है। बुमराह बॉक्सिंग डे टेस्ट में हासिल किये छह विकेटों की बदौलत 15 रेटिंग अंक की छलांग लगाने के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर तीन पर पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी की गई रैंकिंग के अनुसार बुमराह ने हाल में संन्यास लेने वाले स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन की 2016 की 904 अंकों की अपनी सर्वोच्च रेटिंग को पछाड़ते हुए यह रिकार्ड बनाया है। बुमराह ने हाल में अश्विन के रिकार्ड की बराबरी की थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन कर वह नया भारतीय रिकार्ड बनाने में सफल रहे। बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने ऑलराउंडरों की सूची में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 837 रेटिंग अंक के तीसरा स्थान हासिल किया है। दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन ने पहली बार 800 रेटिंग अंक हासिल कर पांचवां स्थान पाया है।

## जयपुर जिला क्रिकेट संघ : फरवरी से शुरू होगी जेडीसीए की डिविजन लीग

जयपुर, 1 जनवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ की तदर्थ समिति ने मीटिंग कर निर्णय लिया है कि जयपुर जिला किकेट संघ की सन् 2018 से रुकी हुई डिविजिन लीग को फरवरी माह से आरम्भ किया जाए। तदर्थ समिति की मीटिंग में सत्र 2024-25 के किकेट कलैण्डर के तहत ए डिविजन लीग, बी डिविजन लीग आयोजित करने के लिए ठोस कदम उठाया है। उल्लेखनीय है कि पिछले 7 साल से जयपुर की डिविजिन लीग किकेट आयोजित नहीं की गई है जिससे खिलाडियों को प्रतिस्प्रधात्मक क्रिकेट खेलने का अवसर नहीं मिल पाया है। जयपुर जिला क्रिकेट संघ की ए डिविजन लीग में 8 टीमें राउण्ड रोबिन आधार पर 50 -50 ओवर के मैच खेलेगी। कुल 28 लीग मैच खेले जाएंगे। लीग में पॉइन्टस टेबल की श्रेष्ठ 2 टीमें विजेता व उपविजेता रहेगी तथा बॉटम की 2 टीमें बी डिविजन लीग में जाऐगी। 01 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाली ए डिविजन लीग के सभी मैच के. एल. सैनी व जयपुरिया ग्राउण्ड पर आयोजित किये जाऐगें। ए डिविजन लीग की टीमें निम्नलिखित है 1. जयपुर क्लब, चम्बल स्पोर्टस, सुराणा एकेडमी, नीरजा मोदी एकेडमी, राजस्थान यूथ, राजीव गाँधी किकेट क्लब, जयपुर ब्लूज व सबा क्लब। 1 मार्च से 31 मार्च के मध्य बी डिविजन लीग आयोजित की जाएगी। बी डिविजन लीग में 16 टीमें भाग लेगी। प्रत्येक टीम को 3 लीग मैच 50-50 ओवर के खेलने को मिलेंगे। जयपुर जिला किकेट संघ द्वारा मार्च माह में अम्पायर व स्कोरर की परीक्षा व सेमीनार आयोजित किया जाएगी।

## मेलबर्न टेस्ट के बाद ड्रेसिंग रूम में टीम इंडिया पर भड़के गौतम गंभीर



मेलबर्न, 1 जनवरी। मेलबर्न टेस्ट मैच की हार के बाद टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ड्रेसिंग रूम में जमकर टीम पर बिफरे हैं। भारत इस मैच में ड्रॉ की स्थिति में पहुंच गया था लेकिन आखिरी दिन के आखिरी सेशन में टीम की खराब बल्लेबाजी ने उन्हें हार का मुंह दिखा दिया। हार के बाद ड्रेसिंग रुम में जाकर गंभीर ने साफ शब्दों में कहा कि, अब बस बहुत हो गया।

गंभीर ने आरोप लगाया कि खिलाड़ी इंटेंट दिखा रहे हैं लेकिन टीम के बारे में नहीं सोच रहे हैं।गंभीर के मुताबिक अब ऐसा नहीं होगा। अब खिलाड़ी नेचुरल गेम नहीं बल्कि उनके हिसाब से खेलेंगे। गंभीर ने इस दौरान किसी एक खिलाड़ी का नाम ही लिया लेकिन लापरवाही से विकेट खोने वालों को जमकर लताड़ लगाई है। गंभीर खास तौर से मुकाबले में गेम प्लान के हिसाब नहीं खेलने से नाराज थे। उन्होंने कहा कि नेचुरल गेम के नाम पर कई खिलाड़ी अपने हिसाब से बल्लेबाजी कर रहे थे, जबकि उन्हें परिस्थिति के अनुसार खेलना चाहिए था। गंभीर ने कहा कि अब ऐसा नहीं चलेगा।

गंभीर ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन ये साफ तौर पर कहा कि खिलाड़ी अपन तथाकथित नेचुरल गेम खेले लेकिन स्थिति के हिसाब से नहीं खेल रहे थे। उन्होंने टीम की प्लानिंग के हिसाब से काम नहीं किया। गंभीर ने ये भी कहा कि पिछले 6 महीने में उन्होंने टीम को ये फैसला करने दिया कि वह क्या चाहते हैं लेकिन अब खिलाड़ी वही करेंगे जो गंभीर चाहेंगे। जो भी उनके फैसले नहीं मानेगा वह थैंक्यू कहकर बाहर करने में देर नहीं करेंगे।

भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में अब भी है। हालांकि, अब उनकी राह बहुत मुश्किल हो गई है। गंभीर ने इन्हीं हालात को देखते हुए अब सख्ती करने का फैसला कर लिया है। कई सूत्रों ने ये भी कहा है कि ड्रेसिंग रुम का माहौल आदर्श स्थिति से बहुत दूर है। टीम में काफी टेंशन है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित शर्मा की फॉर्म और कप्तानी सवालों के घेरे में है।

## चेबेट ने महिलाओं की पांच किमी. की दौड़ में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

बार्सिलोना, 1 जनवरी। दो बार की ओलंपिक चैंपियन बीट्राइस चेबेट ने महिलाओं की पांच हजार मीटर की दौड़ का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर कर्सा डेल्स नैसोस रोड रेस का खिताब जीता। बार्सिलोना में हुई इस दौड़ को 24 वर्षीय केन्याई खिलाड़ी ने 13 मिनट और 54 सेकंड में पूरा किया। इस साल की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में स्वर्ण जीतने वाली चेबेट ने इसी दौड़ में एक साल पहले बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को 19 सेकंड से पीछे छोड़ दिया। दौड़ के बाद चेबेट ने कहा, मैं बहुत खुश हूं क्योंकि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ। मुझे लगा कि मैं 14 मिनट से कम समय में दौड़ सकती हूँ और मैं ऐसा करने में सफल रही। बार्सिलोना में दो दौड़ और दो विश्व रिकॉर्ड, क्या मैं इससे अधिक की उम्मीद कर सकती हूँ। उन्होंने कहा, मेरा ध्यान अगले वर्ष टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर है।

## वैशाली ने महिला विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता



नई दिल्ली, 1 जनवरी। भारत की आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीता और इस तरह से यहां रैपिड स्पर्धा में कोनेरू हम्पी के खिताब जीतने के बाद देश के खिलाड़ियों ने वर्ष 2024 के अंत में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। वैशाली ने क्वार्टर फाइनल में चीन की झू जिनर को 2.5-1.5 से हराया लेकिन सेमीफाइनल में वह चीन की एक अन्य प्रतिद्वंद्वी जू वेनजुन से 0.5-2.5 से हार गईं।

इस प्रतियोगिता में पूरी तरह से चीन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। चीन की जू वेनजुन ने हमवतन लेई टिंगजी को 3.5-2.5 से हराकर विश्व खिताब जीता। पांच बार के विश्व चैंपियन और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद ने वैशाली को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि यह वर्ष को समाप्त करने का एक शानदार तरीका है।

आनंद ने एक्स पर लिखा, ''कांस्य पदक जीतने पर वैशाली को बधाई। उसने वास्तव में शानदार प्रदर्शन किया। हमारी वाका शतरंज सलाहकार (वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी) ने हमें गौरवान्वित किया है। यह वर्ष 2024 का समापन करने का शानदार तरीका था।'' ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन और रूस के इयान नेपोम्नियाचची ने ब्लिट्ज़ खिताब साझा किया क्योंकि सडन-डेथ की तीन बाजियों के बाद भी कोई स्पष्ट विजेता नहीं बन पाया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने ट्रॉफी साझा करने पर सहमति जताई। यह पहला अवसर है जबकि खिताब दो खिलाड़ियों में बांटा गया।

कार्लसन ने बाद में पत्रकारों से कहा, ''हम दोनों थके हुए थे। मैं जानता हूं कि हमारा यह फैसला कुछ को पसंद आएगा और कुछ को नहीं। हम खेल जारी रख सकते थे लेकिन खिताब साझा करना अच्छा समाधान था। यह टूर्नामेंट को समाप्त करने का अच्छा तरीका था।''

इस सप्ताह कार्लसन की यह दूसरी बड़ी जीत थी क्योंकि कुछ दिन पहले ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण उन्हें रैपिड चैंपियनशिप से बाहर कर दिया था लेकिन आखिर में विश्व संस्था को इस स्टार खिलाड़ी को वापस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा था। कार्लसन रैपिड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जींस पहनकर आये थे और उन्होंने औपचारिक पतलून पहनने से इनकार कर दिया।

## राज्य स्तरीय अंडर-14 यूथ कप : कोडाई एकेडमी को हराकर जीए एकेडमी अलवर सेमीफाइनल में पहुंची



जयपुर, 1 जनवरी। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर - 14 यूथ कप प्रतियोगिता में आज खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल मैच में जी ए एकेडमी अलवर ने कोड़ाई एकेडमी को 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज अरावली ग्राउंड पर खेले गए मैच में जोड़ाई एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चर्चित निर्वाण के 38 रन, सुमित मीना के 14 रन व गुणवंश के 11 रनों से 38.1 ओवर में 109 रन बनाए। जी ए एकेडमी अलवर के लिए अर्णव खूंटेटा ने 16 पर 5, ट्विश शर्मा ने 4 पर 3, रिहान खान ने 8 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में जी ए एकेडमी ने लिए ट्विश शर्मा के 52 रन नाबाद व उदित के 50 रन नाबाद से 12.5 ओवर में बिना विकेट 110 रन बना कर मैच जीत लिया।

## जिला क्रिकेट संघ दौसा : राजस्थान महिला टीम में दौसा से चार खिलाड़ियों का चयन

जयपुर, 1 जनवरी। ज़िला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान की अंडर-19 महिला टीम में दौसा जिले से पहली बार तीन महिला खिलाड़ियों और अंडर -23 में एक महिला खिलाड़ी का चयन हुआ है। महिला खिलाड़ी सोनम सैनी, कृति उपाध्याय, तनिका शर्मा और याना वर्मा का जिला क्रिकेट संघ दौसा के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि राजस्थान की किसी आयु वर्ग की टीम में दौसा जिले की चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

खिलाडियों का राजस्थान की टीम में चयन होने पर सम्पूर्ण जिले के क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों मै खुशी की लहर है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने भी इस चयन को गौरवशाली बताया और चारों खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी। साथ ही कहा कि जिले के किसी भी खिलाड़ी को कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। खिलाड़ी सिर्फ़ अपने खेल पर मेहनत करें। ।दौसा जिले की टीम में अब केवल जिले के खिलाड़ियों को ही शामिल करते है। दौसा जिले के बाहर के खिलाड़ियों को पहली बार टीम से बाहर किया गया है जो टीम में अधिकांश खिलाड़ी बाहर के होते थे ।

उपाध्याय ने बताया कि ये सच है हमारे जिले के खिलाड़ियों की पहले परफॉर्मेंस कमजोर रही थी परंतु अब खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस में निरंतर सुधार हो रहा है और प्रत्येक फॉर्मेट में दौसा जिले से राजस्थान टीम में खिलाड़ी खेल रहे है जो हम सभी दौसावासियों के लिए गर्व की बात है।

## राष्ट्रीय खेल : वॉलंटियर रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 30 हजार पहुंचा

देहरादून, 1 जनवरी। 38वें राष्ट्रीय खेलों के बहाने उत्तराखंड वॉलंटियरों का डाटा बेस तैयार करने में जुट गया है। जिस तरह से राज्य में बड़े आयोजनों का माहौल बनने लगा है, खेल विभाग ने इसके लिए आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इन दिनों राष्ट्रीय खेलों के संबंध में वॉलंटियर के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। राष्ट्रीय खेलों के दौरान, वॉलंटियर बनने के लिए लोगों का उत्साह बरकरार है।

## सिडनी में होगा पिंक टेस्ट

### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने फोटोशूट कराया, मैक्ग्रा फाउंडेशन के सपोर्ट में पिंक कैप पहनते हैं खिलाड़ी

सिडनी, 1 जनवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बुधवार को सिडनी स्टेडियम में पिंक कैप पहनकर फोटोशूट कराया। इस मैच को पिंक टेस्ट कहा जाता है। दरअसल, 2009 से सिडनी में खेला जाने वाला साल का पहला टेस्ट पिंक टेस्ट कहलाता है। यह टेस्ट पिंक बॉल से नहीं, रेड बॉल से ही खेला जाता है। पिंक बॉल का इस्तेमाल सिर्फ डे-नाइट टेस्ट में होता है। हालांकि, पिंक टेस्ट में स्टंप से लेकर खिलाड़ियों के ग्लव्स, बैट ग्रिप, ब्रांड लोगो, होर्डिंग, कैप और दर्शकों का पहनावा सब कुछ पिंक-पिंक ही नजर आता है। पिंक टेस्ट का नाता पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा और उनकी पत्नी जेन से जुड़ा है। टेस्ट मैच के तीसरे दिन को जेन मैक्ग्रा डे के नाम से जाना जाता है। जेन का 2008 में ब्रेस्ट कैंसर की वजह से निधन हुआ था।

## अलेक्जेंडर जेवरेव मांसपेशियों के कारण यूनाइटेड कप से हटे

पर्थ, 1 दिसंबर। जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर जेवरेव मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बुधवार को यूनाइटेड कप से हट गये है। जेवरेव आज आखिरी समय में अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ होने वाले मैच से अपना नाम वापस ले लिया। जेवरेव की जगह मैदान में उतरे डैनियल मसूर को शेवचेंको ने 6-7 (5), 6-2, 6-2 से हराकर कजाखस्तान को जीत दिलाई। मैच के बाद शेवचेंको ने कहा, यहां निश्चित रूप से गर्मी की समस्या थी। मुझे थोड़ा सिरदर्द हो रहा था, मेरा सिर घूम रहा था। यह मैच संघर्षपूर्ण था। इस गर्मी में खेलना बहुत कठिन था।

## वालीबॉल टीम के लिए दोबारा चयन क्यों : कश्यप

शिमला, 1 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि खेलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए तथा अब ऐसी क्या नौबत आन पड़ी है कि वॉलीबॉल के सीनियर नेशनल टीम का चयन दोबारा करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

कश्यप ने कहा कि अगर प्रदेश में वालीबाल के सीनियर नेशनल टीम के लिए चयन हो चुका है जिसका आयोजन जयपुर में सात से 13 जनवरी को होने जा रहा है, तो अब ऐसी क्या नौबत आन पड़ी है कि इस टीम का चयन दोबारा करवाने का प्रयास किया जा रहा है। पांच जनवरी को इस टीम नेशनल खेलने जाना है । अभी तो इस टीम का कैंप भी नहीं लगा और सरकार कही ना कही इस टीम को बदलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान टीम का चयन हिमाचल प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से बड़े बड़े खिलाड़ियों द्वारा किया गया है, जिसमें अर्जुन अवॉर्ड जीतने वाले संजय फोगाट जो आने वाले समय में भारतीय टीम की भी सिलेक्शन करेंगे वह इस चयन एंड हॉक समिति के आब्जर्वर थे। साथ अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच जम्मू कश्मीर से मोहम्मद तारीख एवं अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रणवीर सिंह थे। इस चयन समिति में एक भी कोच हिमाचल प्रदेश का नहीं था तो तुष्टिकरण का सवाल पैदा ही नहीं होता है।

उन्होंने कहां की इसी समिति ने राज्य खेलों के लिए महिला टीम का भी चयन किया है उसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं है पर बॉयज टीम से क्या दिक्कत है इस बात को सरकार द्वारा स्पष्ट करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसा इतिहास में पहली बार हुआ है कि की चयन होने के बाद फिर टीम का दोबारा चयन करने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि चयनित टीम में मंडी के दो, ऊना के चार, बिलासपुर के एक, रोहड़ू के चार, सिरमौर के एक और जुब्बल के दो बच्चों का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि इस चौनल प्रक्रिया में कल 80 बच्चों ने ट्रायल दी जिसमें से 14 का चयन हुआ और पांच बच्चे स्टैंड बाय टीम में हैं। सवाल यह भी खड़ा होता है कि लिस्ट आउट होने के बाद भी चयन फिर क्यों करवाए जा रहे है ? जब एडहॉक समिति ने चयन कर किया है तो अब चयन क्या लोकल कोच करेंगे?



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष पर मोतीडूंगरी गणेश मन्दिर में दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की।*

# मुख्यमंत्री करेंगे हजार करोड़ से अधिक के एम.ओ.यू. की मासिक समीक्षा

## सौ से हजार करोड़ के एम.ओ.यू. की समीक्षा मुख्य सचिव तथा सौ से नीचे की विभागीय सचिव करेंगे

जयपुर, 1 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन विज़न एवं रोडमैप के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में कार्यकाल के पहले ही वर्ष में राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल आयोजन के बाद हस्ताक्षिरत हुए एमओयू के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने त्रि-स्तरीय समीक्षा व्यवस्था की पहल की है।

एमओयू की त्रि-स्तरीय समीक्षा व्यवस्था के अनुसार, एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू की समीक्षा मुख्यमंत्री स्तर पर मासिक रूप से की जाएगी। वहीं, 100 करोड़ से लेकर 1 हजार करोड़ रुपये तक की राशि वाले एमओयू की समीक्षा मुख्य सचिव स्तर पर पाक्षिक रूप से की जाएगी।

- **राइज़िंग राजस्थान में प्रदेश में निवेश के लिये हुए एम.ओ.यू. को धरातल पर उतारने के लिये राज्य सरकार ने तीन स्तरीय समीक्षा व्यवस्था बनाई है।**
- **राइज़िंग राजस्थान के तहत 261 एम.ओ.यू. 1,000 करोड़ रूपए से अधिक की राशि के हैं। सौ से एक हजार करोड़ रूपए के एम.ओ.यू. की संख्या 1,678 है। सौ करोड़ तक के कुल 9,726 एम.ओ.यू. हुए हैं।**

साथ ही, 100 करोड़ रुपये से कम राशि वाले एमओयू की समीक्षा विभागीय सचिव स्तर पर साप्ताहिक रूप से की जाएगी।

राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत कुल 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए थे, जिनमें से लगभग 32 लाख करोड़ रुपये के 261 एमओयू एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले हैं। इसी तरह, 100 करोड़ से अधिक एवं 1 हजार करोड़ रुपये से कम की राशि वाले एमओयू की संख्या 1 हजार 678 तथा इनकी कुल राशि साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

साथ ही, 100 करोड़ रुपये तक के एमओयू की संख्या 9,726 तथा इनकी कुल राशि लगभग 90 हजार करोड़ रूपए है।

उल्लेखनीय है कि 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में मुख्यमंत्री ने हस्ताक्षिरत हुए एमओयू की प्रगति-रिपोर्ट दिसंबर 2025 में प्रदेशवासियों के सामने रखने की घोषणा करते हुए, अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी थी। इस दिशा में त्रि-स्तरीय समीक्षा व्यवस्था की पहल कारगर साबित होगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने प्रदेश के विकास के लिए पूजा की

डीग/जयपुर, 1 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष 2025 के प्रथम दिन बुधवार को डीग के श्रीनाथ जी मन्दिर, मुकुट मुखारविंद मन्दिर तथा जयपुर के मोतीडूंगरी गणेश मन्दिर में दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की। इस सबमें उनकी धर्मपत्नी भी साथ में थीं। शर्मा डीग जिले के श्रीनाथ जी मन्दिर में मंगला आरती में शामिल हुए, उसके बाद उन्होंने मुकुट मुखारविंद मन्दिर में श्री गिरिराज जी का दुग्धाभिषेक किया तथा विधिवत पूजा-अर्चना की।

- **उन्होंने पूंछरी का लौठा में श्रीनाथ जी मंदिर व मुकुट मुखारविंद मंदिर तथा जयपुर में मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में पूजा-अर्चना की।**

इस अवसर पर, भरतपुर रेंज आई जी राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डीग संतोष कुमार मीणा सहित, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। इसके बाद, मुख्यमंत्री जयपुर पहुंचे और मोतीडूंगरी गणेश मन्दिर गए, जहाँ उन्होंने भगवान गणेश की पूजा की। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म सहित, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### ‘भाजपा ने मेरे ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के बाद देखा गया था। "इन नये वोटरों को कौन लाया था? इस प्रश्न का कोई जवाब नहीं है। ऐसा ही खेल वे इस बार खेलने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा कह रही है कि जो लोग अब दिल्ली में नहीं रहते, जो लोग मर गये हैं, उनके नाम सूची में क्यों हों?"

केजरीवाल ने अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि वे भाजपा के हुक्म पर अनियमितताएं नहीं करें। "मैं अधिकारियों से कहना चाहता हूं, आप लोगों पर गलत काम करने के लिए दबाव डाला जायेगा, लेकिन याद रखिये, कागजात पर आप हस्ताक्षर करेंगे, और वे हस्ताक्षर बने रहेंगे।

आज या कल, सरकार बदलेगी, लेकिन फाइलें और हस्ताक्षर बने रहेंगे। नियम-कानून के अनुसार काम करना, वरना आप संकट में पड़ जायेंगे। आदेश देने वाले लोग तो बच कर निकल जायेंगे।"

आप नेता ने भागवत को सितम्बर में भी एक पत्र लिखा तथा भाजपा और उसके नेतृत्व संबंधित पांच सवाल उनसे पूछे थे। पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों, एन डी ए सरकार द्वारा अपने राजनैतिक प्रतिद्वन्द्वियों को निशाना बनाने के लिए केन्द्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर सवाल उठाये गये थे।

### अब फ्लाइट में मिलेगा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होगा। इसी के साथ ही तमाम भारतीय एयरलाइंस में एयर इंडिया पहली एयरलाइंस बन गई है, जिसने अपनी फ्लाइट में वाई-फाई सर्विस शुरू कर दी है। एयर इंडिया ने बताया कि शुरूआत में यह सर्विस उसके 300 से अधिक एयरक्राफ्ट के बेड़े में से कुछ ही एयरक्राफ्ट में शुरू की गई है। इनमें सभी छह ए-350, सात बोइंग-787-9 और 10 ए-321 नियो में से चुनिंदा प्लेन में। एयर इंडिया के बेड़े में अभी 10 ए-321 नियो एयरक्राफ्ट हैं।

# जीवित नहीं निकल पाई 3 साल की चेतना बोरवैल से

## समानांतर सुरंग खोदकर 170 फीट नीचे से 10 दिन बाद शव निकाल पाई एन.डी.आर.एफ. टीम

कोटपूतली 01 जनवरी (निस)। कोटपूतली में बोरवेल में फंसी चेतना चौधरी (3) को 170 फीट गहरे गड्ढ़े से दस दिन बाद बाहर निकाला, हालांकि बच्ची की जान नहीं बचाई जा सकी। एनडीआरएफ की टीम ने बोरवेल के समानांतर एक सुरंग खोदकर बच्ची को बाहर निकाला। एनडीआरएफ राजस्थान के चीफ योगेश मीणा ने कहा कि बच्ची को अचेत अवस्था में निकाला गया है, जब उसे निकाला गया, तब उसके शरीर में कोई मूवमेंट नहीं था। बुधवार शाम 6 बजकर 25 मिनट पर तीन साल की चेतना को बोरवेल से बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ के जवान महावीर जाट सफेट कपड़े में लपेटकर चेतना को बाहर लेकर आए। इसके तुरंत बाद चेतना को एंबुलेंस से कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल ले जाया गया, जांच के बाद डॉक्टर्स की टीम ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। चेतना 23 दिसंबर को किरतपुरा के बड़ियाली की ढाणी में 700 फीट गहरे बोरवेल में गिरी थी। इससे पहले भी उसे निकालने की 5 से ज्यादा कोशिश फेल हुईं थीं। पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर प्रशासन की प्लानिंग पर भी सवाल उठते रहे। बोरवेल में फंसी चेतना करीब 8 दिन से कोई मूवमेंट नहीं कर रही थी।

- **एन.डी.आर.एफ. के जवानों ने बताया कि चेतना की बॉडी मिट्टी के बीच फंसी थी। अंगुली से उसकी बॉडी के आस-पास से मिट्टी हटाई, फिर उसे बाहर निकाल सके।**
- **चेतना जब गिरी थी तब 25 फीट पर अटकी हुई थी। परिजनों ने जोखिम को अनदेखा कर अपने स्तर पर ही रस्सी डालकर निकालने का प्रयास किया। आशंका है हाथ ऊपर करने से चेतना फिसल कर 80 फीट गहराई तक चली गई थी।**

रेस्क्यू ऑपरेशन करने वाले एनडीआरएफ के जवानों ने बताया कि चेतना की बॉडी मिट्टी के बीच फंसी हुई थी। बोरवेल में घुसने के बाद अंगुली से उसकी बॉडी के आसपास से मिट्टी हटाई। फिर उसे बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कई तरह की दिक्कतें आ रही थीं। पत्थर उछलकर आंखों पर आ रहे थे। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। लेटकर पत्थर तोड़ने पड़े थे। जहां बच्ची फंसी हुई थी, वहां से बोरवेल मुड़ा हुआ था। बच्ची नीचे जाते-जाते वहां फंस गई थी।



*मृत बालिका चेतना*

जब चेतना बोरवेल में गिरी, तब वह महज 15 फीट पर अटकी हुई थी। परिजनों ने जोखिम को अनदेखा कर बोरवेल में रस्सी डालकर अपने लेवल पर ही उसे बाहर निकालने का प्रयास किया। आशंका है कि हाथ ऊपर करने से बोरवेल की दीवारों और चेतना के बीच गैप बन गया। इससे वो फिसल कर करीब 80 फीट गहराई तक चली गई।

दोपहर 2 बजे स्थानीय प्रशासन को हादसे की जानकारी मिल गई थी। बावजूद इसके, आधे घंटे बाद एसडीआरएफ-एनडीआरएफ को बुलाने का कॉल लिया गया। पौने 3 घंटे बाद, यानी 5.15 बजे के करीब एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। तब तक मासूम फिसलकर तकरीबन 150 फीट गहरे गड्ढे तक पहुंच गई थी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीमें 2 घंटे के भीतर पहुंच जाती, तो शायद 80 फीट पर ही चेतना को होल्ड किया जा सकता था।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि इस रेस्क्यू ऑपरेशन में प्रशासन तथा रेस्क्यू टीमों को बहुत अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ा। ऑपरेशन में 170 फीट लंबी गहरी खुदाई, विपरीत मौसम, ऑपरेशन के दौरान बारिश होना, सुरंग के अंदर नमी, तापमान अधिक होना, जैसी अनेकों समस्याओं का सामना करते हुए रेस्क्यू टीम ने आज बच्ची को रेस्क्यू किया।

### यूक्रेन ने यूरोप को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व्यवस्था से अक्सर अड़चन आ जाती है। हाल ही में यूरोप वैकल्पिक रूट के लिए विचार कर रहा है।

ऐसा ही एक वैकल्पिक रूट तुर्की से होकर गुजरता है जो यूक्रेन रूट की तुलना में दक्षिणी की ओर ज्यादा है। वैकल्पिक मार्ग के साथ एक समस्या यह भी है कि वे ज्यादा लम्बे हैं।

### तहव्वुर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

था। हालांकि, कोर्ट ने भारत में किए गए हमलों के आरोपों को खारिज कर दिया लेकिन माना कि वह मुंबई आतंकी हमले की साजिश में शामिल रहा था, और उसे भारत प्रत्यर्पण किया जाना चाहिए।

### केजरीवाल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। त्रिवेदी ने एक प्रैस कॉन्फ्रेंस में कहा, "आर.एस.एस. और उससे सम्बद्ध संगठनों से सेवा-भावना सीखनी चाहिए तथा अपने राजनैतिक उद्देश्यों को पीछे छोड़ दीजिये।"

## जलगांव में दो गुटों में हिंसा

जलगांव, 01 जनवरी। महाराष्ट्र के जलगांव के पारधी में 31 दिसंबर की रात मंत्री गुलाब राव पाटिल के समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद भीड़ ने 6 गाड़ियों और 15 दुकानों में आग लगा दी। देर रात फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। इसके बाद जलगांव में 2 जनवरी की सुबह 6 बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है।

प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पलाढ़ी गांव में 31 दिसंबर की रात पथराव और आगजनी की घटना हुई है। कथित तौर पर मंत्री गुलाबराव पाटिल के परिवार को ले जा रहे वाहन के ड्राइवर द्वारा हॉर्न बजाने से विवाद पैदा हुआ। इसके बाद पलाढ़ी गांव के कुछ युवक और शिवसेना के कुछ कार्यकर्ता चिल्लाने लगे। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने पलाढ़ी गांव में पथराव और आगजनी की।

पुलिस ने इस घटना के बारे में कहा है कि बहस मौके पर ही खत्म हो गई थी। हालांकि, लेकिन बाद में इलाके के कुछ लोग गांव के चौराहे पर गए और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद एक और समूह वहां पहुंचा, जिसके बाद झड़पें शुरू हो गईं। पुलिस ने कहा है कि स्थिति अब नियंत्रण में है।

# इस वर्ष सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर जोर रहेगा

नई दिल्ली, 01 जनवरी। रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों को एक साथ कई क्षेत्रों में संचालन में सक्षम बनाना और उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस लड़ाकू सेना बनाना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, सुधारों और प्रगति की समीक्षा के लिए नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मंत्रालय के सभी सचिवों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सिंह ने विश्वास जताया कि यह सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा, यह देश की रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखेगा, इस प्रकार 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करने की तैयारी करेगा। सुधारों का उद्देश्य संयुक्तता और एकीकरण पहल को और मजबूत करना और एकीकृत थिएटर कमान की स्थापना को सुविधाजनक बनाना होगा। रक्षा मंत्रालय ने 2025 में साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए डोमेन और

- **रक्षा मंत्रालय के सभी सचिवों की बैठक में राजनाथ सिंह ने घोषणा की।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक्स और रोबोटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित, केन्द्रित हस्तक्षेप के लिए व्यापक क्षेत्रों की पहचान की है। इसके अलावा, भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए आवश्यक संबंधित रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं भी विकसित की जाएंगी।

एक अन्य क्षेत्र, जिसकी पहचान की गई है, वह है अधिग्रहण प्रक्रियाएं, जिन्हें तेज और मजबूत क्षमता विकास की सुविधा के लिए सरल और समय-संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है।

रक्षा क्षेत्र और नागरिक उद्योगों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान साझा करने को सुविधाजनक बनाने, व्यापार करने में आसानी में सुधार करके सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

सरकार रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग, अक्षमताओं को खत्म करने और संसाधनों को अनुकूलित करने के लिए प्रभावी नागरिक-सैन्य समन्वय पर भी ध्यान केन्द्रित करेगी।

एक अन्य फोकस क्षेत्र, भारत को रक्षा उत्पादों के एक विश्वसनीय निर्यातक के रूप में स्थापित करना, ज्ञान साझा करने और संसाधन एकीकरण के लिए भारतीय उद्योगों और विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं के बीच अनुसंधान और विकास और साझेदारी को बढ़ावा देना भी होगा।

इस वर्ष के दौरान, पूर्व सैनिकों के कल्याण पर भी ध्यान केन्द्रित किया जायेगा और उनकी विशेषज्ञता का लाभ उठाया जाएगा। सरकार उनके लिए कल्याण उपायों के अनुकूलन की दिशा में भी काम करेगी। इसके अलावा, सरकार सांस्कृतिक गौरव और विचारों पर भी ध्यान केंद्रित करेगी, स्वदेशी क्षमताओं के माध्यम से वैश्विक मानकों को प्राप्त करने में विश्वास को बढ़ावा देगी।

## कश्मीर में जैश के चार सहयोगी पकड़े

श्रीनगर, 01 जनवरी। जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा उप-जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चार आतंकवादी सहयोगियों की पहचान कर ली है।

ये हैं त्राल पाईन के मुदासिर अहमद नाइक, कुचमुल्ला के उमर नजीर शेख, त्राल पाईन के इनायत फिरदौस राथर और कौंसरबल त्राल निवासी नजीर अहमद लोन।

एक पुलिस बयान में कहा गया, गिरफ्तार किए गए सभी आतंकवादी सहयोगी त्राल और अवंतीपोरा इलाकों में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जेईएम के सक्रिय आतंकवादियों को रसद सहायता और हथियारों और गोला-बारूद के परिवहन में शामिल थे।

इसमें कहा गया है कि उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्रियां भी बरामद की गईं। त्राल थाना में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# आठ पाकिस्तानियों को बीस साल की सजा सुनाई

## इन्हें गुजरात तट पर 232 किलो हेरोइन के साथ 2015 में पकड़ा गया था

मुंबई, 01 जनवरी। महाराष्ट्र में मुंबई की एक विशेष अदालत ने बुधवार को आठ पाकिस्तानी नागरिकों को 2015 में गुजरात तट से मछली पकड़ने वाली नाव पर 232 किलोग्राम हेरोइन ले जाने के मामले में दोषी करार देते हुए 20 साल के कारावास की सजा सुनाई।

विशेष न्यायाधीश एस ई बांगर ने आठों आरोपियों को स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दोषी पाया। दोषियों की पहचान अलीबक्शा खश्केली सिंधी, मकसूद अख्तर यूसुफ मसिम, मोहम्मद बख्श नाथो, मोहम्मद अहमद मोहम्मद इनायत, मोहम्मद यूसुफ अब्दुल्ला गगवानी, मोहम्मद यूनुस हाजी मोहम्मद सुमार सिंधी, मोहम्मद गुलहसन मौलाबख्श बलूच सिंधी और गुलहसन मोहम्मद सिद्दीक सिंधी के रूप में हुई है। सभी दोषी पाकिस्तानी नागरिक हैं।

- **मछली पकड़ने वाली नाव के साथ पकड़े गये पाकिस्तानी नागरिक 10 साल जेल में बिता चुके हैं। उन्हें 10 साल और सजा भुगतनी होगी।**

इन सभी को 2015 में गिरफ्तार किया गया था। उस समय से ये लोग जेल में बंद हैं, इसलिए उस अवधि को ध्यान में रखा जाएगा और अब उन्हें जेल में और दस साल बिताने होंगे। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले में आरोपियों ने मछुआरे होने का दावा किया था, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि उनकी नावों में हेरोइन के पैकेट क्यों थे। वहीं, इन लोगों के पास तीन सैटेलाइट फोन थे, जिनका इस्तेमाल भारत या पाकिस्तान के नागरिकों को करने की अनुमति नहीं है और नाव पर जीपीएस दिशासूचक चार्ट पाए गए थे, जिससे पता चलता है कि वे भारत जा रहे थे। अदालत ने इस आधार पर मामले में बरी करने की बचाव पक्ष की याचिका को भी खारिज कर दिया कि मुंबई पुलिस के पास इस मामले को संभालने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है, क्योंकि जब्ती अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुई थी। अदालत ने कहा कि इस मामले में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के अनुसार, उचित प्रक्रिया का पालन किया गया था।

अभियोजन पक्ष ने कहा था कि जिस क्षेत्र में गिरफ़्तारी हुई, वह समुद्री अधिनियम और नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ़ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान अपनाए गए प्रस्ताव के अनुसार विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

### केन्द्र ने फसल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भी कम होगी।सरकार ने फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए 4 करोड़ और किसानों को इसमें शामिल करने का फैसला किया है। इससे अधिक किसानों को फसल नुकसान के समय आर्थिक सहायता मिल सकेगी। सरकार ने डीएपी खाद पर 3,850 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला किया है। इससे किसानों को 50 किलो का डीएपी बैग 1,350 रुपये में मिलता रहेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी की कीमतों में वृद्धि के बावजूद सरकार ने यह फैसला किसानों को राहत देने के लिए किया है। सरकार ने किसानों के लिए कुल 69,515 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। इस वृद्धि का बोझ किसानों पर न पड़े, इसलिए सरकार ने अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला किया है

# भारत-पाकिस्तान परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी

नयी दिल्ली, 01 जनवरी। भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को एक-दूसरे की हिरासत में बंद कैदियों-नागरिकों और मछुआरों- की सूचियों तथा एक-दूसरे के क्षेत्र में परमाणु प्रतिष्ठानों तथा सुविधाओं की सूचियों का आदान-प्रदान किया। कैदियों की सूचियों का आदान-प्रदान, राजनयिक चैनलों के माध्यम से और एक साथ नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में, राजनयिक संपर्क पर 2008 के द्विपक्षीय समझौते के प्रावधानों के अनुसार हर साल एक जनवरी और एक जुलाई को किया जाता है।

वहीं, परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूचियों का आदान-प्रदान भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु स्थापना और सुविधाओं के खिलाफ हमले के निषेध पर समझौते के तहत किया गया है, जिस पर 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और 27 जनवरी 1991 को यह लागू हुआ था। समझौते में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान पहली जनवरी को अपने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों एवं सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करेंगे। बयान में कहा गया है कि यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 34वां आदान-प्रदान है, पहला आदान-प्रदान एक जनवरी 1992 को हुआ था।

- **वर्ष 2008 के समझौते के अनुसार, हर वर्ष जनवरी व जुलाई में इन सूचियों का आदान-प्रदान होता है।**

एक सरकारी बयान के अनुसार, भारत ने अपनी हिरासत में बंद 381 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों के नाम साझा किए हैं, जो पाकिस्तानी हैं या पाकिस्तानी माने जाते हैं।

बयान में कहा गया है कि इसी तरह पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में मौजूद 49 नागरिक कैदियों और 217 मछुआरों के नाम साझा किए हैं, जो भारतीय हैं या जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों, मछुआरों और उनकी नौकाओं तथा लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आव्हान किया है।

पाकिस्तान से उन 183 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी में तेजी लाने को कहा गया है, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। इसके अलावा, पाकिस्तान को पाकिस्तान की हिरासत में मौजूद 18 नागरिक कैदियों और मछुआरों को तत्काल राजनयिक संपर्क प्रदान करने के लिए कहा गया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं और अब तक उन्हें राजनयिक संपर्क प्रदान नहीं की गई है।

पाकिस्तान से सभी भारतीय और भारतीय माने जाने वाले नागरिक कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है, जब तक कि उनकी रिहाई और भारत में वापसी नहीं हो जाती।

भारत एवं पाकिस्तान एक-दूसरे के देश में कैदियों और मछुआरों से संबंधित मामलों सहित, सभी मानवीय मामलों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बजट 2025-26 में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कम करने के लिए फेसलैस एसैसमैंट सिस्टम लाना शामिल हैं, जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा। इन परिवर्तनों से व्यवसायों में भरोसा बढ़ेगा।

भारत में एफ.डी.आई. का प्रवाह हालिया वर्षों में लगातार बढ़ा है और आगामी बजट में ऐसे कदम उठाए जाएंगे कि प्रवाह की ये गति कायम रहे। इससे मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन मिलेगा। निर्माण इकाइयां लगाई जाएंगी और यातायात का इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर बनेगा।

इसके अलावा, सरकार अक्षय ऊर्जा, ई-वाहन व अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहन दे सकती है। भारत के तेजी से बढ़ते खुदरा बाज़ार और ई-कॉमर्स सैक्टर में एफ.डी.आई. के नियमों में छूट दी जा सकती है, ताकि अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियां इस क्षेत्र में प्रवेश कर सके।

टैक्नॉलजी और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के एफ.डी.आई. के प्रमुख क्षेत्र बने रहने की संभावना है। सरकार अतिरिक्त कर लाभ या स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन का प्रस्ताव दे सकती है, आर्टिफिशियल इन्टैलीजैंस, ब्लॉक चेन और क्लाउड कम्प्यूटिंग में। इन कदमों से भारत को तकनीकी नवाचार में ग्लोबल लीडर बनने में मदद मिलेगी।

रक्षा क्षेत्र, एयरोस्पेस और ई-कॉमर्स में एफ.डी.आई. की मंजूरी की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए कुछ कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा, इंटैलेक्युअल प्रॉपर्टी राइट्स प्रोटैक्शन को मजबूत बनाने से भारत विदेशी निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थान बन जाएगा, खासकर टैक्नॉलजी क्षेत्र में।

कायदे-कानूनों का सरलीकरण करने और डिजिटल शासन से सरकार को बिज़नैस वातावरण और बेहतर बनने की उम्मीद है और इससे एक पारदर्शी और प्रभावी इकोसिस्टम तैयार होगा, जिसमें नौकरशाही बाधाएं कम होंगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908